CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 22°C

देहरादून, शुक्रवार 22 अगस्त 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 14 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 27 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



130वें संविधान संशोधन बिल से बसपा ने किया किनारा पेज 2



एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच को हरी झंडी खेल टाइम्स



खंडहरों में फलस्तीन: युद्ध की असहनीय कीमत सम्पादकीय



भारत नहीं, चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार:जयशंकर पेज 12

### रुद्रप्रयाग में भूस्खलन, बद्रीनाथ-गंगोत्री हाईवे बंद

**नई दिल्ली।** देश के पश्चिमी हिस्से महाराष्ट्र और गुजरात में बारिश के कारण जन-जीवन प्रभावित हुआ है। दोनों राज्यों में गुरुवार को रेड अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में यमुना के कारण कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। 40 गांव अलर्ट पर हैं। मथुरा में यमुना नदी कटान के बाद अपना मूल रास्ता छोड़कर 2 किमी दूर बह रही है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लैंडस्लाइड के कारण बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है। गंगोत्री हाईवे धरासू पुराना थाना और सोनागढ़ के पास ब्लॉक है। यमुनोत्री हाईवे भी नारदचट्टी के पास बंद है। कुथनौर में ट्रैफिक शुरू हो गया है। बाकी जगहों पर मलबा हटाने का काम जारी है। इधर, गुजरात के तटीय जिलों में बुधवार को भारी बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए। जूनागढ़ जिले में 12 घंटों में 331एमएम बारिश हुई। एनडीआरएफ ने पोरबंदर जिले के एक स्कूल में फंसे 46 बच्चों और 4 टीचर्स को बचाया।

### भ्रामक विज्ञापन देने पर रैपिडो पर 10 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने यहां गुरुवार को रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (रैपिडो) पर भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने और अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए 10 लाख रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। प्राधिकरण ने यह कार्रवाई उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए किया है। सीसीपीए ने इसके साथ ही ऑनलाइन कैब व बाइक राइड बुक करने वाले प्लेटफॉर्म रैपिडो को यह सुनिश्चित करने को भी कहा है कि 5 मिनट में ऑटो या 50 रुपये प्राप्त करें ऑफर वाली योजना में शामिल उपभोक्ताओं को वायदे के मुताबिक अगर 50 रुपये मुआवजा नहीं मिला है, तो उन्हें बिना किसी देरी के पूरी राशि दी जाए।

### सतीश गोलचा दिल्ली पुलिस के नए आयुक्त नियुक्त किए गए

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी सतीश गोलचा को दिल्ली का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर कहा कि सक्षम अधिकारी की मंजूरी से श्री गोलचा को दिल्ली का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति कार्यभार संभालने के दिन से प्रभावी होगी। श्री गोलचा को श्री एसबीके सिंह के स्थान पर यह जिम्मेदारी दी गई है। होम गार्ड के महानिदेशक श्री सिंह को इसी महीने एक तारीख को दिल्ली पुलिस के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। श्री गोलचा 1992 बैच के पुलिस अधिकारी हैं और अभी महानिदेशक (जेल) के पद पर कार्यरत हैं।

### NIAने तमिलनाडु में नौ ठिकानों पर छापे मारे

**नई दिल्ली।** एनआईए ने 2019 के रामलिंगम हत्याकांड के सिलसिले में तमिलनाडु में नौ ठिकानों पर छापे मारे और प्रतिबंधित पीएफआई आतंकी संगठन से संबंधित एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# भारत आज भी अंतरिक्ष से सारे जहां से अच्छा दिखता है

## देश के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन के अनुभव साझा किए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन के अपने अनुभव को अविश्वसनीय बताते हुए गुरुवार को कहा कि भारत आज भी अंतरिक्ष से 'सारे जहां से अच्छा' दिखता है।

यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में वायुसेना में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि उन्होंने अंतरिक्ष में सबसे ज्यादा घर के खाने को मिस किया। उन्होंने देश के बच्चों के लिए संदेश भी दिया कि उन्हें खुद पर भरोसा रखना चाहिए कि वे भी अंतरिक्ष में जा सकते हैं। श्री शुक्ला ने अंतरिक्ष यात्रा के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह वास्तव में अविश्वसनीय था। प्रशिक्षण के दौरान आप खुद को तैयार करते हैं, लेकिन वास्तविक अनुभव अलग होता है। उन्होंने बताया कि यह बेहद सफल मिशन रहा और सारे उद्देश्य पूरे हो गए। वायुसेना में टेस्ट पायलट शुक्ला ने अपने 18 दिन के प्रवास के दौरान अंतरिक्ष में सात तरह के प्रयोग किए। उन्होंने कहा कि इस दौरान काफी कुछ जानने और सीखने को मिला, जो देश के गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष में जाने के बाद पहले तीन-चार दिन अच्छा नहीं लगा, लेकिन उसके बाद सामान्य लगने लगा। तीसरे -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ शुभांशु शुक्ला का बच्चों को संदेश- खुद पर भरोसा रखें वे भी अंतरिक्ष में जा सकते हैं

### राजनाथ सिंह से मिले ग्रुप कैप्टन शुक्ला

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने गुरुवार को यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उनके साथ अंतरिक्ष में अपने अनुभव तथा उपलब्धियां साझा की।

श्री सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला को बधाई दी और उनके सफल मिशन को भारत के अंतरिक्ष में मानव मिशन की यात्रा में मील का पत्थर बताया। रक्षा मंत्री ने अंतरिक्ष स्टेशन में ग्रुप कैप्टन शुक्ला द्वारा किए गए प्रयोगों की सफलता का उल्लेख करते हुए भारत की अंतरिक्ष अनुसंधान और अन्वेषण क्षमताओं को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी प्रेरणादायक यात्रा युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अन्वेषण में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी। श्री सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला के साथ मुलाकात के बाद एक्स पर इसकी जानकारी साझा की।

### असम में 18+उम्र वालों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा

**दिसपुर।** असम में 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि असम कैबिनेट ने अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता से रोकने के लिए यह फैसला लिया है। सीएम हिमंत ने बताया कि राज्य में 18 साल से अधिक उम्र के जिन लोगों के पास अभी तक आधार कार्ड नहीं हैं, उन्हें आवेदन के लिए एक महीने का समय दिया जाएगा। अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और चाय जनजाति के 18+ आयु वाले एक साल तक आधार कार्ड बनवा सकेंगे।

# न्यायिक आतंकवाद से बचें कोर्ट

## राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए विधेयक को मंजूरी देने की समयसीमा तय करने के मामले में सीजेआई की बेबाक टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए विधेयक को मंजूरी देने की समय सीमा तय करने के मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायिक सक्रियता, न्यायिक आतंकवाद नहीं बनना चाहिए।

सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने गुरुवार को लगातार तीसरे दिन भारत के राज्यपाल और राष्ट्रपति की तरफ से बिल को मंजूरी, रोक या रिजर्वेशन मामले की सुनवाई की। बेंच में सीजेआई के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और एएस चंदुरकर शामिल हैं। गुरुवार को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि निर्वाचित लोगों को काफी अनुभव होता है और उसे कमतर नहीं आंका जाना चाहिए। इस पर सीजेआई जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि हमने कभी भी निर्वाचित लोगों के बारे में कुछ नहीं कहा है। मैंने हमेशा कहा है कि न्यायिक सक्रियता, कभी भी न्यायिक आतंकवाद या न्यायिक रोमांच नहीं बनना चाहिए। तुषार मेहता ने अपने सबमिशन में सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया, जिसमें राज्यपालों की शक्तियों पर बात की गई। इस मामले पर सुनवाई लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। मेहता ने कहा कि निर्वाचित लोग सीधे तौर पर जनता का सामना करते हैं। अब लोग जनप्रतिनिधियों से सवाल करते हैं। 20-25 साल पहले हालात अलग थे। अब मतदाता जागरूक हैं और उन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राज्यपाल के पास मंजूरी रोकने का पूरा अधिकार है, जो उन्हें संविधान के अनुच्छेद 200 से मिला हुआ है।



हमने कभी भी निर्वाचित लोगों के बारे में कुछ नहीं कहा मैंने हमेशा कहा है कि न्यायिक सक्रियता, कभी भी न्यायिक आतंकवाद या न्यायिक रोमांच नहीं बनना चाहिए

### राज्यों को बातचीत करके विवाद निपटाने चाहिए: केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि अगर राज्यपाल विधेयकों पर कोई फैसला नहीं लेते हैं, तो राज्यों को कोर्ट की बजाय बातचीत से हल निकालना चाहिए। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान अदालतें नहीं हो सकतीं। लोकतंत्र में संवाद को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हमारे यहां दशकों से यही प्रथा रही है। मेहता ने आगे कहा कि मान लीजिए कि राज्यपाल विधेयकों पर विचार नहीं कर रहे हैं, तो राजनीतिक समाधान हैं, जिन्हें अपनाया जा सकता है। ऐसा हर जगह नहीं होता कि मुख्यमंत्री अदालत की ओर दौड़ पड़ते हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां बातचीत होती है, मुख्यमंत्री राज्यपाल से मिलते हैं, वे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से मिलते हैं और समाधान निकल आता है।

# ऑनलाइन गेमिंग बिल को राज्यसभा की मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग (संवर्धन एवं नियमन) विधेयक 2025 को गुरुवार को राज्यसभा ने विपक्ष के भारी शोर-शराबे के बीच पारित कर दिया। इसके साथ ही इस पर संसद के दोनों सदनों की मुहर लग गई है। लोकसभा ने इस विधेयक को बुधवार को इसी तरह हंगामे के बीच बिना बहस के पारित कर दिया था।

राज्यसभा में पहले स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे कार्यवाही पुनः शुरू हुई थी। विपक्षी दलों के सदस्यों और हंगामे के बीच ही उप सभापति हरिवंश की अनुमति से इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विधेयक के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए विधेयक को चर्चा और पारित कराने के लिए रखा। सदन ने विधेयक को सदन की प्रवर समिति के समक्ष भेजने और इसके कुछ उपबंधों में संशोधन के कुछ विपक्षी सदस्यों के प्रस्तावों को नामंजूर करते हुए इसे बिना बहस के ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस बीच नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीठ से शिकायत की -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ सदन ने विधेयक को सदन की प्रवर समिति के समक्ष भेजने के प्रस्तावों को किया नामंजूर

### संसद का मानसून सत्र खत्म, कुल 21 बैठकें हुई

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र 21 अगस्त को समाप्त हुआ। यह सत्र 21 जुलाई से शुरू हुआ था। पूरे सत्र में कुल 21 बैठकें हुईं। लोकसभा में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित था सिर्फ 37 घंटे ही चर्चा हो सकी। वहीं राज्यसभा में 41 घंटे चर्चा हुई। इस दौरान लोकसभा में 12 बिल और राज्यसभा में 15 बिल पास हुए। सबसे चर्चित बिल गिरफ्तार पीएम-सीएम और मंत्रियों को हटाने वाला संविधान संशोधन बिल रहा। इसे जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव पारित हुआ।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता को जेड सिक्योरिटी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को केंद्र सरकार ने जेड कैटेगरी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान की है। सीएम सिक्योरिटी में 22 से 25 हथियारबंद जवान 24 घंटे तैनात रहेंगे। गुप्ता और उनके आधिकारिक आवास की सुरक्षा अर्धसैनिक बल का वीआईपी सिक्योरिटी ग्रुप करेगा।

यह ग्रुप केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सोनिया-राहुल और प्रियंका गांधी की सुरक्षा में भी तैनात है। दरअसल, सीएम रेखा पर 20 अगस्त की सुबह करीब 8.15 बजे जनसुनवाई के दौरान एक शख्स ने हमला कर दिया। आरोपी गुजरात के राजकोट का रहने वाला राजेशभाई खमिजी है, जिसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया था।

■ 20+ हथियारबंद सीआरपीएफ जवान 24 घंटे तैनात रहेंगे

# खत्म होगा 12 व 28 % जीएसटी स्लैब

## केंद्र सरकार के प्रस्ताव को जीओएम ने किया स्वीकार

**नई दिल्ली।** सरकार जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) प्रणाली को और सरल बनाने की तैयारी कर रही है। हाल ही में जीओएम की बैठक हुई, जिसमें केंद्र द्वारा प्रस्तावित जीएसटी स्लैब को रिजनेबल बनाने के लिए सहमति बन गई है।

इस बैठक में राज्यों के वित्त मंत्रियों ने मौजूदा चार स्लैब को घटाकर केवल दो स्लैब रखने का समर्थन किया है। इसका मतलब है कि अब 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब खत्म हो जाएंगे और केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के स्लैब रहेंगे। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बनी इस छह सदस्यीय मंत्रिसमूह ने यह फैसला किया है कि जीएसटी की दरों को केवल दो स्लैब में बांटा जाएगा। इसमें अच्छी और आवश्यक वस्तुओं पर 5 प्रतिशत की दर लागू होगी, जबकि अधिकांश मानक वस्तुओं और सेवाओं पर 18 प्रतिशत का कर लगाया जाएगा। इसके अलावा लग्जरी वस्तुएं 40 प्रतिशत के स्लैब में रहेंगी। इस फैसले के बाद लगभग 99 प्रतिशत वस्तुएं जो पहले 12 प्रतिशत की दर पर थीं, अब 5 प्रतिशत के स्लैब में आ जाएंगी।

■ कांग्रेस का दावा नेता विपक्ष राहुल गांधी के दबाव के चलते सरकार ने लिया फैसला

# सुदर्शन रेड्डी ने नामांकन पत्र किया दाखिल



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को यहां गठबंधन के बड़े नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

श्री रेड्डी सुबह संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद राज्यसभा सचिवालय में महासचिव पीसी मोदी के कार्यालय में नामांकन करने के लिए पहुंचे। श्री मोदी इस चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी हैं। श्री रेड्डी ने चार सेटों में नामांकन पत्र दायर किया। प्रत्येक सेट पर उनके समर्थन में 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों ने हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, गठबंधन के वरिष्ठ नेता शरद पवार, रामगोपाल यादव और कई अनेक नेता भी मौजूद थे। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन का शुक्रवार को अंतिम दिन था। चुनाव में श्री रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से है। उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में मतदान 9 सितम्बर को होगा और मतों की गिनती उसी दिन शाम को कराई जाएगी।

■ उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितम्बर को होगा मतदान

# मानव रहित मिशन साल के अंत तक होगा लॉन्च

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के अपने अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है और इस साल के अंत तक पहला मानव रहित मिशन लॉन्च किया जाएगा, जबकि साल 2027 के आरंभ में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा।

इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि गगनयान मिशन की तैयारी का काम जोरशोर से चल रहा है। व्हीकल हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम, क्रू इस्केप सिस्टम और पैराशूट का विकास आदि समेत 80 प्रतिशत तैयारी पूरी कर ली गई हैं। शेष 20 प्रतिशत काम भी मार्च 2026 तक पूरे कर लिए जाएंगे। डा. नारायणन ने कहा कि इस साल की अंतिम तिमाही में, संभवतः दिसम्बर के आसपास, पहला मानव रहित मिशन जी-1 लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद साल 2027 में इसरो पहली बार मावन मिशन अंतरिक्ष में भेजेगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे और आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय बने। वह एक्सिओम-4 मिशन में पायलट के तौर पर आईएसएस पर गए थे। उन्होंने वहां अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष में खेती जैसे क्षेत्रों में सात प्रयोग किए और उनके इस अनुभव से गगनयान मिशन में काफी मदद मिलेगी।



■ भारत के अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी का 80 प्रतिशत काम पूरा, 2027 में जाएंगे अंतरिक्ष यात्री

### इसरो के वैज्ञानिकों ने बचाई थी अंतरिक्ष यात्रियों की जान

**नई दिल्ली।** एक्सिओम स्पेस के एएक्स-4 मिशन की लॉन्चिंग से पहले ऐन वक्त पर यदि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने हस्तक्षेप नहीं किया होता, तो यह 'विनाशकारी' हो सकता था और मिशन में शामिल सभी चार अंतरिक्ष यात्रियों की जान जा सकती थी।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएचआरसी ने जारी किया मेडिकल छात्र की मौत पर नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कहा कि उसने 9 अगस्त 2025 को कानपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 25 वर्षीय एक मरीज की मौत के मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। आयोग ने अपने एक बयान में कहा कि उसने घटना पर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने मीडिया में आई खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया, जिसमें कहा गया था कि अस्पताल और पुलिसकर्मियों के कुप्रबंधन के कारण समय पर और उचित उपचार के अभाव में युवक की मृत्यु हुई।

### श्रमिकों के अनाथ बच्चों के लिए मॉक टेस्ट कराएगा विभाग

**लखनऊ।** श्रम विभाग पहली बार अटल आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले श्रमिकों और कोविड में अपने मां बाप को खोने वाले बच्चों के लिए सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा से पहले मॉक टेस्ट कराएगा, जिससे समय से पहले ही बच्चे अपना आंकलन कर परीक्षा की तैयारी कर सकें। प्रदेश के 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण कराया गया है। इन विद्यालयों में श्रमिकों के बच्चे व कोविड के दौरान अपने मां बाप को खो चुके बच्चे पढ़ते हैं।

### भाजपा सरकार ने देश को पीछे धकेला

**इटावा।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा है कि केन्द्र की मौजूदा भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार देश का न सिर्फ बंटाधार करने में लगी है, बल्कि देश को विकास के मामले में काफी पीछे धकेल दिया गया है।

# व्हाट्सएप के जरिये लंबित चालानों का नोटिस भेजेगा परिवहन विभाग

**लखनऊ, वार्ता**

■ विभाग ने जारी किया 8005441222 नंबर

उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग अब वाहन कर्मियों को चालान नोटिस भेजने के लिए व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा (8005441222) का सहारा लेगा। इसके ज़रिए से प्राप्त किसी भी ई-चालान नोटिस की जांच कर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।

अधिकारियों की मानें तो फिलहाल परिवहन विभाग ने 2024-25 के लिए लंबित चालानों का भुगतान करने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया है। चूंकि कुल लंबित चालानों में से एक-तिहाई से ज्यादा ऐसे हैं, जिनमें वाहनों के पंजीकरण विवरण में मोबाइल नंबर या तो गलत हैं या गायब हैं। इसलिए विभाग ने मालिकों को सलाह दी है कि वे परिवहन-जीओवी-इन पोर्टल पर अपने वाहनों के चालान की स्थिति स्वयं देखें और कड़ी सज़ा से बचने के लिए समय पर अपना भुगतान करें। विभाग अपनी व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा के माध्यम से वाहन मालिकों के मोबाइल नंबरों पर अधिकतम 36 लाख ई-चालान नोटिस भेज सकता है।

यह सेवा ब्लू टिक सत्यापित है और केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित है। यह सेवा 2022-23 से शुरू होने वाले तीन वित्तीय वर्षों के लिए है। केवल 2024-25 के लिए ही 14 लाख से ज्यादा नोटिस भेजे जाएंगे। सबसे बड़ी संख्या उनकी है, जिन्होंने वाहन पंजीकरण विवरण में मोबाइल नंबर नहीं दिए हैं या गलत नंबर दिए हैं।

### संविधान संशोधन बिल से बसपा ने किया किनारा

**लखनऊ।** संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए गए 130वें संविधान संशोधन विधेयक से बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने किनारा कर लिया है। उन्होंने बिल को लोकतंत्र को कमजोर करने वाला बताते हुए कहा है कि इसका दुरुपयोग सत्ताधारी पार्टियां अपने लाभ, स्वार्थ व देश के लिए करेंगी। गुरुवार को सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर बसपा अध्यक्ष मायावती ने लिखा- केन्द्र सरकार द्वारा कल संसद में, भारी हंगामे के बीच लाया गया 130वां संविधान संशोधन बिल, देश में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे राजनैतिक हालात में, यह स्पष्टत: लोकतंत्र को कमज़ोर करने वाला लगता है। इसका सत्ताधारी पार्टियां अपने-अपने लाभ, स्वार्थ व द्वेष में ज्यादातर इसका दुरुपयोग ही करेंगी, ऐसी जनता को आशंका है।

# हंगामे के बावजूद 15 विधेयक दोनों सदनों में पारित

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ बिहार में मतदाता सूची के विरोध को लेकर विपक्ष ने किया हंगामा

संसद का मानसून सत्र गुरुवार को दोनों सदनों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने के साथ ही संपन्न हो गया लेकिन एक महीने तक चला सत्र मुख्य रूप से बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के विरोध को लेकर विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया हालांकि दोनों सदनों में हंगामे और बहिर्गमन के बीच 15 विधेयक पारित किए गए।

लोकसभा में पेश किए गए 14 विधेयकों में से 12 को सदन की मंजूरी मिल गई, जबकि उच्च सदन में 15 विधेयक पारित किए गए। किसी भी गंभीर आपराधिक मामले में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों की गिरफ्तारी और तीस दिन की हिरासत की स्थिति में उन्हें पदमुक्त समझे जाने के प्रावधान वाले संविधान संशोधन विधेयक और उससे जुड़े दो अन्य विधेयकों को लोकसभा ने समीक्षा के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया। दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर 16-16 घंटे की चर्चा हुई और लोकसभा में प्रधानमंत्री ने जबकि राज्यसभा में गृह मंत्री ने चर्चा का जवाब दिया। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय शुभांशु शुक्ला और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर लोकसभा में चर्चा शुरू हुई थी, लेकिन यह विपक्ष के हंगामे के कारण पूरी नहीं हो सकी। सत्र की पूरी अवधि के दौरान एकजुट विपक्ष ने सरकार को बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में गड़बड़ी तथा उसे वापस लेने की मांग को लेकर जोरदार तरीके से घेरा और इस पर चर्चा कराने की मांग को लेकर दोनों सदनों में कार्यवाही में निरंतर व्यवधान डाला। विपक्ष ने सत्र के पहले दिन से ही ऑपरेशन सिंदूर और मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग शुरू कर दी थी। सत्र के दूसरे सप्ताह में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के बाद विपक्ष ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर दोनों सदनों में कार्यवाही नहीं चलने दी।

### आयोग का ध्यान नाम हटाने पर नहीं जोड़ने पर हो: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर फिर हमला करते हुए गुरुवार को कहा कि उसका ध्यान मतदता सूची से नाम हटाने पर नहीं बल्कि तथ्यों की जांच परख कर नाम जोड़ने पर होना चाहिए। कांग्रेस ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए आयोग जो काम कर रहा है उसका मकसद मतदाता सूचियों को स्पष्ट और पारदर्शी बनाना नहीं बल्कि लोकतंत्र को नष्ट करना ज्यादा है।जयराम रमेश ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के ठीक बाद बिहार के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव आयोग ने सर्वेक्षण कराया और कहा कि मतदाता सूचियां पहले से ही 'लगभग पूर्ण सटीक' पर हैं, लेकिन कागजी कार्यवाही और जागरूकता की कमी के कारण कई पात्र मतदाताओं का नामांकन नहीं हो पाया है।

### डबल इंजन सरकार की तारीफ करते हुए बोले सीएम योगी

# सपा-कांग्रेस ने केवल अपना विकास किया

**एटा, वार्ता**



■ एटा में 750 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित हुआ सीमेंट प्लांट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने सत्ता के लिए सबका साथ लिया, मगर विकास सिर्फ अपने अपने परिवारों का किया है।

एटा में 750 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित एक सीमेंट प्लांट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले भारत को मुगलों ने लूटा, फिर अंग्रेजों ने तबाह किया और जो कुछ बचा रह गया, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने तबाही का नया मंजर पैदा कर देश के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया। आज डबल इंजन सरकार की साफ नीयत, स्पष्ट नीति और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की वजह से उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। योगी ने कहा कि कांग्रेस हो या समा. जवादी पार्टी, इनकी नीयत कभी सबके विकास की नहीं रही। इन्होंने साथ तो सबका लिया, लेकिन विकास सिर्फ अपने परिवार का किया। इनके समय में न व्यापारी सुरक्षित था, न बेटी सुरक्षित थी। यही वजह रही कि देश और प्रदेश पिछड़ते चले गए। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार और डबल इंजन की यूपी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र से देश और प्रदेश को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि 8-9 साल पहले एटा की पहचान अपराध और माफिया के गढ़ के रूप में थी। गरीबों की जमीन पर कब्जा होता था, उनकी सुनवाई नहीं होती थी। जब नागरिक की संपत्ति ही सुरक्षित न हो, तब सरकार उसके कल्याण के लिए क्या करेगी। यही स्थिति तब थी। लेकिन आज एटा बेहतरीन कानून व्यवस्था और निवेश की नई पहचान बना है। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट से 1500 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है।

### हजारों लोगों को काम का अवसर मिला

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निवेश से सिर्फ सीधे रोजगार ही नहीं, बल्कि ट्रांसपोर्ट, व्यापार और डिस्ट्रीब्यूशन चैनल से जुड़े हजारों लोगों को भी काम का अवसर मिला है। यही है आत्मनिर्भर भारत की नींव, यही है विकसित भारत की आधारशिला। सीएम योगी ने कांग्रेस काल को याद करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था, जब सीमेंट कंट्रोल से मिलता था। अगर पहुंच है तो एक बोरा मिल जाएगा, वरना चोरी-छिपे खरीदना पड़ता था। घर बनाना मुश्किल था। यही कांग्रेस की नीयत और नीति थी। विकास कैसे होता। योगी ने कहा कि भारत 17वीं-18वीं सदी में दुनिया की नंबर-1 अर्थव्यवस्था था। 1947 से 1960 तक छठे स्थान पर रहा, लेकिन कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की नीतियों ने इसे 2014 तक 11वें स्थान पर पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र दिया और आज भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अगले दो वर्षों में यह तीसरे स्थान पर होगा। दुनिया के सामने भारत का नया गौरवशाली चेहरा उभरेगा।

# अखिलेश के दावों की जांच करने में जुटा चुनाव आयोग

■ सपा सुप्रीमो ने कुछ दिन पहले ही लगाए थे आरोप

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और चुनाव आयोग के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। कुछ दिन पहले ही हलफमानों को लेकर अखिलेश ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरा. ेप लगाया था। अब आयोग ने इसकी जांच शुरू कर दी है।

अखिलेश के शपथ पत्रों के दावे को नकारते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि आयोग को उत्तर प्रदेश या यादव से कोई हलफनामा नहीं मिला है। इस बीच अब आयोग ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदाता सूची में अनियमितताओं के बारे में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की शिकायत की जांच शुरू कर दी है। शिकायत के बाद, निर्वाचन आयोग ने जिलाधिकारियों को मतदाता सूचियों की जांच करने का निर्देश दिया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या कथित तौर पर गलत तरीके से नाम हटाए गए हैं। कासगंज, जौनपुर, बाराबंकी और लखनऊ के जिलाधिकारियों ने अपनी जांच पूरी कर ली है और यादव के दावों को निराधार और भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया है। सपा प्रमुख ने सोमवार को संसद परिसर में मीडियाकर्मियों को हलफनामे की प्रतियां वितरित कीं थी। यादव ने कहा कि ईसीआई में हलफनामे दायर किए गए हैं, जिनमें 2022 के विस चुनावों के दौरान उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने और अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है।



सेंसेक्स 82000.71
निफ्टी 25083.75



सोना रु. 99147
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 112690
प्रति किलो



# छठे दिन सेंसेक्स 82 हजार के पार

**मुंबई, वार्ता**



आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी दिग्गज कंपनियों में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 142.87 अंक (0. 17 प्रतिशत) की तेजी के साथ 82,000.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 33.20 अंक यानी 0.13 फीसदी ऊपर 25,083.75 अंक पर पहुंच गया। दोनों सूचकांक फिलहाल चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर हैं। विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच कुल मिलाकार बाजार की धारणा आज कमजोर रही मझौली और छोटी कंपनियों से निवेशकों ने पैसे निकाले। सेंसेक्स 362.62 अंक की बढ़त में 82,220.46 अंक पर खुला और एक समय 82,231.17 अंक तक पहुंच गया था, लेकिन बाद में अचानक यह 200 अंक से ज्यादा की तेजी गंवाता हुआ 82,000 अंक पर बंद हुआ। इसका दिवस का निचला स्तर 81,921.22 अंक रहा। निफ्टी-50 सूचकांक 91.45 अंक चढ़कर 25,142 अंक पर खुला। यह नीचे 25,054.90 अंक और ऊपर 25,153.65 अंक तक गया। निफ्टी-100 सूचकांक में भी 0.06 प्रतिशत की तेजी रही।

मझौली और छोटी कंपनियों में हालांकि बिकवाली से निफ्टी मिडकैप-50 में 0.46 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.01 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में कुल 3,068 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ, जिनमें 1,503 में तेजी रही, जबकि 1,475 के शेयर फिसल गए। वहीं 90 कंपनियों के शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। निजी बैंक के साथ आईटी, रियलिटी, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक बढ़त में रहे, जबकि एफएमसीजी, ऑटो, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और सरकारी बैंक जैसे सेक्टरों में गिरावट रही। सेंसेक्स की 30 में से 16 कंपनियों के शेयर टूट गए। बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे अधिक 1.12 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक में 1.09 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 0.90, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 0.86 और एलएंडटी में 0.76 फीसदी की तेजी रही। बीईएल, मारुति सुजुकी, सनफार्मा, भारती एयरटेल, टीसीएस और एचडीएफसी बैंक भी बढ़त में रहे। पावर ग्रिड में 1.51 फीसदी, इटरनल में 1.47 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.08 प्रतिशत और अडानी पोर्ट्स में 0. 95 प्रतिशत की गिरावट रही।

### सोने और चांदी के दाम में रही तेजी

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने-चांदी के दाम में बढ़त देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 201 रुपए बढ़कर 99,147 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। चांदी की कीमत भी 1,496 रुपए बढ़कर 1,12,690 रुपए प्रति किलो हो गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,009,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,450 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,800 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,985 रुपए बढ़कर 99,147 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 26,673 रुपए बढ़कर 1,12,690 रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन में यूपी पहले स्थान पर, रजिस्ट्रेशन में भी आगे

**लखनऊ, वार्ता**

■ अक्षय ऊर्जा दिवस पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दी जानकारी

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश अब देश में अग्रणी राज्य बन गया है। प्रदेश ने रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के साथ सभी राज्यों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन में भी आगे है।

अक्षय ऊर्जा दिवस पर सोलर ऊर्जा को लेकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखते हुए प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि पीएम सूर्य घर योजना में उत्तर प्रदेश ने जुलाई 2025 माह में 27,771 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के साथ सभी राज्यों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इतना ही नहीं प्रति दिन इंस्टॉलेशन में भी हम अब पहले नंबर पर हैं। ऊर्जा मंत्री ने आगे लिखा कि अब तक के कुल 196,327 इंस्टॉलेशन के साथ, यूपी गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है। जल्द ही शीर्ष राज्य बनने की ओर हम अग्रसर है। एके शर्मा ने कहा है कि पंजीकरण में भी हम पहले से ही प्रथम स्थान पर थे। उन्होंने 2017 से 2025 तक के आंकड़ों को शेयर करते हुए लिखा है कि यूपी में कुल सौर ऊर्जा क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2017 में जहां ऊर्जा क्षमता 389 मेगावाट थी। वहीं 2022 में 2,244 मेगावाट और 2025 में 5,157 मेगावाट हो गई है। शर्मा ने कहा कि बायो ऊर्जा परियोजनाओं में भी हम अग्रणी राज्य बन रहे हैं। 230 टन प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता के साथ हम कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) के उत्पादन में देश में नंबर एक पर हैं।

### किसानों से ठगी-बेइमानी करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा: शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि खाद और बीज के व्यापार में किसानों के साथ ठगी और बेइमानी करने वालों से सरकार कड़ाई से निपटेगी। चौहान अपने मंत्रालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। वृहद 'कर्मचारी संकल्प सम्मेलन' का आयोजन राजधानी में पूसा में आयोजित किया गया था। कृषि मंत्री ने कहा कि नकली खाद-बीज और कीटनाशक के नाम पर किसान लुटते रहे और हम देखते रहे, अब ऐसा बिल्कुल नहीं होगा, बेइमानों को हम छोड़ेंगे नहीं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत आज...**

दिन आईएसएस पर पहले से मौजूद नासा की एक अंतरिक्ष यात्री उनके पास आई और पूछा कि क्या वह देखना चाहेंगे कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है। नासा की अंतरिक्ष यात्री ने आईएसएस में बनी खास खिड़की से श्री शुक्ला को भारत दिखाया। भारत के गगनयान मिशन के संभावित क्रू सदस्यों में से एक श्री शुक्ला ने बताया कि उस समय धरती पर रात थी। पहले दक्षिण में हिंद महासागर के ऊपर पूरा अंधेरा दिखा और फिर अचानक लगभग त्रिकोणाकार भारत दिखा, जो रौशन था। यह काफी अद्भुत रहा। उन्होंने कहा कि उसके बाद उन्होंने कई बार भारत को देखा, लेकिन पहली बार का दृश्य उनके दिल में उतर गया है। उन्होंने कहा कि भारत आज भी अंतरिक्ष से 'सारे जहां से अच्छा दिखता है।'

**ऑनलाइन...** कि विपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता है। इसके बाद वह मतदाता सूची के मुद्दे पर बोलने का प्रयास करने लगे, तो श्री हरिवंश ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। उप सभापति ने कहा कि विधेयक पर चर्चा हो रही हो, तो कोई और बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी। संसदीय कार्यमंत्री ने पीठ की अनुमति से बोलते हुए श्री खड़गे की बात पर आपत्ति जताई और कहा कि पीठ पर प्रश्न उठाना ठीक नहीं है। विपक्ष के नेता विषय पर तो बोलते नहीं हैं और पीठ पर सवाल उठाने लगते हैं। विपक्ष ने पूरे मानसून सत्र में कार्यवाही चलाने में सहयोग नहीं किया। उपसभापति ने सदन में तख्ती लेकर आने के विपक्षी सदस्यों के आचरण पर खेद जताते हुए कहा कि तख्ती लाना सदन की परंपरा के विपरीत है। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान (130वां) संशोधन विधेयक और उसके साथ लोकसभा में प्रस्तुत दो विधेयकों की समीक्षा कर उस पर सिफारिश के लिए लोकसभा द्वारा प्रस्तावित संयुक्त समिति में शामिल होने और इसके लिए राज्य सभा के दस सदस्यों को उप सभापति द्वारा नामित किए जाने के प्रस्ताव को रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। ऑनलाइन गेमिंग विधेयक को मंजूरी मिलने के साथ ही उप सभापति ने सदन की कार्यवाही दस मिनट के लिए स्थगित कर दी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैराअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# दुबई के लिए 1.2 मीट्रिक टन गढ़वाली सेब की खेप रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड का सेब दुबई के लिए भेजा गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल ने गुरुवार को देहरादून से दुबई के लिए 1.2 मीट्रिक टन गढ़वाली सेब (किंग रोट किस्म) की पहली परीक्षण खेप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह परीक्षण खेप कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के सहयोग से संभव हो पाई, जो भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत है। यह पहल उत्तराखंड से कृषि निर्यात को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।



दुबई के लिए गढ़वाली सेब की यह पहली खेप एक आशाजनक यात्रा की शुरुआत है। इस परीक्षण से प्राप्त अनुभव शीत श्रृंखला प्रबंधन, फसल-उपरांत संचालन तथा लॉजिस्टिक्स ढांचे को और बेहतर बनाने में मदद करेंगे। एपीडा और उत्तराखंड सरकार के संयुक्त प्रयासों से अधिक किसानों के समूह लाभान्वित होंगे तथा आने वाले वर्षों में निर्यात गंतव्य दक्षिण-पूर्व एशिया और यूरोप तक भी विस्तारित किए जाने की संभावना है।

हितधारकों से बातचीत के दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने भारत की कृषि-निर्यात टोकरी में विविधता लाने तथा गढ़वाली सेब जैसे विशिष्ट, क्षेत्रीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने एपीडा, उत्तराखंड सरकार, निर्यातकों और किसान समूहों के समन्वित प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने इस ऐतिहासिक निर्यात को संभव बनाया।

"देवभूमि" उत्तराखंड विविध कृषि-जलवायु परिस्थितियों और उपजाऊ मिट्टी से संपन्न है, जो

**■ देहरादून से किंग रोट किस्म के सेब की भेजी पहली परीक्षण खेप, केंद्रीय वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने दिखाई हरी झंडी, कृषि प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण का सहयोग, उत्तराखंड के किसानों को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचाने की पहल, एपीडा शीघ्र ही देहरादून में अपना क्षेत्रीय कार्यालय भी खोलेगा बासमती, मोटे अनाज, शहद, फल व सब्जियों पर भी रहेगा फोकस**

उच्च गुणवत्ता वाली बागवानी फसलों की खेती के लिए उपयुक्त है। पौड़ी गढ़वाल की पहाड़ियों में उगने वाले सेब, विशेष रूप से किंग रोट किस्म, अपने कुरकुरेपन, स्वाद और प्राकृतिक मिठास के लिए प्रसिद्ध हैं। इसके बावजूद, बागवानों को अक्सर अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचने में आधारभूत ढाँचे, संपर्क और फसल-उपरांत प्रबंधन की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।इस अवसर पर एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव, उत्तराखंड सरकार की अपर सचिव झरना कमठान, सेंटर फॉर एरोमैटिक प्लांट्स के निदेशक डॉ. नृपेंद्र चौहान सहित एपीडा एवं उत्तराखंड सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और किसानों का सहयोग करने तथा राज्य के उत्पादों को वैश्विक बाजार में प्रोत्साहित करने की सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराया।

# राजनैतिक साख बचाने को हरक ले रहे झूठे आरोपों का सहारा: भट्ट

**■ कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष पद की होड़, आरोपों में दम है तो कोर्ट जाएं हरक**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने पूर्व मंत्री डॉ हरक सिंह रावत के आरोपों को सिरे से नकारते हुए, उनकी राजनैतिक साख बनाए रखने की कोशिश बताया है।प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कटाक्ष किया कि ये सब कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष बनने की होड़ है, क्योंकि तनिक भी सच्चाई होती तो पहले उन्हें इन मुद्दों पर न्यायालय में शिकायत करनी चाहिए थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि विश्वसनीयता खो चुके और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में घिरे नेताओं को जनता और भाजपा दोनों गंभीरता से नही लेती है। विभिन्न माध्यमों से मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के आरोपों को बेबुनियाद और सफेद झूठ बताया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की तरह भाजपा में भ्रष्टाचार और अपराधियों को संरक्षण नहीं दिया जाता है। संवैधानिक नियमावली और प्रक्रिया के अनुसार भाजपा वर्षवार ऑडिट कराती है और संबंधित सभी एजेंसियों को सूचित करती है। वहीं व्यंग किया कि यह सब कांग्रेस पार्टी में होता होगा, जहां सदस्यता राशि में भी घोटाला होता है।उन्होंने अपरोक्ष रूप से पूर्व सीएम हरदा को चुनौती देते हुए कहा कि जो कांग्रेस के बड़े नेता उनके आरोपों को सही ठहरा रहे हैं, उन्हें तथ्यों के साथ न्यायालय में जाना चाहिए। लेकिन उनका मकसद सिर्फ सुर्खिया बटोरकर बेसिरपैर के आरोप की कोशिश है। उन्होंने इस सारी बयानबाजी को कांग्रेस पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष बनने की खींचतान का हिस्सा बताया।

# ग्राम्य विकास के क्षेत्र में केंद्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रही सरकार: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आगामी सितम्बर माह में होने वाले चिंतन शिविर कार्यक्रम के संबंध में आयोजित वर्चुअल बैठक में उत्तराखंड के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने भी वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। बैठक में देशभर के विभिन्न राज्यों के ग्राम्य विकास विभाग से जुड़े मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 4-5 सितम्बर को राजस्थान के उदयपुर में प्रस्तावित चिंतन शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी राज्यों से सुझाव आमंत्रित किए।



इस अवसर पर प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह चिंतन शिविर ग्रामीण विकास की नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार ग्राम्य विकास के क्षेत्र में केंद्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मंत्री जोशी ने ग्रामीण आजीविका, स्वावलंबन, स्वरोजगार एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देने से जुड़े अपने सुझाव भी साझा किए।

इस दौरान मंत्री जोशी ने अधिकारियों को नॉर्थ ईस्ट के हिमालयी राज्यों का अध्ययन करने के भी निर्देश दिए, ताकि पर्वतीय राज्यों में ग्राम्य विकास से संबंधित योजनाओं का बेहतर और व्यावहारिक क्रियान्वयन किया जा सके।

# खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री ने किया मांडविया से अनुरोध

**■ दिल्ली पहुंचे सीएम पुष्कर धामी, खेलों के लिए मांगा केंद्र का सहयोग**
**केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से धामी ने की मुलाकात**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली /देहारदून।** नई दिल्ली में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को भेंट कर राज्य में खेलों के व्यापक विकास, उच्च स्तरीय खेल अवस्थापना के निर्माण तथा



खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की और केंद्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन में केंद्र सरकार से प्राप्त सहयोग के लिए प्रदेशवासियों की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस खेल महाकुंभ ने उत्तराखंड को एक नई पहचान दिलाई है। इस आयोजन के माध्यम से उत्तराखंड ने स्वयं को एक 'खेलभूमि' के रूप में प्रस्तुत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से जिला अल्मोड़ा के डीनापानी में उच्च स्तरीय खेल सुविधा की स्थापना, देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में आईस स्केटिंग रिंग का संचालन, जिला नई टिहरी में साहसिक प्रशिक्षण केन्द्र का उच्चीकरण, चंपावत के महिला स्पोर्ट्स कॉलेज में इंडोर आर्टिफिशियल रॉक क्लाइम्बिंग की सुविधा और राज्य के 95 विकासखण्डों में बहुउद्देशीय क्रीड़ाहॉल के निर्माण के प्रस्ताव स्वीकृत किये जाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि उत्तराखण्ड में राज्य का प्रथम खेल विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है, जो राज्य एवं देश के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ खेल से संबंधित शैक्षणिक कोर्सेज की सुविधा भी प्रदान करेगा। उन्होंने इस विश्वविद्यालय को एक अग्रणी खेल संस्थान के रूप में विकसित करने हेतु केंद्र सरकार से आवश्यक सहयोग और यथासंभव आर्थिक सहायता-अनुदान प्रदान करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने हर संभव सहयोग के प्रति मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को आश्वस्त किया।

# आपदा में मृत्यु होने के 72 घंटे में दी जाएगी आर्थिक सहायता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** आपदा के दौरान दुखद मृत्यु पर परिवार को मिलने वाले आर्थिक सहायता के लिए पीड़ित परिवार को भटकना नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपदों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आपदा के दौरान किसी भी व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात अनुग्रह राशि का वितरण 72 घंटे में प्रभावित परिवार-मृतक आश्रित को अनिवार्य रूप से कर दिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि मृतक की शिनाख्त या अन्य किसी कारण से कुछ विलंब हो रहा हो तो एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से अनुग्रह राशि मृतक के आश्रित को हर हाल में उपलब्ध कराना



सुनिश्चित किया जाए। गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने सभी जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री द्वारा अनुग्रह राशि वितरण के संबंध में दिए गए निर्देशों से अवगत कराया।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सुमन ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आगामी कुछ दिनों में मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए सावधानी बरतने तथा नदी, नालों के जल स्तर पर नियमित रूप से निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक के माध्यम से मानसून से उत्पन्न स्थितियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून अवधि में अब तक हुई विभागीय क्षति का आकलन कर जल्द से जल्द इसकी विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजने के निर्देश दिए ताकि एसडीआरएफ तथा एसडीएमएफ मद में भारत सरकार से अतिरिक्त धनराशि प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव यथाशीघ्र भेजा जा सके।

उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से सभी जनपदों में हर रोज समीक्षा बैठक की जाए। साथ ही स्कूली तथा कॉलेज के छात्र-छात्राओं, के साथ ही व्यापारियों का भी वाट्सएप ग्रुप बनाया जाए। इस अवसर पर एसीईओ प्रशासन-अपर सचिव आनंद स्वरूप, एसीईओ क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, डॉ. पूजा राणा, रोहित कुमार, हेमंत बिष्ट, डॉ. वेदिका पन्त, तंद्रीला सरकार आदि मौजूद थे।

## टिहरी बांध से जल छोड़ने पर अलर्ट रहें अधिकारी

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि इन दिनों टिहरी बांध से पानी छोड़ा जा रहा है। उन्होंने टिहरी के जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि पानी छोड़े जाने की सूचना देहरादून तथा हरिद्वार जनपद को समय पर दी जाए। साथ ही उन्होंने देहरादून तथा हरिद्वार जनपद को निर्देश दिए कि लगातार गंगा नदी के जलस्तर की निगरानी की जाए और आवश्यकतानुसार सुरक्षात्मक कदम उठाए जाएं।

## संवेदनशील क्षेत्रों में बरतें विशेष सतर्कता: रुहेला

राज्य सलाहकार समिति, आपदा प्रबंधन विभाग के उपाध्यक्ष विनय कुमार रुहेला ने कहा कि अभी भी मानसून अवधि का डेढ़ महीना शेष है, ऐसे में सभी जनपदों को हर समय अलर्ट रहने की आवश्यकता है। उन्होंने भूस्खलन संभावित क्षेत्रों तथा नदियों के साथ ही अन्य संवेदनशील स्थानों में आम जनमानस की जागरूकता तथा उन्हें अलर्ट करने के लिए साइनेज अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदाओं का सामना करने के लिए प्रत्येक स्तर पर अलर्ट्स बहुत जरूरी है तभी हम जान माल के नुकसान को कम कर सकते हैं।

# क्या जितेंद्र के परिवार को न्याय दिला पाएगी सरकार: माहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पौड़ी जनपद के 32 वर्षीय युवक जितेंद्र सिंह ने गोली मारकर अपनी जान दे दी है, आत्महत्या से पहले बनाए गए वीडियो में जितेंद्र सिंह ने साफ-साफ कहा कि उनकी मौत का जिम्मेदार भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हिमांशु चमोली हैं। यह बात उत्तराखण्ड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने प्रेस को जारी अपने बयान में कही है।

उन्होने कहा कि सवाल ये है कि क्या उत्तराखंड पुलिस और भाजपा सरकार में इतना साहस है कि वह जितेंद्र सिंह के परिवार को न्याय दिला सके? या फिर ये मामला भी सत्ता और दबंगई की भेंट चढ़ जाएगा, क्योंकि हिमांशु चमोली भाजपा के बड़े नेताओं राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का नजदीकी है।

माहरा ने कहा कि पंचायत चुनावों में सत्ता के संरक्षण में भाजपा के गुंडों ने खुलेआम गोलियां चलाईं। ये शांत प्रदेश है, ये देवभूमि है, ये गोलियों और गुंडागर्दी से आगे नहीं बढ़ेगी। वायरल वीडियो में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य को 'निपटाने' की बात कही जा रही थी।

कांग्रेस के विधायक और पूर्व विधायकों पर हमला किया गया। जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायत सदस्यों का अपहरण कर उनकी लोकतांत्रिक आवाज को कुचलने की कोशिश की गई। ये सब सत्ता की हनक और भाजपा की गुंडागर्दी का नंगा नाच है, जिसे उत्तराखंड की जनता रोज अपनी आंखों से देख रही है।

# देहरादून जिले में वित्तीय समावेशन के तहत बैंकिंग कैम्प का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** वित्त मंत्रालय भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देशों के तहत देश भर की सभी ग्राम पंचायतों में तीन माह का वित्तीय समावेशन कैंपेन (1 जुलाई से 30 सितम्बर) संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में देहरादून जिले की सभी 401 ग्राम पंचायतों में बैंकों द्वारा इन कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। कैंपों का उद्देश्य लोगों को सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना, उनके खातों का रि-केवाईसी कराना, नए जन धन खाते खोलना एवं खातों में नामांकन की सुविधा प्रदान करना है। इन कैंपों में बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी एवं भारतीय रिजर्व बैंक के उच्चाधिकारी भी प्रतिभाग कर रहे हैं।

इसी क्रम में 20 अगस्त 2025 को देहरादून जिले के सहसपुर ब्लॉक के छरबा ग्राम में भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वाधान में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा कैम्प आयोजित किया गया। इस अवसर पर बैंक के मंडल प्रमुख अभिनंदन सिंह ने उपस्थित जनसमूह को कैंप का उद्देश्य बताते हुए शुभारंभ किया। भारतीय रिजर्व बैंक के उप महाप्रबंधक शैलेंद्र शर्मा एवं सहायक महाप्रबंधक परमजीत सिंह ने लोगों को योजनाओं के बारे में जागरूक किया। साथ ही, साइबर फ्रॉड एवं डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के विषय में भी जानकारी दी गई। अब तक जिले की 128 ग्राम पंचायतों में ये कैम्प सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं।

# कांग्रेस ने सदन में असंवेदनशील और गैरजिम्मेदाराना रवैया अपनाया: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने गैरसैण सत्र में पारित विधेयकों पर संतोष व्यक्त करते हुए कांग्रेस पर असंवेदनशील और गैरजिम्मेदाराना रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा कि जनहित पर चर्चा के बजाय, कांग्रेसी विधायकों को ब्रांडेड कंबलों में सदन के अंदर खरांटे लेते सबने देखा। वहीं नेता प्रतिपक्ष और प्रीतम सिंह के कार्यमंत्रणा समिति से इस्तीफे को अपनी नाकामी छिपाने की कोशिश बताया।

गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबंधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में मानसून सत्र आयोजित किया गया था। जिसमें कई महत्वपूर्ण विधेयक भी पारित किए गए चाहे उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक 2025, हो, जिसमें मदरसों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और अन्य अल्पसंख्यक समाजों जैसे सिख, जैन, ईसाई, पारसी आदि को भी उसमें शामिल करने का प्रावधान है।

चाहे उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता एवं विधि विरुद्ध प्रतिषेध संशोधन विधेयक 2025 जो अवैध धर्मांतरण की रोकथाम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सजा की आजीवन कारावास तक बढ़ाने संस्बंधित था। वहीं अनुपूरक बजट को पारित किया गया, श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ मंदिर अधिनियम, निजी विश्वविद्यालय संशोधन, पंचायती राज संशोधन विधेयक विधयेक भी शामिल थे

उन्होंने कहा कि कोई भी इस पक्ष में नहीं होगा कि विधानसभा सत्र चर्चाहीन, हंगामेदार रहे और जिस उद्देश्य से जनता ने अपने प्रतिनिधि सदन में चुन कर भेजे हैं वो जनहित के मुद्दे न उठाएं। लेकिन जिस तरह का हंगामा, तोड़फोड़, शोर शराबा, अभद्र भाषा का प्रयोग कांग्रेस विधायकों ने सदन में किया, वह दुर्भाग्यपूर्ण, असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक और संवेदनहीनता की पराकाष्ठा था। उन्हें आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस शुरुआत से ही गैरसैण में सत्र कराने और उसमें सार्थक चर्चा के पक्ष में नहीं थी। उनका मकसद और रणनीति थी, केवल और केवल हंगामा करना और मीडिया की सुर्खियां बटोरना। क्योंकि सत्र में धर्मांतरण विरोधी कानून, मदरसों के सुधार पर लाए जाने वाले कानूनों पर विरोध वाली उनकी राय जगजाहिर है।

इन मुद्दों पर अपना सनातन विरोधी रवैया, उनका सदन में स्वीकारना असंभव था। यही वजह है कि उन्होंने हंगामा किया और अराजकता फैलाई। एक और वजह थी कांग्रेस के हंगामा की, वो रही पूर्व के चुनावों की तरह इस बार पंचायत चुनाव में भी उनकी करारी हार।

इस पराजय को स्वीकार करते हुए, सदन की चर्चा का सामना करना भी उनके लिए असंभव था। वहीं उन्होंने धराली, पौड़ी आदि स्थानों की त्रासदी का जिक्र करते हुए कहा, प्रदेश आपदा के दंश का साहस से सामना कर रहा है। लेकिन बेहद शर्मनाक और असंवेदनशील रवैया रहा विपक्ष का जिन्होंने इस पूरे विषय पर गंभीर चर्चा तक सदन में नहीं होने दी।

# मैक्स अस्पताल के डॉक्टरों ने बैरिएट्रिक सर्जरी कर महिला को दी नई जिंदगी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून के डॉक्टर्स ने एक 41 वर्षीय महिला की अत्यंत जटिल और चुनौतीपूर्ण बैरिएट्रिक सर्जरी को सफलतापूर्वक किया है। महिला का वजन 190 किलो था और वह किशोरावस्था से ही गंभीर मोटापे से पीड़ित थीं।

गुरुवार को मैक्स अस्पताल में आयोजित प्रेस वर्ता में इस जटिल सर्जरी का नेतृत्व करने वाले डॉ. विशाल निधि कुलश्रेष्ठ, एसोसिएट डायरेक्टर जीआई, एमएएस एवं बैरिएट्रिक सर्जरी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून ने पूरे केस के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि देहरादून निवासी कुसुम (काल्पनिक नाम) का बॉडी मास इंडेक्स 69 के साथ मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून आई थी, यह बॉडी मॉस इंडेक्स बैरिएट्रिक सर्जरी के लिए निर्धारित 32.5 के सामान्य मानक से दोगुना से भी अधिक था, यानी ये "सुपर ओबेस" (अत्यधिक मोटापा) की श्रेणी में थीं, इन्हें मुख्य रूप से स्लीप एपनिया की समस्या थी और भविष्य में अन्य गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती थी, इसलिए, कुसुम ने बैरिएट्रिक सर्जरी करवाने का फैसला लिया।

मामले की जानकारी देते हुए डॉ. विशाल निधि कुलश्रेष्ठ ने कहा कि "मरीज काफी कम उम्र से ही ओवरवेट रही हैं और इनके परिवार में भी मोटापे की हिस्ट्री रही है, इनकी मॉं की भी पहले बैरिएट्रिक सर्जरी हो चुकी है।

यह केस काफी चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि मरीज का लिवर काफी बड़ा था, इसने सर्जरी को और जटिल बना दिया। हमने लेप्रोस्कोपिक वन एनास्टोमोसिस गैस्ट्रिक बायपास, जिसे मिनी गैस्ट्रिक बायपास भी कहा जाता है, तकनीक का उपयोग किया। जिसमें पेट का आकार छोटा कर दिया जाता है और उसे सीधा छोटी आंत से जोड़ दिया जाता है। जिससे पेट और छोटी आंत के ऊपरी हिस्से का एक भाग बाईपास हो जाता है।

इस प्रक्रिया से भोजन की मात्रा सीमित हो जाती है, जिससे वजन कम होना शुरू हो जाता है।सर्जरी लगभग छह घंटे तक चली और ऑपरेशन के तीसरे दिन ही मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया। रिकवरी बेहद अच्छी रही।

डॉ. कुलश्रेष्ठ ने आगे बताया कि "पहले ही हफ्ते में मरीज ने लगभग 10 किलो वजन कम कर लिया। और हमें उम्मीद है कि आने वाले 6 महीनों में उनका वजन घटकर 80 किलो से कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सर्जरी केवल वजन घटाने के लिए नहीं, बल्कि मेटाबोलिक सर्जरी के तौर पर की जाती है, जिसमें पेट का आकार कम किया जाता है और आंतों का एक हिस्सा बायपास किया जाता है, जिससे भोजन की मात्रा और उसका अवशोषण दोनों कम हो जाते हैं। सर्जरी के बाद मरीज को बैरिएट्रिक डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव अपनाना होता है।

## कहा -हमारे खानपान और जीवनशैली से जुड़ा है मोटापे का संबंध

डॉ.कुलश्रेष्ठ ने बताया कि मोटापा का संबंध हमारे खानपान और जीवनशैली से जुड़ा हुआ है। भारतीय आहार में कार्बोहाइड्रेट अधिक और प्रोटीन की मात्रा कम होती है। यही कारण है कि मोटापा बढ़ता है और फिर वह एक दुष्चक्र बन जाता है ख्र जहां शारीरिक सक्रियता कम हो जाती है, मानसिक तनाव बढ़ता है और व्यक्ति खाने में ही सांत्वना ढूंढता है। बैरिएट्रिक सर्जरी इस चक्र को तोड़ने का सबसे सफल और सुरक्षित तरीका है।

## छह अन्य मरीजों में रोबोटिक विधि से सफलतापूर्वक हो चुकी बैरिएट्रिक सर्जरी

मैक्स अस्पताल, देहरादून ने छह अन्य मरीजों में सफलतापूर्वक रोबोटिक विधि से बैरिएट्रिक सर्जरी की है। इन सफल सर्जरी के साथ, मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून ओबेसिटी (मोटापे) से जूझ रहे मरीजों को अत्याधुनिक सर्जरी चिकित्सा सेवाएँ और संपूर्ण देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्नत तकनीक, विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ डॉक्टरों और व्यक्तिगत देखभाल को एक साथ लाकर, अस्पताल का लक्ष्य मरीजों को न केवल वजन कम करने में सहायता करना है, बल्कि भविष्य में होने वाली गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं से भी बचाना भी है।

# 547 करोड़ की स्वीकृति पर वन मंत्री ने जताया पीएम का आभार

**■ ऋषिकेश में एचटी-एलटी लाइने होंगी भूमिगत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** केंद्र सरकार की और से आरडीएसएस योजना के तहत ऋषिकेश में एचटी, एलटी लाइनों के भूमिगत करने व स्काडा ऑटोमेशन के लिये 547.73 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान किए जाने पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है।

मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कुछ समय पूर्व मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में उत्तरी राज्यों के मंत्रियों के साथ हुए उच्च स्तरीय सम्मेलन में उत्तराखंड की भौगोलिक व पर्यटन स्थिति को ध्यान में रखते हुए बेहतर विद्युत कनेक्टिविटी को लेकर जो चर्चा हुई थी, आज उसका प्रत्यक्ष परिणाम प्रदेशवासियों के सामने है। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल ऋषिकेश बल्कि पूरे उत्तराखंड के विकास, पर्यटन और ऊर्जा क्षेत्र की मजबूती की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। ऋषिकेश, जो विश्वभर में योग, आध्यात्मिकता, धर्म और पर्यटन का प्रमुख केंद्र है, अब और अधिक सशक्त एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त होकर प्रदेश और देश की प्रगति में योगदान देगा।

# जिलाधिकारी ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण

**भारी बारिश और मलबे से क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलिया और खेतों की समस्याओं का लिया जायजा**
**गांवों में सुरक्षा दीवार, परिवहन और जलापूर्ति बहाल करने के निर्देश, बच्चों की पढ़ाई बाधित न होने पर दिया जोर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल ने 21 अगस्त को जनपद के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलिया, खेतों और आवासीय क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लेकर अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले चंबादृउत्तरकाशी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-34) पर रत्लोंगढ़ के समीप उजाड़ गांव की सड़क और भारी बारिश से आए मलबे का निरीक्षण किया। पूर्व प्रधान सुरेश राणा ने अवगत कराया कि गांव की लिंक रोड भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार और बीआरओ इंजी. नियर सतवीर सिंह को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

इसके बाद कुनेर गांव का दौरा किया गया, जहां ग्राम प्रधान रवीना देवी, जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र राणा, जय सिंह, फतर सिंह और रघुबीर सिंह ने बताया कि सड़क कटिंग के बाद हर बरसात में मलबा लगातार नीचे आता है, जिससे कई मकानों में दरारें पड़ गई हैं। जिलाधिकारी ने इस समस्या को गंभीर मानते हुए बीआरओ को प्राथमिकता पर आवश्यक आकलन कर तुरंत कार्यवाही करने के आदेश दिए।कमान्ददृस्यांसू-भल्डियान मोटर मार्ग पर ल्वार्खा, रतवाड़ी और मंझौली गांव के लोगों ने पुलिया टूटने, दो पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने और डंपिंग जोन के कारण पानी का रुख बदल जाने से लगातार सड़क पर मलबा आने की शिकायत की। ग्रामवासिनी सकला देवी और मगनी देवी ने बताया कि मलबे से 10 से अधिक खेत दब गए हैं, जिससे खेती-बाड़ी को भारी नुकसान हुआ है और बच्चों के स्कूल जाने का रास्ता भी अवरुद्ध हो गया है। इस पर जिलाधिकारी ने बीआरओ को प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल कार्यवाही करने और एआरटीओ सतेंद्र राज को 60 से 70 बच्चों के स्कूल आने-जाने हेतु तत्काल परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में एनएच-34 के चौनेज 7 पर तोक नौली के कैंच्छु गांव के बुद्धि सिंह बिष्ट और विजय पल सिंह ने बताया कि आपदा से उनके मकान गिरने की कगार पर हैं। साथ ही यूपीसीएल का बिजली खंभा, ट्रांसफार्मर और सोलर प्लांट भी क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में हैं। इस पर जिलाधिकारी ने बीआरओ को गांव की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा दीवार निर्माण के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीडीओ मोहम्मद असलम, लोक निर्माण विभाग चंबा के जगदीश खाती, जल संस्थान से प्रशांत भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में कार्यवाही में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और त्वरित कदम उठाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## सांसद ने की तिसरियाड़ा के युवक साहिल बिष्ट की हत्या की न्यायिक जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह ने भिलंगना ब्लॉक के तिसरियाड़ा गांव के युवक साहिल सिंह बिष्ट की हत्या के मामले में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन भेजकर न्यायिक जांच की मांग की है। सांसद ने कहा कि साहिल की मौत केवल उसके परिवार ही नहीं, पूरे क्षेत्र के लिए गहरा आघात है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

ज्ञापन में सांसद ने बताया कि साहिल बिष्ट अंबाला के एक होटल में नौकरी करता था और वहीं से अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना के दिन वह ड्यूटी पर पहुंच ही रहा था कि अचानक कुछ गुंडों ने उसके साथ लूटपाट की कोशिश की और विरोध करने पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल साहिल किसी तरह होटल स्टाफ तक पहुंचा। होटल कर्मचारियों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। माला राज्यलक्ष्मी शाह ने कहा कि साहिल अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था और उसकी असामयिक मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस पूरे मामले की न्यायिक जांच कराई जाए और हत्या में शामिल अपराधियों को कड़ी सजा दी जाए, ताकि मृतक के परिवार को न्याय मिल सके।

## सिद्धपीठ सुरकंडा देवी मंदिर रोपवे सेवा 26 दिन रहेगी बंद

**नई टिहरी।** सिद्धपीठ सुरकंडा देवी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अगले लगभग एक महीने तक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। वार्षिक रख-रखाव और तकनीकी निरीक्षण के चलते सुरकंडा देवी रोपवे सेवा 23 अगस्त से 17 सितंबर तक बंद रहेगी। इस दौरान मंदिर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी खड़ी चढ़ाई पैदल तय करनी होगी।रोपवे सेवा के प्रबंधक सीबी सिंह और समन्वयक नरेश बिजल्वाण ने बताया कि वार्षिक निरीक्षण के दौरान टावरों और केबिन की मरम्मत के साथ-साथ इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल सिस्टम की विस्तृत जांच की जाएगी।

## समीक्षा बैठक में विकास कार्यों में तेजी लाने पर डीएम ने दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई टिहरी।** जिला सभागार नई टिहरी में बुधवार देर शाम जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में जिला सेक्टर, राज्य सेक्टर, बीस सूत्री कार्यक्रम एवं टास्क फोर्स संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने क्रमवार सभी विभागों-लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, वन विभाग, लघु सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, बाल विकास, कृषि, उरेडा, पशुपालन, पंचायती राज आदि के कार्यों व खर्चों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सेक्टर और केंद्र पोषित योजनाओं का डाटा शीट में अपडेट करने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि नए कार्यों के जल्द से जल्द टेंडर किए जाएं और अक्टूबर तक के कार्यों व खर्चों का ठोस प्लान बनाकर प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने परियोजनाओं में भौतिक और वित्तीय प्रगति लाने पर जोर दिया। उरेडा विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सोलर लाइट्स की मरम्मत के बाद उनकी जियो टैगिंग अनिवार्य रूप से की जाए। वहीं शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए आपदा से क्षतिग्रस्त स्कूल संपर्क मार्गों और नालों की रिपोर्ट प्राथमिकता से उपलब्ध कराई जाए, ताकि तुरंत आवश्यक कार्यवाही हो और बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। साथ ही शिक्षा विभाग और कार्यदायी संस्था को 27 अगस्त तक सभी कार्यों के प्राक्कलन और टेंडर संबंधी अपडेट रिपोर्ट देने को कहा गया।

बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि लोक निर्माण विभाग के सभी नए कार्यों के टेंडर हो चुके हैं। जल निगम ने 5 करोड़ रुपये में से 1.79 करोड़ खर्च कर लिए हैं और 33 नए कार्यों की निविदा पूरी हो गई है। समाज कल्याण विभाग ने जन कल्याणकारी शिविर आयोजित करने के लिए ब्लॉकवार रोस्टर तैयार कर लिया है।

बीस सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि उनकी योजनाएं 'ए' श्रेणी में हों। यदि लक्ष्य संशोधित करने की आवश्यकता हो, तो निदेशालय स्तर पर समय रहते समन्वय स्थापित कर उन्हें संशोधित कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि जो योजनाएं बंद हो चुकी हैं, उन्हें पोर्टल से हटाने की कार्यवाही तत्काल की जाए। 'बी', 'सी' और 'डी' श्रेणी वाले विभागों को प्रगति तेज करने के निर्देश दिए गए।

टास्क फोर्स की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को गांवों का दौरा कर समय पर सत्यापन रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, डीएफओ टिहरी वन प्रभाग पुनीत तोमर, सीएमओ श्याम विजय, डीडीओ मोहम्मद असलम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### आनंद विहार से कोटद्वार के लिए चलने वाली रेल सेवा का नाम कण्वनगरी एक्सप्रेस रखने की मांग

**कोटद्वार।** डू समथिंग सोसाइटी ने आनंद विहार से कोटद्वार के लिए संच. ालित होने वाली रेल सेवा का नाम कण्वनगरी एक्सप्रेस रखने की मांग की है। कहा कि इससे क्षेत्र में पर्यटन व्यवसाय बढ़ेगा। इस संबध में गुरुवार को सोसाइटी संरक्षक प्रकाश कोठारी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि इस संबध में पूर्व में भी सोसाइटी की ओर से गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी के माध्यम से केंद्रीय रेलमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि कण्वाश्रम को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत यह प्रयास लाभकारी साबित हो सकता है।

### नेत्र शिविर में 93 मरीजों ने करवाई आंखों की जांच

**कोटद्वार।** दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत स्यालनीखाल में बुधवार को हंस कल्चरल सेन्टर सतपुली के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 93 मरीजों के आंखों की जांच की गई। जांच के साथ ही मरीजों को दवाइयों का निशुल्क वितरण भी किया गया। ग्राम सभा जौरासी के ग्राम प्रधान चंडी प्रसाद कुकरेती ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में नजदीकी गांवों के लोगों ने अपने आंखों की जांच करवाई। अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञ राजदीप नेगी ने लोगों के नेत्रों की जांच करते हुए उन्हें सलाह दी कि आंखों के खराब होने से कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए आंखों में कुछ भी समस्या होने पर अपने आंखों के डाक्टर को तुरंत दिखाना चाहिए। इस अवसर पर वार्ड सदस्य जितार सिंह, रजनी बिष्ट और ग्रामीण वीर सिंह रावत, उदय सिंह रावत, अरूण कुमार डबराल और उत्तम सिंह रावत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

### कोटद्वार में परिवहन निगम की सिटी बस संचालित करने की मांग

**कोटद्वार।** उत्तराखंड विकास समिति ने कोटद्वार शहर में परिवहन निगम की सिटी बस संचालित करने की मांग की है। कहा कि इससे आम जन को ऑटो रिक्शा के महंगे किराए से छुटकारा मिलेगा। इस संबंध में गुरुवार को समिति अध्यक्ष जानकी बल्लभ मैंदोला के नेतृत्व में समिति सदस्यों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया है कि कोटद्वार शहर में लगातार बढ़ रही जनसंख्या को देखते हुए यहां सिटी बस का संचालन किया जाना चाहिए। समिति लगातार परिवहन निगम की सिटी बस संचालन की मांग उठा रही है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। सरकार को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। कहा कि पूर्व में सन् 2011-12 में भुवन चंद्र खंडूड़ी सरकार की ओर से शहर में सिटी बस संचालन के लिए परिवहन निगम को आदेश दे दिए थे, लेकिन तभी सरकार बदल गई और इस आदेश को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से इस संबध में निगम को निर्देशित करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में पूरण सिंह रावत, विपुल उनियाल, दुर्गा प्रसाद दूबे और शशि मोहन उनियाल आदि थे।

### चरस तस्करी मामले में दोषी को 7 साल की सजा और 50 हजार रुपये का अर्थदंड

**नई टिहरी।** विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित कुमार सिरोही की अदालत ने चरस बेचने के आरोपी को 7 साल कठोर कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि अभियुक्त अर्थदंड जमा नहीं करता है, तो उसे 3 माह अतिरिक्त समय जेल में बिताना होगा।जिला शासकीय अधिवक्ता स्वराज्य सिंह पंवार ने बताया कि 21 फरवरी 2022 को थाना मुनिकीरेती की ढालवाला चौकी पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया था। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर कटा पत्थर, विकासनगर, देहरादून निवासी अभियुक्त विपुल चौहान पुत्र रणवीर चौहान को 800 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया था।इसके बाद जांच पूरी होने पर गवाहों, बरामद चरस और अन्य दस्तावेजी सबूतों के आधार पर पुलिस ने 23 अप्रैल 2022 को चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। लंबी सुनवाई के बाद गुरुवार को मामले की अंतिम बहस हुई। विशेष न्यायाधीश अमित कुमार सिरोही की अदालत ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

## पुलिस ने 16 लाख की स्मैक के साथ दो तस्कर दबोचे

**सहारनपुर से पहाड़ों में सप्लाई हो रही थी स्मैक, पुलिस ने दबोचे दो आरोपी**
**ड्रग मुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत नरेंद्रनगर में बड़ी कार्रवाई, तस्करों पर एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नरेंद्रनगर थाना पुलिस ने बीती देर शाम नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कुख्यात तस्करों को 16 लाख रुपये की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

सहारनपुर से स्मैक लाकर पहाड़ों में खपाने की फिराक में घूम रहे दोनों आरोपियों को पुलिस ने संयुक्त चेकिंग अभियान के दौरान धर दबोचा। आरोपी जिस दुपहिया वाहन से मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे थे, उसे भी पुलिस ने जब्त कर लिया। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

नरेंद्रनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने जानकारी दी कि जनपद टिहरी गढ़वाल में एसएसपी आयुष अग्रवाल के दिशा-निर्देश पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रग मुक्त उत्तराखंड अभियान को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में नरेंद्रनगर थाना पुलिस और सीआईयू की संयुक्त टीम ने रात्रि चेकिंग के दौरान नशे के दो बड़े तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 23 वर्षीय जुबैर पुत्र मुकरीम निवासी ग्राम ताताहेड़ी थाना गंगोह, जनपद सहारनपुर और 24 वर्षीय सलमान पुत्र शमशाद निवासी सहारनपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उन्हें नरेंद्रनगर क्षेत्र के गुजराड़ा-डागर तिराहे के पास से उस समय पकड़ा जब वे अवैध रूप से स्मैक की खेप लेकर गुजर रहे थे। आरोपियों के कब्जे से 55.40 ग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसकी अंत. रराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 16 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने बताया कि बरामद स्मैक को सहारनपुर से पहाड़ी इलाकों में बेचने के लिए लाया जा रहा था। दोनों आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

और जल्द ही उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा के साथ नवल किशोर, भगवती प्रसाद, राजकुमार, अमन समेत कई पुलिसकर्मी और सीआईयू टीम के सदस्य शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि अभियान के तहत भविष्य में भी नशा तस्करों पर इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## बंद पड़े इस्कवरों से कालेश्वर मंदिर बस्तियों में हो रहा जल भराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** जिले में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बारिश कहर बरपा रही है। भारी बारिश के कारण पहाड़ का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है।

नगरपालिका बाडाहाट क्षेत्र में सबसे ज्यादा बुरा हाल वार्ड नम्बर-आठ में जोशियाड़ा इलाके में देखने को मिला। यहां कालेश्वर मार्ग पर बाढ़ जैसे हालात बन गए थे। यहां लोगों के घरों में पानी घुस गया था। बारिश के पानी से लोगों के घरों में रखा सारा सामान भी खराब हो गया। इसका मुख्य कारण लोनि. वि विभाग के बंद पड़े इस्कवर जिसके चलते पानी लोगों के घरों में घुस रहा। विभाग समय से इस्कवरों की सफाई नहीं करते हैं जिससे बस्तियों में जलभराव की स्थिति बन रही। स्थानीय निवासी श्रीमति अन्नपूर्णा ने बताया कि लोनिवि के एनआईएम मार्ग और कोटियाल गांव, डांग गदेरा के इस्कवर बन्द होने से बस्ती में जलभराव की स्थिति बन रही है।

गुरूवार को लोनिवि, सिंचाई विभाग आदि की संयुक्त टीम ने निरीक्षण कर एक सप्ताह में बंद पडे इस्कवर को खोलने का आश्वासन दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर इस्कवरों की सफाई नहीं की गई तो मौहल्ले की महिलाएं उग्र आंदोलन करेंगे।

## 13 सितम्बर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**नई टिहरी।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं शासन के निर्देशन में आगामी 13 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक राज्य के उच्च न्यायालय, सभी जिला व अधीनस्थ न्यायालयों, पारिवारिक न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, वाणिज्यिक न्यायालयों, राज्य एवं जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग तथा ऋण वसूली अभिकरण, देहरादून में एक साथ आयोजित होगी।इस क्रम में जिला प्रशासन टिहरी गढ़वाल ने सूचना जारी करते हुए जनपद के सभी न्यायालयों में 13 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित किए जाने की जानकारी दी है।

## देवाल-वाण मोटर मार्ग में जल्द होगी आवाजाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** भूस्खलन से पिछले 10 दिनों से यातायात के लिए बंद थराली -देवाल-वांण राजमार्ग किमी 26 का ल्वाणी गांव में भू-धंसाव का थराली के विधायक भूपाल राम टम्टा ने 5 विभागों के साथ भू-धंसाव का संयुक्त निरीक्षण कर इस स्थान का स्थाई ट्रिटमैंट के लिए तत्काल भूगर्भीय जांच तैयार करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर गांव के ग्रामीणों ने विस्थापन की मांग विधायक के सामने उठाई। इसके अलावा विधायक ने हाटकल्याणी-बेराधार मोटर सड़क जोकि पिछले 20 दिनों से बंद पड़ी है एवं देवाल -सुयालकोट-खेता मोटर सड़क के सुयालको स्लाइड जोन का निरीक्षण किया।

गुरुवार को विधायक भूपाल राम टम्टा थराली के उपजिलाधिकारी पंकज भट्ट, लोनिवि थराली के अधिशासी अभियंता रमेश चंद्र, सहायक अभियंता जेके टम्टा, सिंचाई विभाग थराली के कनिष्ठ अभियंता विवेक पुरोहित, लोनिवि पौड़ी से आयें भूवैज्ञानिक शिव रोय आदि के साथ थराली -देवाल-वांण राजमार्ग ल्वाणी गांव में भू-धंसाव करीब 100 मीटर से अधिक सड़क धंस चुकी हैं, जिससे पिछले 10 दिनों से वांण घाटी के एक दर्जन से अधिक गांवों का यातायात संपर्क तहसील मुख्यालय थराली से पूरी तरह से कटा हुआ हैं।का स्थलीय निरीक्षण किया उन्होंने लोनिवि थराली के अधिकारियों से मार्ग को तत्काल अस्थाई रूप से यातायात के लिए खोलने के लिए



कहा अधिकारियों ने बताया कि मार्ग को ग्रामीणों की सहमति से पीछे कटिंग कर खोलने की कार्यवाही शुरू कर दी है। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि भूगर्भीय सर्वेक्षण के बाद जो भी रिपोर्ट आएगी उसी के अनुरूप सड़क के स्थाई ट्रिटमैंट के साथ ही विस्थापन की कार्यवाही की जाएगी। इसके बाद विधायक ने देवाल -सुयालकोट-खेता मोटर मार्ग के किलोमीटर 16 जोकि पिछले लंबे समय से भूस्खलन प्रभावित हैं और समय-समय पर यातायात के लिए बंद होती रहती है, ।इस मौके पर लो. निवि थराली के सहायक अभियंता जेके टम्टा ने बताया कि इस स्थान को छोड़ कर स्थाई व्यवस्था के तहत कोटेड़ा-मौपाटा मोटर सड़क से करीब 1.500 किमी सड़क की कटिंग कर पिंडर नदी में 70 मीटर स्पान के पुल का निर्माण कर नलधुरा गांव में देवाल-सुयालकोट-खेता मोटर सड़क पर जोड़ने का प्रस्ताव बनाया गया हैं जिस पर करीब 12 करोड़ रुपयों का खर्च आएगा। जबकि सुयालकोट भूस्खलन का ट्रिटमेंट टीएचडीसी के अनुसार 50 करोड़ से अधिक खर्चा आएगा।इस मौके पर देवाल के नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख तेजपाल सिंह रावत,देवाल के भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश मिश्रा, महामंत्री नरेंद्र बागड़ी ,पूर्व प्रमुख नंदा देवी, जेष्ठ प्रमुख दीपक गड़िया,चोटिंग क्षेत्र पंचायत सदस्य रमेश गड़िया, पूर्व जिपंस कृष्णा बिष्ट, उदेपुर प्रधान यशवंत गड़िया,झलिया के दलवीर दानू,पोखरगाढ़ के मोहन बिष्ट भाजपा नेता लखन रावत, जितेंद्र बिष्ट,किशन गड़िया, युवराज बसेड़ा,भानू कुनियाल,भुपाल परिहार, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र बिष्ट, धर्मेंद्र बिष्ट सहित कई अन्य जनप्रतिनिध विधायक के साथ चल रहे थे।-

थराली के उपजिलाधिकारी पंकज भट्ट ने ल्वाणी गांव में विगत दिनों हुए भू-धंसाव के कारण मकानों में आई दरारों का जायजा लेते हुए ग्रामीणों को प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया इस मौके पर राजस्व उपनिरीक्षक योगी कुंवर सहित अन्य राजस्व कर्मी मौजूद थें।

## मालसी ग्राम सभा में रात्रि ग्राम चौपाल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

कार्यक्रम में विधायक श्री सुरेश गड़िया, जिलाधिकारी चमोली, श्री संदीप तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिषेक त्रिपाठी, मालसी की ग्राम प्रधान श्रीमती गीता नेगी, एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रामवासियों ने चौपाल के दौरान पेयजल, विद्यालय भवन, खेल मैदान एवं संपर्क मार्ग सहित विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया।

विधायक श्री सुरेश गड़िया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का लक्ष्य गांवों का समग्र विकास है, क्योंकि गांवों की प्रगति से ही प्रदेश और देश की प्रगति संभव है। उन्होंने



कहा कि सरकार डीबीटी प्रणाली के माध्यम से योजनाओं की धनराशि सीधे लाभार्थियों तक पहुंचा रही है, जिससे पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित हो रही है। श्री गड़िया ने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे पहाड़ की चुनौतियों को समझते हुए सरकार के साथ मिलकर विकास की प्रक्रिया में सहयोग दें।

जिलाधिकारी चमोली ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा उठाई गई समस्याओं का शीघ्र और उचित समाधान किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि राजकीय इण्टर कॉलेज के नए भवन का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।संपर्क मार्गों पर कार्य मनरेगा, जिला पंचायत योजना एवं जिला योजना के तहत किए जाएंगे।पेयजल समस्या के समाधान के लिए अधिकारी स्थलीय निरीक्षण करेंगे। जिन उपभोक्ताओं को बिना जल आपूर्ति के बिल प्राप्त हुए हैं, वे बिल निरस्त किए जाएंगे। जर्जर अवस्था में विद्यालय भवनों का नवीनीकरण एवं खेल मैदान की व्यवस्था भी प्राथमिकता में रखी जाएगी।

## टिहरी में मूसलाधार बारिश से बढ़ा खतरा

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र में पिछले सप्ताह हुई लगातार मूसलाधार बारिश ने ग्रामीण क्षेत्रों में तबाही मचा दी है। पट्टी भदूरा, रौणद रमोली, उपली रमोली, ओण और रैका पट्टी में हालात बेहद गंभीर बने हुए हैं। भारी नुकसान की आशंका के बीच निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रदीप रमोला ने जिलाधिकारी टिहरी को ज्ञापन भेजकर प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और उन्हें उचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। ज्ञापन में प्रदीप रमोला ने कहा कि पट्टी रैका के ओखलाखाल स्थित अनुसूचित जाति बस्ती में हुए भूस्खलन से आठ परिवारों के घर सीधे खतरे की जद में आ गए हैं।

## बद्रीनाथ मास्टर प्लान के संबंध में स्थानीय जनता की उठाई जा रही समस्याओं पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लिया संज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** बद्रीनाथ मास्टर प्लान के संबंध में स्थानीय जनता द्वारा उठाई जा रही समस्याओं पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने संज्ञान लेते हुए प्रमुख सचिव आवास एवं जिलाधिकारी चमोली को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने शासन और जिला प्रशासन के समन्वय से हितधारकों से संवाद स्थापित कर आ रही समस्याओं के शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में आगामी 29 अगस्त



को देहरादून में हितधारकों के प्रति. निधियों के साथ बैठक आहूत की गई है। इस बैठक में प्रमुख सचिव आवास, जिलाधिकारी चमोली सहित विभिन्न हितधारक और संबंधित पक्ष सम्मिलित होंगे। बैठक का उद्देश्य हितधारकों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन एवं सुझावों पर सकारात्मक विचार-विमर्श करना और जनहित में निर्णय लेना है।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि बद्रीनाथ मास्टर प्लान को इस प्रकार आगे बढ़ाया जाए जिससे विकास कार्य भी सुचारु रूप से संचालित हों और स्थानीय जनता की समस्याओं का समाधान भी सुनिश्चित हो। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए जिला प्रशासन सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेकर बद्रीनाथ मास्टर प्लान के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर में हो पाएगी सर्वाइकल कैंसर की प्रारम्भिक जांच

■ प्रारम्भिक जांच के संबंध में जनपद के समस्त सीएचओ को दिया जा रहा प्रशिक्षण: सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** जनपद देहरादून में सर्वाईकल कैंसर की प्रारम्भिक जांच के संबंध में जनपद के समस्त सीएचओ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय देहरादून में गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदान किये जा रहे इस प्रशिक्षण के उपरांत जनपद के समस्त सीएचओ आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सर्वाईकल कैंसर की प्रारम्भिक जांच कर पायेंगे। गुरूवार को डोईवाला और रायपुर ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को यह प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में गैर संच. ारी रोग नियंत्रण के अंतर्गत स्तन कैंसर एवं मुख कैंसर की प्रारम्भिक जांच पहले से की जा रही है। अब सर्वाईकल कैंसर की प्रारम्भिक जांच करने के लिए सीएचओ को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का लाभ यह होगा कि सर्वाइकल कैंसर का पता प्रारम्भिक जांच में ही लग पायेगा, जिससे संबंधित महिला को समय रहते अग्रिम चिकित्सा उपचार उच्च चिकित्सा इकाईयों में रेफर किया जा सकेगा।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनएचएम डॉ निधि रावत ने बताया कि जनपद के समस्त सीएचओ को यह प्रशिक्षण 5 बैचों में दिया जा रहा है। सर्वाइकल कैंसर की प्रारम्भिक जांच हेतु सीएचओ को वी.आई.ए. किट उपलब्ध कराई जा चुकी है।

मुख्य प्रशिक्षक वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मेघना असवाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण के उपरांत समुदाय स्तर से ही सर्वाइकल कैंसर की पहचान करते हुए समय रहते उचित उपचार मुहैया कराया जा सकेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला सलाहकार अर्चना उनियाल, सीपीएचसी समन्वयक मनोज खण्डूड़ी आदि सहित रायपुर एवं डोईवाला ब्लॉक के समस्त सीएचओ उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के हंगामे से गैरसैंण सत्र स्थगित होना दुर्भाग्यपूर्ण..चौहान

**श्रीनगर।** विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि गैरसैंण विधानसभा सत्र का महज डेढ़ दिन में ही स्थगित हो जाना निराशाजनक है। उन्होंने इसके लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। गुरुवार को गैरसैंण से श्रीनगर पहुंचे विकासनगर विधायक मुन्ना चौहान ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने ऐसे मुद्दे को लेकर सदन की कार्यवाही में अवरोध डाला, जो कि पहले से ही हाईकोर्ट में विचाराधीन है। नियमावली के अनुसार न्यायालय में विचाराधीन मामले पर सदन में चर्चा की इजाजत अध्यक्ष नहीं दे सकती, इसलिए अध्यक्ष ने उस पर चर्चा नहीं कराई। कहा कि प्रदेश इस समय आपदा की मार झेल रहा है, इस पर गंभीर चर्चा हो सकती थी। कई महत्वपूर्ण विषय और विधायी कार्य एजेंडे में थे, लेकिन विपक्ष केवल एक ही मुद्दे पर अड़ा रहा। विधायक चौहान ने कहा कि कम समय में भी सरकार ने आवश्यक विधायी कार्य पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ अवसर ऐसे होते हैं जब दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश हित में काम करना चाहिए।

# दून को हरित और स्वच्छ बनाने की कार्ययोजना पर मंथन

■ सिटीजन फोरम के सदस्यों ने नगर आयुक्त नमामि बंसल व अन्य अफसरों से किया संवाद



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून** ।सिटीजन फोरम के सदस्यों ने नगर आयुक्त नमामि बंसल सें संवाद कर संयुक्त प्रयासों से दून को हरित और स्वच्छ बनाने की कार्ययोजना संबंधी बैठक की गई।

औपचारिक बैठक के दौरान श्रीमती रिंकू ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं डोर-टू-डोर कलेक्शन से संबंधित चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। नगर आयुक्त नमामि बंसल ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

बैठक में नगर आयुक्त नमामि बंसल ने स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों और भविष्य की संभावनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि स्वच्छ देहरादून बनाने में नागरिकों की सहभागिता बेहद महत्वपूर्ण है। नगर निगम हर स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को और अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनाने हेतु कार्य कर रहा है। समाज के सभी वर्गों का सहयोग हमें इस दिशा में और मजबूती देगा।ष

इस अवसर पर मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य डॉ. अविनाश खन्ना, सहायक नगर आयुक्त राजबीर सिंह चौहान, मुख्य सफाई निरीक्षकगण एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त नमामि बंसल ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छता कार्यों में सक्रिय सहयोग प्रदान करें ताकि स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर देहरादून का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

## तेजी से बढ़ रही अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा की मांग

**देहरादून।** दुनिया जैसे-जैसे तेज तकनीकी बदलावों, बढ़ते जलवायु परिवर्तन के असर और भू-राजनी. तिक परिस्थितियों का सामना कर रही है, वैसे-वैसे भारत में ज्यादा से ज्यादा छात्र और परिवार अंतरराष्ट्रीय शिक्षा की ओर आकर्षित हो रहे हैं। कैम्ब्रिज इंटरनेशनल एजुकेशन (कैम्ब्रिज) ने जून 2025 की परीक्षा के नतीजे दुनिया भर के 6,80,000 से ज्यादा छात्रों को जारी किए हैं। यह पिछले साल से कुल 9 प्रतिशत ज्यादा है। कैम्ब्रिज इंटरनेशनल एजुकेशन हर साल भारत में तीन परीक्षा श्रृंखलाएँ आयोजित करता है, जिससे स्कूल अपने छात्रों की जरूरत के हिसाब से सही श्रृंखला चुन सकते हैं।कैम्ब्रिज के इंटरनेशनल एजुकेशन के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर रॉड स्मिथ ने बताया कि आज के इस अनिश्चितता और लगातार बदलते समय में, अंतरराष्ट्रीय शिक्षा जो सही समझ और बेहतर नजरिया देती है।

# ऑपरेशन कालनेमि के तहत पुलिस ने एक फर्जी बाबा को पकड़ा

■ आरोपी स्वयं को देवता का अवतार बताकर करता था झाड़-फूंक

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** भोले-भाले लोगों की भावनाओं को भड़काकर उन्हे अपने जाल में फंसाकर बाबा का रूप धारण करने और झाड़-फूंक की बात कर लोगों से रूपये एठने वाले एक ढोंगी बाबा को डोईवाला कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे राज्य के अंदर फर्जी बाबाओं को ऑपरेशन कालेनिन के तहत पकड़कर उनके खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत डोईवाला कोतवाली पुलिस ने एक जानकारी के बाद छददम भेषधारी बाबा को अपनी हिरासत में ले लिया। पकड़े गए फर्जी बाबा से स्थानीय पुलिस पूछताछ कर रही है।

वहीं उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने भी जनपद के सभी अधीनस्थ कोतवाली प्रभारी निरीक्षकों और थानाध्यक्षों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में फर्जी बाबाओं जो कि फकीरों का भेष बदलकर लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे है के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जनपद के भोले-भाले लोगों को झाड़-फूंक के नाम पर उनकी महन्त की कमाई को हजम करने वाले बाबाओं पर भी कार्यवाही करने की बात की थी जिसका असर अब दिखाई देने लगा है। अब तक देहरादून पुलिस दो दर्जन से अधिक फर्जी बाबाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनकों कानून के शिकंजे में कस रही है। विगत दिवस डोईवाला कोतवाली पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक फर्जी बाबा को गिरफ्तार किया जो कि अपने आप को देवताओं का अवतार बताकर लोगों को ठगने का काम कर रहा था। पकड़ा गया फर्जी बाबा चमत्कार दिखाने के बहाने और तंत्र-मंत्र दिखाकर लोगों की बिमा. रियों को ठीक करने का दावा करता था और क्षेत्र के लोगों को ठग रहा था। कोतवाली में पकड़े गए फर्जी बाबा से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम शौकिन नाथ पुत्र कपूर नाथ निवासी सपेरा बस्ती डोईवाला बताया।

# ऋषिकेश में बिजली लाइनें होंगी भूमिगत, केंद्र से 547.73 करोड़ जारी

■ मुख्यमंत्री धामी ने इस संबंध में केंद्र सरकार से किया था अनुरोध
केंद्र सरकार ने आरडीएसएस योजना के अंतर्गत यूपीसीएल को दिया धन
ऋषिकेश में एचटी-एलटी लाइन भूमिगत, एससीएडीए का ऑटोमेशन
धामी ने प्रधानमंत्री मोदी एवं केंद्रीय ऊर्जा मंत्री खट्टर का आभार जताया



ऋषिकेश जैसे आध्यात्मिक, पर्यटन और कुम्भ क्षेत्र के लिए यह परियोजना न केवल विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएगी, बल्कि नगर की सौंदर्यीकरण , सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उत्तराखण्ड सरकार इस परियोजना को समयबद्ध रूप से लागू करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी, जिससे प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण, सतत और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।
**- पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। केंद्र सरकार द्वारा यूपीसीएल, उत्तराखंड द्वारा ऋषिकेश के गंगा कॉरिडोर में एच. टी., एल.टी. लाइनों के भूमिगत करण एवं एससीएडीए ऑटोमेशन हेतु कुल परियोजना लागत रु. 547. 73 करोड़ (समानांतर जीबीएस रु. 493.05 करोड़ सहित) तथा पी. एम.ए. शुल्क / 1.5 फीसदी परियोजना लागत (रु. 8.22 करोड़, जिसमें जीबीएस रु. 7.39 करोड़) के साथ योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है द्य

इस परियोजना के अंतर्गत ऋषिकेश के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एचटी/एलटी विद्युत लाइनों को भूमिगत किया जाएगा, साथ ही एससीएडीए (स्काडा) ऑटोमेशन प्रणाली भी लागू की जाएगी, जिससे बिजली आपूर्ति में पारदर्शिता, निगरानी और त्वरित सुधार की क्षमता विकसित होगी।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश के गंगा कॉरिडोर क्षेत्र में विद्युत लाइनों के भूमिगत करण एवं ऑटोमेशन के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) द्वारा रुपये 547.73 करोड़ की परियोजना को अनुमोदित किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस संबंध में केंद्र सरकार से अनुरोध किया था।

# एसटीएफ ने नकली रैपर तैयार करने वाले को दबोचा

■ पूर्व में भी गिरोह के आधा दर्जन लोगों को सलाखों के पीछे भेज चुकी एसटीएफ

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** विभिन्न ब्रांडेड दवाई कंपनियों की जीवन रक्षक दवाईयां के नकली दवाईयों को तैयार कर बाजार में बेचे जाने की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए एसटीएफ टीम ने पूर्व में जहां उक्त गिरोह के आधा दर्जन लोगों को सलाखों के पीछे भेजा था तो वहीं उक्त कंपनीयों के नकली रैपर तैयार करने वाले को हिमाचल से गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने बताया कि विगत काफी समय से एसटीएफ को सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग विभिन्न ब्राडेंड दवाई कंपनीयों की जीवन रक्षक दवाईयों की हू बह हू नकर कर नकली दवाईयों को तैयार कर बाजार में बेचने का काम कर रहे है। उन्होंने बताया कि सूचना के बाद उनकी टीम द्वारा ऐसे लोगों की जानकारी कर जो कि नकली दवाईयों को बाजार में बेचने का काम कर रहे थे को पकड़ने के लिए तैयार किया था। उन्होंने बताया कि यह एसटीएफ टीम के लिए एक बड़ी चुनौती थी और उक्त चुनौती का सामना करते हुए उनकी टीम द्वारा विगत कुछ समय पूर्व नकली दवाईयों का बाजार में चलन करने वाले करीब आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर सुद्धोवाला जेल भेज दिया था। वहीं पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने भी नकली दवाईयों को बनाने वाले पर सख्त कार्यवाही की बात कही थीं।

एसटीएफ के एसएसपी नवनीत भुल्लर ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में उनकी टीम द्वारा नकली दवाईयों को बाजार में बेचकर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने वाले पांच लोगों संतोष कुमार,नवीन बंसल, आदित्य काला, देवी दयाल गुप्ता और पंकज शर्मा को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया था। उन्होंने बताया कि एसटीएफ की गिरफ्त में आए नवीन बंसल ने पूछताछ के दौरान बताया था कि ब्रांडेड कंपनीयों की नकली दवाईयों को तैयार कर उनकों प्रिंटिड एल्युमिनियम फॉयल में पैक कर स्ट्रिप बनाता था इसके लिए एल्युमिलियम फॉयल पर ब्रांडेड दवाई कंपनी का विवरण और क्यूआर कोड की प्रिन्टिड तैयार करने वाले विजय कुमार पाण्डेय जो कि उनके रैपर को हिमाचल प्रदेश से करवाता था। नवनी बंसल ने विजय कुमार पाण्डेय को एक मोबाइल फोन वर्ष 2021 में विजय कुमार पाण्डेय को फर्जी आईडी पर दिलवाया था।

उन्हांने बताया कि आरोपी विजय कुमार पाण्डेय को हिमाचल प्रदेश से विगत बुधवार को गिरफ्तार किया गया उन्होंने बताया कि पकड़े गये विजय कुमार पाण्डेय ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह ब्रांडेड दवाईयों की कंपनीयों का विवरण औश्र क्यूआर कोड प्रिंट कर पकड़े गए आरोपियों को देता था। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में बताया कि नकली दवाई बनाने और उन्हे बेचने वाले गैंग में कुछ और लोग भी शामिल है।

## सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग मचाने वाले पांच लोग गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मामले विवाद के बाद दो पक्षों में प्रेमनगर थाना क्षेत्र विघौली और केहरी गांव में मचाए जा रहे हुडदंग की खबर के बाद पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हुडदंग मचा रहे पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्रवाई की है।

एसएसपी अजय सिंह को जानक. ारी मिली थी कि प्रेमनगर थाना क्षेत्र के गांव केहरी और विघौली में कुछ लोगों द्वारा झगड़ा किए जाने और हुडदंग मचाए जाने की खबर मिली थी। ख् ाबर के बाद एसएसपी ने थानाध्यक्ष प्रेमनगर को दोनों स्थानों पर पुलिस बल को भेजकर हुडदंग मचाने वालों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे।

एसएसपी के निर्देश के बाद हरकत में आई स्थानीय पुलिस ने मौके पर जाकर वहां से पांच लोगों को अपनी हिरासत में ले लिया। थाने लाकर हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने नाम चेतन चौधरी पुत्र कुशपालर्ि सह निवासी ग्राम बेहट जनपद सहानपुर उत्तर प्रदेश, सागर पुत्र रमेश निवासी कौशिक विहार कॉलोनी सरसावा सहारनपुर, विशाल चौधरी पुत्र सिताब सिंह निवासी झबरेड़ा जनपद हरिद्वार, रवि कुमार और शुभम पुत्रगण चन्द्रभान निवासी केहरीगांव और बताए।

क्षेत्राधिकारी प्रेमनगर ने बताया कि पकड़े गए लोगों में एक युवक स्थानीय इंस्टीटयूट का छात्र है और उसके खिलाफ कार्यवाही करने के लिए संबंधित संस्थान को रिपोर्ट भेजी गई है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए सभी लोगों और छात्र के परिजनों को थाने पर बुलवाकर उनके संबंध में जानकारी दी गई और उनकी काउंसलिंग करवाई गई। वही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि बाहर से आकर दून में निवास करने वाले लोगों द्वारा किसी न किसी बात पर विवाद करना और हुडदंग मचाना उसे किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

# सदन में सो रहे नेताओं का सम्मान कांग्रेस में ही संभवः चौहान

■ जन मुद्दों के प्रति उदासीनता पर जवाबदेही तय करेगी जनता, मेज पलटने और माइक तोड़ने को हीरो की उपाधि हास्यास्पद

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि जनता के सवालों की अवाज उनके उनके चुने प्रतिनिधि होते है और जमीन से लेकर सदन तक प्रखरता से मुद्दों पर लड़ते हैं, लेकिन कांग्रेस कब कौन से तुगलकी फरमान पर चले कहा नही जा सकता है। गैरसैंण सत्र मे आर पार की लड़ाई करने का दंभ भर रहे कांग्रेस नेता अभूतपूर्व ढंग से सदन मे सो गए और बड़े नेता इसे उपलब्धि बताकर उनका सम्मान कर रहे है जो कि हास्यास्पद है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत के बयान पर टिप्पणी करते हुए चौहान ने पूछा कि गैरसैंण सत्र से आये दो नेताओं और विधायकों को महिमामंडित कर वह किस उपलब्धि के लिए सम्मानित कर रहे है ? सदन मे सवाल उठाने के बजाय निंद्रामग्न होना क्या पुरस्कार का मानक है? जनता ने उन्हे क्या सदन मे सोने के लिए चुना था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायकों का यह कृत्य संविधान के अलावा जनता के प्रति भी गैर जिम्मेदाराना कदम है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सामने यह आम जनता का सवाल है कि वह किसकी लड़ाई लड़ रही है। सड़क, विधुत, जल, शिक्षा और स्वास्थ्य के मुद्दों पर नकारात्मक टिप्पणी करती रही कांग्रेस जब सरकार से सवाल पूछ सकती थी तो उसने प्रश्न काल को नही चलने दिया। माइक तोड़ने या मेज पलटने से वह फुले नही समा रही है और उन्हे हीरो की उपाधि दी जा रही है, लेकिन जनता को इससे कोई फर्क नही पड़ता, क्योकि उसे विकास चाहिए और कांग्रेस दुष्प्रचार की नाव पर वैतिरिणी पार करने की सोच रही है।

चौहान ने कहा कि सदन मे पक्ष और विपक्ष सार्थक चर्चा से विकास की गति को आगे बढ़ा सकती है। पहले गैरसैंण मे सत्र न होने पर तमाम आरोप और सत्र का आयोजन हुआ तो हंगामा कर सदन नही चलने दिया। कांग्रेस यह भी स्पष्ट नही कर सकती कि उसने जनता के मुद्दों पर चर्चा क्यों नही की। पंचायतों के मुद्दे पर सीएम के कमिश्नरी जांच और एफआईआर की सीबीसीआईडी जांच के निर्देश के बाद भी कांग्रेस ने जवाबदेही से बचने के लिए सदन न चलने देने की रणनीति अपनाई।

उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस के लिए आत्म मंथन का सवाल है कि वह गैरसैंण मानसून सत्र मे गैरसैंण सत्र मे किस लिए शरीक हुई। प्रदेश मे दैवीय आपदा से लोग कराह रहे है और सरकार कई मोर्चों पर राहत अभियान मे जुटी है। लेकिन कांग्रेस नेताओं के सामने यह सभी विषय स्वार्थपरक राजनीति के सामने गौण है। जनता कांग्रेस की जवाबदेही तय करेगी।

# सवालों से घबराई सरकार मैदान छोड़ कर भागी: कांग्रेस

शाह टाइमस संवाददाता

विधानसभा का सत्र बीच में ही अनिश्चितकालीन स्थगित करने के पीछे सरकार की अक्षमता: धस्माना

देहरादून। मात्र तीन दिनों के गैरसैंण सत्र में सरकार विपक्ष की ओर से उठाएं जाने वाले जन सरोकारों के मुद्दों से घबरा कर सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दूसरे ही दिन गैरसैंण से उल्टे पांव भाग खड़ी हुई।



यह बात गुरुवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि फ्लेवरों तीन दिन का सत्र ही नाकाफी था प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करने के लिए और फिर पीठ द्वारा कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष की नियम 310 के तहत प्रदेश की ध्वस्त पड़ी कानून व्यवस्था और प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा पर बहस की मांग अग्राह्य करना सरकार की अक्षमता को दर्शाता ही।

धस्माना ने कहा कि पूरे राज्य में कानून व्यवस्था चौपट है, प्रदेश में पंचायत चुनावों में जिस तरह से नैनीताल में जहां उच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश समेत सारी बैंच के न्यायाधीश रहते हैं और मंडल के कमिश्नर, आईजी बैठते हैं उनकी नाक के नीचे जिला पंचायत सदस्यों का हथियारबंद लोग अपहरण करते हैं और बेताल घाट में प्रमुख चुनावों में पुलिस के सामने गोलियां चलती है और दोनों मामलों में पुलिस मूक दर्शक बनी रहती है यह प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त होने का सबसे बड़ा उदाहरण है।

धस्माना ने कहा कि प्रदेश के हर हिस्से में महिलाओं के खिलाफ हिंसा हत्या व बलात्कार की घटनाओं की बाढ़ आई हुई है और पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है। धस्माना ने कहा कि उत्तरकाशी के धराली हरसिल, यमुनोत्री, केदारनाथ व बद्रीनाथ धाम के अलावा राज्य के सभी पर्वतीय जिले भयंकर आपदा की चपेट में हैं। धराली हरसिल में अभी तक सरकार जान मॉल की हानी का आंकलन नहीं कर पाई है और बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। धराली बर्बाद हो गया है लेकिन आज की तारीख तक कोई भी केंद्रीय दल आपदा का जायजा लेने नहीं आया जबकि कुछ महीने पहले ही प्रधानमंत्री मुखबा आए थे और लोगों को घाम तापो का मूल मंत्र दे कर गए थे किंतु उन्होंने केवल फोन से जानकारी ले कर और एक संदेश दे कर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर ली। धस्माना ने कहा कि राज्य के इन दो मुद्दों पर विपक्ष नियम 310 के तहत चर्चा की मांग कर रहा था किंतु सत्ताधारी दल जवाब देने की जगह अपना बोरिया बिस्तर बांध कर उल्टे पांव गैरसैंण से देहरादून भाग गई जो निंदनीय है। धस्माना ने कहा कि आज भाजपा विधानसभा सत्र के स्थगन का आरोप कांग्रेस पर मढ़ने की कोशिश कर रही है जबकि पूरे देश और प्रदेश यह जानता है कि सदन को आहूत करने का अधिकार किसका होता है।

## माया देवी विवि में 'संस्कारम्भ-2025 'का शुभारंभ

**देहरादून।** माया देवी विश्वविद्यालय में संस्कारम्भ-2025 का शुभारंभ नए छात्र-छात्राओं के स्वागत के साथ गर्मजोशी से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ. ) आशीष सेमवाल ने की व विवि की उपाध्यक्षा डॉ. तृत्ती सेमवाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। जगमो. हन सिंह राणा ने कहा कि संस्कारम्भ केवल विवि जीवन की शुरुआत नहीं, बल्कि एक नए युग की शुरुआत है। प्रो. (डॉ.) अनीता रावत ने अपने उद्बोधन में छात्रों से शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तिगत विकास पर भी ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में विवि के पीवीसी डॉ. संदीप विजय, डॉ. सीता जुयाल, डॉ. एचएल उपाध्याय, डॉ. सर्वेश रस्तोगी, डॉ. आरबी सिंह व कुलसर्चि. चव विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# जोशी को भेंट किया गोर्खाली महिला हरितालिका तीज उत्सव का आमंत्रण



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से गुरुवार को उनके कैंप कार्यालय में गोर्खाली महिला हरितालिका तीज उत्सव कमेटी के पदाधिकारियों ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी को आगामी 24 अगस्त को गढ़ी कैंट स्थित महिंद्रा ग्राउंड में आयोजित होने वाले गोर्खाली महिला हरितालिका तीज उत्सव 2025 कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए आमंत्रण दिया।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं समिति सचिव ज्योति कोटिया, संध्या थापा आदि उपस्थित रहे।

## 'इम्पोर्टेंस ऑफ सोशल ब्रिजिंग इन ह्यूमन हेल्थ' पर संगोष्ठी आयोजित

**देहरादून।** नेशनल एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल सोशल वर्कर्स, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय परिसर देहरादून व हिमालयन अभ्युदय सामाजिक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में इम्पोर्टेंस ऑफ सोशल ब्रिजिंग इन ह्यूमन हेल्थ विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रभारी निदेशक डॉ. सुभाष रमोला ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य हमें अपने लक्ष्य हासिल करने में मदद करता है। लंबा और स्वस्थ जीवन जीने के तरीके ही सामाजिक संबंधों का महत्व है। मुख्य वक्त डॉ नरेंद्र जगूडी ने कहा है कि वर्तमान आपाधापी व्यस्ततम जीवन शैली से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को सामाजिक संबंधों से सही किया जा सकता है।

### पुलिस ने किया आपदा मित्र पर फायरिंग प्रकरण का खुलासा

# पिता से हुई मारपीट का बदला लेना चाहता था मुख्य आरोपी, असलहे समेत चार दबोचे

**निशाना था कोई और गलतफहमी में मार दी आपदा मित्र को गोली**

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव बिशनपुर के पास आपदा मित्र शिवम ड्यूटी पर जाते हुए मारपीट व गोली मारने की घटना में पुलिस ने खुलासा करते हुए मख्य आरोपी सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से दो तमंचे चार जिंदा कारतूस व एक बाइक बरामद की चारो आरोपितों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार आपदा कर्मचारी शिवम पुत्र पुष्पेंद्र निवासी सज्जनपुर थाना श्यामपुर हाल निवासी शनिचौक विकास कॉलोनी जगजीतपुर रात्रि ड्यूटी जाते हुए बिशनपुर गावं से बाहर सुनसान रास्ते पर रोककर 3-4 अज्ञात नकाबपोश व्यक्तियों द्वारा जान से मारने की नियत से आपदा मित्र के साथ मारपीट कर उसके पेट पर गोली मार दी तथा उसे मरा हुआ समझ कर मौके से फरार हो गये थे। गम्भीर रूप से घायल आपदा मित्र शिवम की पत्नी श्रीमती लक्ष्मी की तहरीर पर तीन चार बदमाशो के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा घटना का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी लक्सर के नेतृत्व में टीम गठित कर अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। टीम ने रास्ते में लगे लगगभग 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरो को चौक किया तथा गहनता से पूछताछ जारी रखी। पूछताछ में पीडित शिवम द्वारा अपने साथ किसी की कोई रंजिश होने से इन्कार किया। पीडित शिवम तथा उसके पारिवारिक अन्य एंगलों की भी पुलिस द्वारा गहनता से जांच की गयी तो कहीं भी संदेह की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई जिस कारण पुलिस टीमो द्वारा घटना के अनावरण हेतु लगातार सीसीटीवी कैमरो को बारीकि से चौक किया एवं ग्राम बिशनपुर कुण्डी तथा कटारपुर में मैनुअल पुलिसिंग के आधार पर पूछताछ जारी रखी तथा घटना स्थल के आस पास के क्षेत्रो में रात्रि के समय गोपनीय रूप से गश्त जारी रखी 20 अगस्त की मध्य रात्रि में दो व्यक्तियों को नितिश पुत्र तेलूराम एवं विक्की पुत्र पिन्टूराम निवासी बिशनपुर कुण्डी को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से एक देशी पिस्टल 32 बोर तथा एक तमन्चा 315 बोर तीन कारतूस बरामद हुआ पूछताछ में नितीश ने बताया कि उनके गावं के पुरुषोत्तम से उनकी एक जमीन को लेकर रंजिश चल रही है, पुरुषोत्तम द्वारा जून माह में अपने साथियों के साथ उनके घेर में घुसकर उनके पिताजी तेलूराम व माताजी के साथ लाठी डण्डे से मारपीट की थी। जिसका बदला लेने के लिए उसने अपने चाचा के लडके विक्की पुत्र पिन्टुराम, विशाल पुत्र सत्यपाल तथा अपनी बुआ के लडके शुभम पुत्र शीशपाल के साथ मिलकर पुरुषोत्तम को जान से मारने की योजना बनाई। जिसके चलते दो अगस्त को रात्रि 9 बजे नितीश को जानकारी मिली की पुरुषोत्तम मो0सा0 से कटारपुर चौक से गावं की तरफ आने वाला है तो अभियुक्तगण द्वारा ग्राम कटारपुर से बिशनपुर कुण्डी के पास सुनसान सडक पर उसका इन्तजार करने लगे। रात्रि लगभग 10 बजे जब आपदा मित्र शिवम कटारपुर की तरफ से बिशनपुर कुण्डी की तरफ आया तो रैकी करने वाले विशाल को उसकी कद काठी पुरुषोत्तम की तरह लगने के कारण उसने पुरुषोत्तम के आने की जानकारी नितीश व उसके साथियों को दी जिसके बाद नजदीक आने पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। परन्तु आपदा मित्र का चेहरा नजदीक से देखने के बाद मौके से तुरन्त भाग गये। घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्त विशाल पुत्र सत्यपाल एवं शिवम पुत्र शीशपाल को भी कटारपुर चौक के पास से गिरफ्तार किया गया तथा विशाल की मोटरसाईकिल भी कब्जे लिया गया। चारो आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।




एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया आपदा मित्र पर मारपीट व गोली मारने वाले चारो आरोपितो को गिरफ्तार किया उनके कब्जे से एक देशी पिस्टल 32 बोर एक तमंचा 315 बोर तीन जिंदा कारतूस घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल पल्सर बरामद की गई है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मनोज नौटियाल, एसएसआई यशवीर सिंह, फेरूपुर चौकी प्रभारी एसआई अशोक सिरसवाल, कांस्टेबल मुकेश चौहान, जयपाल सिंह चौहान, अनिल सिंह, दौलतराम, सीआईयू कांस्टेबल वसीम खान शामिल रहे।

# किसानों का उग्र प्रदर्शन, देहरादून कूच से पहले हरिद्वार टोल प्लाजा पर भिड़ंत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** देशभर में अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे किसान बृहस्पतिवार को भारी संख्या में देहरादून ऊर्जा भवन की ओर कूच कर रहे थे। लेकिन हरिद्वार के बहादराबाद टोल प्लाजा पर पुलिस ने किसानों को रोक दिया। रोकते ही किसान आक्रोशित हो उठे और हंगामा करने लगे। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की, लेकिन किसानों के न मानने पर दोनों पक्षों में नोकझोंक हो गई। किसानों का आरोप है कि हरिद्वार पुलिस ने बेवजह लाठीचार्ज किया, जिससे कई किसान घायल हो गए। वहीं पुलिस का कहना है कि लगातार शांति बनाए रखने की अपील की जा रही थी, बावजूद इसके किसानों ने नियम तोड़े। फिलहाल पुलिस ने किसानों को देहरादून जाने से रोक दिया है और मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि किसी भी हाल में कानून-व्यवस्था न बिगड़े। राजीव शास्त्री जिलाध्यक्ष किसान यूनियन ने कहा कि किसानों ने पहले ही सूचित कर दिया था लेकिन पुलिस अपनी मनमानी करने पर उतारू है, किसान पुलिस कि गुंडा गर्दी का माकूल जवाब देंगे, लाठी चार्ज में हमारे दो किसान घायल हैं। एसपी देहात शेखर सोयल हरिद्वार ने कहा कि किसानो को समझने का भरपूर प्रयास किया गाता लेकिन नहीं माने। उन्होंने बेरीकेटिंग तोड़ कर आगे कूच करने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने नाकाम कर दिया है। उन्होंने कहा कि किसानो ने हाइवे पर यातायार बाधित किया है उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



## भगवान परशुराम के प्रति अभद्र टिप्पणी पर भड़का श्री अखंड परशुराम अखाड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री अखंड परशुराम अखाड़े अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने सोशल मीडिया पर भगवान परशुराम के प्रति अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पंडित अधीर कौशिक ने बताया कि टिहरी गढ़वाल निवासी एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर भगवान परशुराम के विषय में अभद्र व आपत्तिजनक टिप्पणी करते गंदी गालियों का इस्तेमाल कर समाज में उन्मांद का माहौल उत्पन्न करने का कार्य किया गया है। जिससे पूरे ब्राह्मण समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस को भगवान परशुराम के प्रति अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी करने वाले आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। यदि कार्रवाई नहीं हुई श्री अखंड परशुराम अखाड़ा आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगा।

# युवा कांग्रेस ने शुरू किया वोट चोरी रोको अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** युवा कांग्रेस ने वोट चोरी रोको अभियान की शुरुआत करते हुए कार्यकर्ताओं को स्टिकर वितरित किए। बुधवार देर शाम मध्य हरिद्वार स्थित होटल में आयोजित युवा कांग्रेस की बैठक में अभियान की शुरूआत करते हुए जिलाध्यक्ष कैश खुराना ने कहा कि बीजेपी ने वोट चोरी अभियान चलाया और युवा कांग्रेस वोट चोरी रोको अभियान चलाएगी। घर-घर स्टिकर बांटकर लोगों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी को मताधिकार से वंचित करना बहुत बड़ा अपराध है। इसके लिए मुख्य चुनाव आयुक्त को इस्तीफा देना चाहिए। युकां शहर अध्यक्ष तुषार कपिल व कार्यक्रम संयोजक नितिन तेश्वर ने कहा कि राहुल गांधी ने जब से वोट चोरी अभियान चलाया है। तब से बीजेपी और चुनाव आयोग बौखलाए हुए हैं। चुनाव आयोग बीजेपी को सपोर्ट कर रहा है। जनता के मताधिकार पर चुनाव आयोग ने डाका डाला है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एड.अरविंद शर्मा व अशोक शर्मा ने कहा कि इस वर्ष हुए निकाय और पालिका चुनाव में भी धांधली की गयी थी। बाहरी लोगों के मतदाता सूची में नाम थे और स्थानीय लोगों के नाम काटे गए थे। जो भी इसमें शामिल हैं उन पर कार्यवाही होनी चाहिए। जिससे पता चल सके कि किसके इशारे पर स्थानीय लोगों के वोट काटे गए। बैठक में पार्षद सुनील कुमार, सोहित सेठी, विवेक भूषण विक्की, हिमांशु गुप्ता, युकां जिला महासचिव मृत्युंजय पांडे, ऋषभ वशिष्ठ, तरुण व्यास, मनोज सैनी, विकास चंद्रा, अश्विन कौशिक, जितेंद्र सिंह, आदित्य मल्होत्रा, दीपक पांडे, शुभम जोशी, लक्की महाजन, रवि बाबू शर्मा, आशु भारद्वाज, दुर्गेश, अमित चंचल, आशुतोष श्रीवास्तव, राहुल, समर्थ अग्रवाल, ओम पहलवान, दीपक कपूर, दिव्यांश अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



# श्री रामलीला कमेटी15 सितम्बर को ध्वजारोहण के साथ रामलीला का शुभारंभ करेगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री रामलीला कमेटी हरिद्वार की बैठक का आयोजन रामलीला भवन में किया गया। बैठक में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ रामलीला का आयोजन करने निर्णय लिया गया। श्रीरामलीला संपत्ति कमेटी के अध्यक्ष सुनील भसीन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वीरेन्द्र चड्ढा एवं संपत्ति कमेटी के मंत्री रविकांत अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष श्री रामलीला कमेटी हरिद्वार अपना 102 वा वार्षिकोत्सव आयोजित कर रही है। जिसका शुभारंभ पंद्रह सितम्बर को ध्वजारोहण जुलूस के साथ धूमधाम से किया जाएगा। श्री रामलीला कमेटी के दादा गुरु भगवत शर्मा एवं महामंत्री महाराज किशन सेठ ने कहा कि इस वर्ष रामलीला का विशेष आकर्षण श्री राम बारात तथा दशहरा मेला होगा। संस्था के मंत्री डा.संदीप कपूर एवं उपाध्यक्ष विनय सिंघल ने कहा कि हमारा प्रयास है कि नई युवा पीढ़ी भगवान श्रीराम के चरित्र को समझें तथा अपने जीवन में उतारे। बैठक में मुख्य रूप से रविंद्र अग्रवाल, अंजना चड्ढा, महेश गौड़, कृष्ण खन्ना एडवोकेट, साहिल मोदी, ऋषभ मल्होत्रा, राहुल वशिष्ठ, विशाल गोस्वामी, दर्पण चड्ढा, गोपाल छिब्बर, सुनील वधावन, वीरेन्द्र गोस्वामी आदि शामिल रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

### नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के साथ अभद्रता का आरोप लगाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** विधानसभा नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के साथ अभद्रता का आरोप लगाते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने शिवालिक नगर ब्लॉक अध्यक्ष अमित नौटियाल के नेतृत्व में शिवालिक नगर चौक पर प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर विरोध जताया और पुतला फूंका। ब्लॉक अध्यक्ष अमित नौटियाल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के साथ अभद्र व्यवहार किया गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दबाने के उद्देश्य से इस तरह की हरकतें की जा रही है। सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने का काम किया गया। जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस नेताओं को बलपूर्वक दबाया गया। जिला पंचायत चुनाव में भारी अनुमिताएं हुई। कार्यकर्ताओं के साथ मार पिटाई जैसी घटनाएं हुई है। अमित नौटियाल ने आरोप लगाया कि भाजपा केवल सत्ता पर काबिज होने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रही है। लेकिन प्रदेश की जनता सब कुछ समझ चुकी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओपी चौहान एवं कैलाश प्रधान ने कहा कि जिला पंचायत चुनाव में सरकार द्वारा धनबल का प्रयोग किया गया। भाजपा को जनता के हितों से कोई लेना देना नहीं है। महंगाई बढ़ रही है। किसान मजदूर हताशा निराशा का सामना कर रहे हैं। सत्ता हथियाना के लिए वोटो की हेराफेरी भी की जा रही है। मुख्यमंत्री कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सत्ता के बल पर दबाना चाहते हैं। ओपी चौहान ने कहा कि भाजपा को विकास से कोई लेना देना नहीं है। प्रदेश में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। बालेश्वर सिंह ने कहा कि भाजपा को प्रदेश की जनता चुनाव में सबक सिखाने का काम करेगी। झूठ बेनकाब होगा। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के साथ की गई अभद्रता सहन नहीं होगी। प्रदर्शन करने वालों में बलदेव पाल, रईस अहमद, सतपाल शास्त्री, तपन बनर्जी, कैलाश प्रधान, तीर्थपाल रवि, दीवानचंद, दिग्विजय सिंह यादव, विवेक यादव, प्रीतम, कंवरपाल, प्रहलाद चौहान, अक्षय नागपाल, वासु, अशोक यादव, सुनील चौहान, अर्जुन, रोहन सदावली, सुखपाल, मोहन राणा, सरोज कुमार, राजकुमार, पूनम भगत आदि शामिल रहे।



# हर गांव में लगेगा समाज कल्याण शिविर हर घर तक पहुंचेंगी सरकारी योजनाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** ब्लॉक में समाज कल्याण योजनाओं को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष देशराज कर्णवाल ने अधिकारियों संग बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर हर घर तक सरकार की योजनाएं पहुंचाना लक्ष्य है। इसके लिए प्रत्येक गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर समाज कल्याण शिविर लगाए जाएंगे ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रह सके।

बैठक में बहादराबाद ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मानस मित्तल ने जानकारी दी कि ब्लॉक के करीब 32 गांवों में ये शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाओं सहित केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंचाया जाएगा। सरकार का उद्देश्य है कि योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचे और आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो।

कार्यक्रम में राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल, ब्लॉक प्रमुख आशा नेगी, उप प्रमुख उधम सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, तेलूराम चनालिया, सुशील कुमार, हितेश चौहान आदि उपस्थित रहे

## पुलिस ने गांजे समेत तस्कर दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने गांजे समेत एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1.6 किलो गांजा बरामद हुआ है। आरोपी यूपी के फर्रुखाबाद जनपद का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसआई चरण सिंह चौहान ने सहयोगी पुलिसकर्मियों कांस्टेबल कमल मेहरा, संदीप नेगी के साथ गश्त के दौरान पंचपुरी टेंपो ट्रेवल स्टैंड रोड़ीबेलवाला टावर के पास पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र जय सिहं निवासी सुल्तान नगर थाना फर्रुखावाद जिला फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश को गांजे समेत दबोच लिया।

### बालाजी धाम सिद्धबलि हनुमान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में

# श्री कृष्ण छठी महोत्सव धूमधाम से मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री बालाजी धाम, सिद्धबलि हनुमान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर जगजीतपुर कनखल हरिद्वार में भगवान श्री कृष्ण छठी महोत्सव में बड़ी संख्या में भक्तों ने कढ़ी चावल हलवा का भोग प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि पर्व और त्यौहार भारतीय संस्कृति की पहचान है। पिछले कई वर्षों से स्थानीय लोग आलोक गिरी के सानिध्य में सभी प्रमुख त्योहार धूमधाम से मनाते चले आ रहे है। श्री बालाजी धाम सिद्धबलि हनुमान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बन गया है। आलोक गिरी महाराज का आभार जताते हुए विधायक आदेश चौहान ने कहा कि हर निमंत्रण पर वें स्वयं भी मौजूद रहने का प्रयास करते हैं। आज भी वें गैरसैंण में विधानसभा सत्र संपन्न होने के उपरांत सीधे कार्यक्रम में पहुंचे हैं। आलोक गिरी महाराज ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के साथ छठी महोत्सव मनाने की परंपरा पुरातन काल से है। आज भी बड़ी संख्या में लोग परंपरा का निर्वहन करते चले आ रहे हैं। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए मंदिर में छठी महोत्सव मनाया गया। हवन पूजन का कार्यक्रम पं, आशु झा ने संपन्न कराया। इसके उपरांत कन्या, ब्राह्मण और संतों को भोजन प्रसाद एवं दक्षिणा देकर विदा करने के उपरांत सभी भक्तों के लिए भंडारा शुरू किया गया। देर शाम तक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

बताते चलें कि मंदिर के प्रबंधक स्वामी आलोक गिरी के सानिध्य में हर वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के छठे दिन भगवान श्री कृष्ण का छठी महोत्सव भी धूमधाम से मनाया जाता है। इस कड़ी में गुरुवार को हवन पूजन के उपरांत भक्तों के लिए भंडारा शुरू किया गया। इस मौके पर पार्षद नागेन्द्र राणा, अनिल मिश्रा, काली प्रसाद शाह विष्णु देव ठेकेदार, कुलदीप शाह, डा. नारायण पंडित, सचिन चौधरी, संतोष कुमार, पंडित विनय मिश्रा, आशीष जोशी, प्रांजल शर्मा, मोती बाबा, अंकुर बिस्ट सहित अन्य लोग मौजूद रहें।



# पुलिस ने अलग-अलग गांव में मारपीट के मामले में आठ लोगों के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव में गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकीध देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामले में एक महिला और एक व्यक्ति द्वारा दी गई तहरीर पर आठ लोगो पर कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार गांव बादशाहपुर निवासी हनीफा पत्नी सय्याद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 14 अगस्त को रिजवान, तरजूखाना, शहजाद, रफिकन सभी निवासीगण बादशाहपुर ने मामूली बात को लेकर एक राय होकर उसके परिजनों के साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट की है। जिसके बाद पीड़ित महिला और परिजन पुलिस के पास पहुंचे ओर चार व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर चारो व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, दुसरी ओर मोनू पुत्र स्व. बलजोर सिंह निवासी ग्राम बुक्कनपुर थाना पथरी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही रहने वाले अंकुर पुत्र कर्म सिंह उर्फ नत्था, सावन, वाशु पुत्र मास्टर ऋषिपाल, अंकुश पुत्र कर्म सिंह उर्फ नत्था सभी निवासीगण बुक्कनपुर सभी एक राय होकर दुकान में घुस आए और उसके साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और दुकान में तोड़फोड़ भी की है। साथ ही जाते समय जान से मारने की धमकी देकर गये। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों व्यक्तियों खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पथरी एसओ मनोज नौटियाल ने बताया कि मारपीट के मामले में दो अलग-अलग गांव से तहरीर आई है। दोनों की तहरीर के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मैंने अपने पुत्र सुहैल को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इसके किसी भी कृत्य व लेने-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। अल्ताफ पुत्र स्व. श्री सरफुद्दीन, निवासी मौहल्ला चौहानान, ज्वालापुर, हरिद्वार।

# जमालपुर कलां में 1 किमी लंबे सरकारी नाले पर कब्जा

**बरसात में जलभराव से परेशान बीस हजार की आबादी**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद के ब्लॉक बहादराबाद के ग्राम जमालपुर कलां में सरकारी नाले पर लगातार अवैध कब्जा बढ़ता जा रहा है। सरकारी नाले पर कब्जे के चलते बारिश के पानी निकासी न होनें के चलते लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार यह नाला लगभग 1 किलोमीटर लंबा है और पूरे गाँव से होकर गुजरता है। नाले के ऊपर मकान बनाए गए हैं, आसपास की जमीन पर भी कब्जा किया जा चुका है और ऊपर की ओर प्लॉटिंग काट दी गई है।



ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में नाले का पानी भर जाता है, जिससे पूरे गांव में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। गंदा पानी घरों और गलियों में फैलने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

करीब 20,000 की आबादी वाले ग्राम जमालपुर कलां के लोगों को रोजाना इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण वर्षों से नाले की जमीन पर कब्जा होता आ रहा है और अब हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि पानी की निकासी का रास्ता ही बंद हो गया है। लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से तत्काल कब्जा हटाने और नाले को सुचारु करने की मांग की है, ताकि गाँव को जलभराव और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत मिल सके।

# उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन का भ्रष्टाचार चरम पर, नहीं कोई सुनवाई : हेमा भण्डारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आज जन अधिकार पार्टी जनशक्ति की राष्ट्रीय महासचिव हेमा भण्डारी अपने साथियों के साथ जनता की बिजली के बिलो की समस्याओ को लेकर हरिद्वार में उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन के अधिशासी अभियंता से मिले। हेमा भण्डारी ने कहा कि लगातार जनता बिजली की अनियमितताओं से परेशान हैं। एडवांस्ड सिक्योरिटी के नाम पर पिछले कई सालों से ऊर्जा प्रदेश उत्तराखंड का बिजली विभाग उत्तराखंड की जनता को लगातार लूट रहा है हर महीने लोगों के बिलों में 500, 1000, 2000 अतिरिक्त सुरक्षा शुल्क के नाम पर जुड़कर आ जाता है जो बिलों में नहीं दर्शाया जाता जिसकी कोई रिसिप्ट नहीं मिलती। लगातार बिजली विभाग में शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान नहीं हो रहा है अधिकारी बोल रहे हैं यह ऊपर से ही लगाया गया है जनता लाचार है। प्रदेश की जनता बेहाल है कोई सुनवाई नहीं है। एक पीड़ित की फाइल 2021 से विभाग में पड़ी थी जिसका भुगतान 2021 में किया जा चुका था और कोर्ट न भेजनें की वजह से वारंट आए तब पीड़ित लगातार विभाग के चक्कर काट रहा था।

आज जब जन अधिकार पार्टी जनशक्ति का प्रतिनिधि मंडल अधिशासी अभियंता रवि कुमार से मिला तब त्वरित एक्शन लेते हुए फाइल को जिलाधिकारी कार्यालय भिजवाया गया। परन्तु विभाग की गलती की सजा उपभोक्ता को भारी पेनल्टी भरनी पड़ रही। वहीं कुछ के सोलर लगने के बाद बिलो में अंतर देखने को मिला। हरिद्वार प्रभारी संजू नारंग ने कहा कि अगर बिजली विभाग अपनी गलतियों को नही सुधरेगा तो जन अधिकार पार्टी जनशक्ति विभाग के खिलाफ आंदोलन करेंगी।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मेरी पुत्रवधू आरती आनंद पत्नी स्वर्गीय भूपेश मेरे कहने सुनने में नहीं है मैं इसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इसके कृत्य कार्यों की वह स्वयं जिम्मेदार होगी। भारत भूषण आनंद पुत्र स्वर्गीय कृष्णलाल आनंद, निवासी 454 गली नंबर 10 राजेंद्र नगर, रुड़की, हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# स्याना चट्टी यमुना नदी में बनी झील, इलाकों को करवाई खाली

**पुलिस ने 150 लोगों सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** स्याना चट्टी में कुपडा गाड़ से मलवा आने से एक पुन: यमुना नदी का प्रवाह बाधित होने से अस्थाई झील बन गई है। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से आस-पास के घर,मकान व होटल खाली करवा दिये गये हैं।

इधर जिलाधिकारी प्रशांत कुमार आर्य ने बताया कि स्यानाचट्टी के लिए तत्काल 3 टीमें मौके पर रवाना हो चुक हैं।

गुरूवार को दोपहर बाद कुपडा गदेरे में आये मलवा से यमुना नदी में



झील बन गई है रोड़ से नीचे की ओर सभी होटलो, घरों में जल भराव हो गया है व पुल के ऊपर तक पानी भर गया है सभी घरों को खाली करवा दिया गया है वहां से 150 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। उधर यमुना नदी पर ग्राम ओजरी, ग्राम पूजारगांव, पाली गांव ,खरादी, कुथनोर, व स्यानाचट्टी को ग्रामों को अलर्ट कर दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि उक्त स्थान पर अत्यधिक जलभराव से निचले इलाकों के सभी जनमानस को सचेत रहने की आवश्यकता है। पुलिस ने स्थानीय निवासियों से अपिल की है कि

**यमुना नदी के आस-पास न जाएं, सुरक्षित स्थानों पर रहें।** पुलिस ने सहायता के लिए 112 डायल करने की अपील की है। मौके पर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ पुलिस, फायर सर्विस, सिंचाई विभाग राजस्व टीम उप जिलाधिकारी बड़कोट मौके पर मौजूद है।

गौरतलब है कि उत्तरकाशी के स्यानाचट्टी में, 28 जून की देर रात बादल फटने से कुपड़ा गाड़ से आए भारी मलबे के कारण यमुना नदी का प्रवाह रुक गया था, जिससे नदी पर एक झील बन गई थी।इस कारण स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई थी, क्योंकि झील का पानी होटलों की निचली मंजिलों तक पहुंच गया था। हालांकि, कुछ दिनों बाद मशीनरी द्वारा मलबा हटाए जाने पर झील का पानी धीरे-धीरे कम हो गया और स्थिति में सुधार हुआ, जिससे स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली थी।

# एसपी ने किया थाना ऊखीमठ का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** थाना ऊखीमठ का वार्षिक निरीक्षण करते हुए एसपी ने थाने पर लगे सीसीटीवी कैमरों व उनके बैकअप की जानकारी लेकर रख-रखाव किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रल्हाद कोंडे ने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, भोजनालय एवं थाने की बैरकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां थाना परिसर की साफ-सफाई सही पाई गई। थाने को आवंटित सरकारी सम्पत्ति का निरीक्षण कर पुलिस लाइन जीपी लिस्ट के अनुरूप प्राप्ति तिथि का अंकन किए जाने के निर्देश दिए। थाने के सभी रिकॉर्ड्स



एवं रजिस्टरों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद आयोजित सम्मेलन में पुलिस कार्मिकों की समस्याएं भी पूछी।

थाने पर लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा कर लम्बित विवेचनाओं का समय से गुणदोष के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विकास पुण्डीर, थाना प्रभारी ऊखीमठ मुकेश चौहान, वाचक पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र बलूनी, चौकी प्रभारी चोपता सतीश चन्द्र शाह, उपनिरीक्षक पूजा रावत, प्रभारी आशुलिपिक नरेन्द्र सिंह सहित थाने का स्टाफ उपस्थित रहा। वहीं, थाना ऊखीमठ में सीएलजी गोष्ठी में एसपी ने उपस्थित सभी लोगों को शराब व नशे की समस्या से अवगत कराया। एसपी ने थाना प्रभारी को इस प्रकार की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। चोपता-तुंगनाथ क्षेत्रान्तर्गत की यातायात व शटल सेवा से सम्बन्धित बिन्दु पर चौकी प्रभारी चोपता को निर्देशित किया।

# जमीनी स्तर पर योजनाओं का मिले लाभ: रावत

**रुद्रप्रयाग।** मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत ने जनपद रुद्रप्रयाग में ग्राम्य विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों, प्रगति और आगामी कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना, मनरेगा, उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूएसआरएलएम), मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण तथा पोर्टल पर विवाह पंजीकरण जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की।

# सिंगापुर में गूंजेंगे लोक गायक सौरभ मैठाणी के स्वर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के प्रसिद्ध युवा गायक सौरभ मैठाणी सिंगापुर में अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति देने जा रहे हैं। कार्यक्रम के माध्यम से वे सिंगापुर में उत्तराखंड की लोक संस्कृति का गौरव बढ़ाने का प्रयास करेंगे। यह कार्यक्रम आगामी 24 अगस्त को उत्तराखंड एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया है, जिसमें मैठाणी अपने गीतों और संस्कृति की खुशबू लेकर प्रवासी भाई-बंधुओं के बीच उपस्थित होंगे।

सौरभ मैठाणी की पहचान उत्तराखंड के एक ऐसे कलाकार के रूप में है, जो अपनी मधुर आवाज और लोक संगीत के प्रति अपने जुनून के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने त्रियुगीनारायण मंदिर में तृप्ता से विवाह किया है। तृप्ता देहरादून में संगीत और नृत्य की शिक्षिका हैं। उत्तराखंड की लोक संस्कृति में गहराई से जुड़े सौरभ मैठाणी का संगीत सेतु कार्यक्रम सिंगापुर में एक नए सांस्कृतिक अध्याय की शुरुआत करेगा। कार्यक्रम के माध्यम से वे न केवल अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे, बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति से सिंगापुर के लोगों को परिचित करवायेंगे। अभी तक सौरभ मैठाणी कनाडा, लंदन, दुबई, ओमान ,फुकेट, स्कॉटलैंड जैसे कई विदेशों में अपनी संस्कृति का प्रचम लहरा चुके हैं। सिंगापुर कार्यक्रम में सौरभ मैठाणी के साथ ख्याति प्राप्त कलाक. ार जैसे खुशी जोशी, विनोद चौहान, सौरभ उपाध्याय और सुमित गुसाई भी अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे।

# सरनौल गांव को फिर डराने लगा 50 साल पुराना भूस्खलन

**भूस्खलन से प्रभावित गांवों का होगा भूगर्भीय संरक्षण: प्रशांत आर्य**

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी:** बड़कोट तहसील का सीमांत सरनौल गांव में के निचे करीब 50 साल पुराना भूस्खलन सक्रिय होने से गांव में खतरा बनने लगा है। गांव के निचे से जमीन लगातार धंस रही है। इससे यहां के लोग डर के साये में रहने के लिए मजबूर हैं। इधर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि भूस्खलन से प्रभावित गांवों का जल्द राजस्व विभाग एवं भूगर्भीय सर्वेक्षण करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जॉइंट रिपोर्ट आने के बाद गांव में बाढ़ सुरक्षा कार्य या पुनर्वास की



कारवाई शुरू हो पायेगी।

बता दें कि सरनौल गांव के निचे धीरे-धीरे हो रहे भूस्खलन से गांव के सबसे निचले हिस्से में आवासीय भवनों में दरारें आ रही हैं।

गांव के सेवा निवृत्त शिक्षक विज. ेंद्र सिंह राणा ने बताया कि सरनौल गांव के निचे 1975-76 में भूस्खलन शुरू हुआ था तब गांव में दहशत का माहौल बन गया था उन्होंने कहा कि उस समय आपदा के मानक बहुत कम थे भूस्खलन से ग्रामीणों की सैकड़ों हेक्टेयर भूमि बर्बाद हुई थी।

**इस बार हो रही भारी बारिश से**

गांव के निचे पुन: भूस्खलन सक्रिय होने गांव पर खतरा मंडराने लगा है।

## एक नजर .......

### सीधी भर्ती को लेकर शिक्षकों के आंदोलन ने पकड़ी गति

**चकराता।** राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर शिक्षकों ने प्रधानाचार्य सीधी भर्ती को लेकर चल रहा आंदोलन लगातार गति पकड़ रहा है। प्रदेशभर के शिक्षक अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं और इसी क्रम में मंगलवार को आंदोलन तीसरे दिन भी पूरे जोश और उत्साह के साथ जारी रहा। चकराता ब्लॉक में शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतम सिंह राणा के नेतृत्व में शिक्षकों ने चौक-डाउन एवं कार्य बहिष्कार कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ब्लॉक के सभी शिक्षक साथी एकजुट होकर संघ के इस आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं और अपनी एकता का परिचय दे रहे हैं। शिक्षक संघ का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उनका मानना है कि सरकार बार-बार आश्वासन तो देती है, लेकिन ठोस निर्णय लेने से बच रही है। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि वे शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए हर समय तत्पर हैं, लेकिन जब तक उनकी उचित मांगों पर अमल नहीं होता, तब तक आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में आयांश नेगी ने मचाया धमाल, जीते पांच पदक

**चकराता।** विकासखंड कालसी में आयोजित संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर नागथात के कक्षा पाँच के छात्र आयांश नेगी ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। आयांश ने कुल पाँच पदक अपने नाम कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में आयांश ने लम्बी कूद में स्वर्ण पदक, 100 मीटर, 400 मीटर दौड़ और ऊँची कूद में रजत पदक, जबकि 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया। उनकी इस बहुमुखी प्रतिभा ने उन्हें प्रतियोगिता का उभरता सितारा बना दिया। विद्यालय के सहायक



अध्यापक केशर सिंह चौहान ने बताया कि कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच आयांश नेगी ने अपने दमदार खेल कौशल से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्थापित की है। वहीं विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने भी इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए आयांश को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### विजय प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को किया सम्मानित



**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डाकपत्थर में 37वीं प्रांतीय खेल कूद प्रतियोगिता जो की सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में आयोजित हुई थी मैं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डाकपत्थर के छात्र छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संकुल देहराद. ून की ओर से खेलते हुए सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डाकपत्थर के अंडर -19 की छात्राओं ने कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, अंडर 14 के छात्रों ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि अंडर -17 के छात्रों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। .खेल शिक्षक नीरज नेगी ने बताया कि कई छात्र-छात्राओं का चयन क्षेत्र स्तर के लिए हुआ है जिनमें सचिन नेगी, विशाल नौटियाल, वंश चौहान, अविनाश, संदीप और प्रियांशु चौहान मुख्य रूप से रहे। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य अवधेश, अखिलेश, कमलेश, चंदन, कालिका प्रसाद, दीपक, नीरज, फकीरचंद, पंकज, धन सिंह, अनिल, मुकेश, शकुंतला, रिंकी, विजेता, पूजा, शिवानी, शीतल, निर्मला, रेनू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# साहिया क्वानू मोटर मार्ग पर एक बाइक हुई अनियंत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** साहिया क्वानु मोटर मार्ग पर आज सुबह एक बाईक अनियंत्रित हो गई। जिसमें बाईक सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को साहिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए गए। उपचार के बाद एक व्यक्ति को सिर में चोट लगने के कारण चिकित्सकों ने हायर सेन्टर रेफर किया गया।

थाना क्षेत्र कालसी अंतर्गत साहिया क्वानु मोटर मार्ग पर चेईथा बैंड के समीप दो बाईक सवार अपनी बाईक से नराया गांव जाते दूसरी और से आ रही एक यूटीलीटी को बचाते समय अनियंत्रित होकर ऊपरी और गिर गये। जिससे शशिया पुत्र बौशाकु निवासी उदपाल्टा व मनीष पुत्र भोपालू निवासी उदपाल्टा को काफी चोटे आई। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साहिया पंहुचाया। जहां उपचार के उपरांत शशिया पुत्र बौशाकु के सिर पर चोट आने के कारण सिर की एमआरआई कराने हेतु हायर सेन्टर रेफर किया गया। जबकि मनीष पुत्र भोपालू को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया। केन्द्र के अधिक्षक डाक्टर बिक्रम सिंह तोमर ने बताया की एक व्यक्ति के सिर पर चोट आने के कारण रेफर कर दिया गया जबकि दूसरे को हल्की खरोंच आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

# आपदा प्रभावितों के साथ पूरी सरकार खड़ी: चौहान

**उत्तरकाशी:** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि यमुना घाटी में आपदा से भारी नुकसान हो रहा है।गुरूवार को तहसील बड़कोट के अंतर्गत स्यानाचट्टी के पास सायं 4:30 बजे गढगाड नाला से अधिक मालवा /पानी आने के कारण यमुना नदी का प्रवाह रूक गया जिससे पर स्यानाचट्टी में जलभराव के कारण स्थानीय घर और होटल आपदा की चपेट में आ गए हैं।साथ ही खरादी में भी पहाड़ी पर हुए भू-धसाव से कम से कम 10 होटल और कई स्थानीय परिवारों के मकान खतरे में हैं।

# ऊखीमठ क्षेत्र में खूंखार बंदरों और आवारा कुत्तों का आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** नगर पंचायत ऊखीमठ क्षेत्र में खूंखार बन्दरों व आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने को लेकर व्यापार मंडल ने ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा, जिसमें उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में बंदरों व आवारा कुत्तों के आतंक से महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चें काफी दहशत में है। अभी तक दर्जनों लोगों को बंदर झुंड में आकर चोटिल कर चुके हैं, जिस डर से बच्चे स्कूल जाने से भी कतरा रहे हैं।

नगर में इन जानवरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। नगर पंचायत क्षेत्र में बंदरों के उत्पाद से लोगों का



जीना मुश्किल हो गया है। खेती-बाड़ी चौपट होने के साथ ही स्थानीय लोग भी सुरक्षित नहीं है। बन्दरों द्वारा हमले की घटनाएं होने से भय का माहौल बना हुआ है। बच्चों को स्कूल जाने में डर लग रहा है। बीते दिन 14 वर्षीय बालक पर बंदरों के झुंड ने हमला कर उसे लहूलुहान किया गया।

व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव भट्ट ने कहा कि खूंखार बंदरों व आवारा कुत्तों की दहशत से स्कूली बच्चे डर के मारे स्कूल जाने से कतरा रहे हैं और स्थानीय महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है, मगर वन विभाग व नगर पंचायत समस्या का उचित समाधान नहीं कर पा रहा है, जिससे नगरवासी खासे परेशान हैं। व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी से नगर में खूंखार बन्दरों व आवारा कुत्तों से निजात दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में महामंत्री महेश बर्त्वाल, मनवर नेगी, जय प्रकाश पंवार, यशवीर बर्त्वाल, अंजनेश पंवार, हरिमोहन भट्ट, विजयपाल बर्त्वाल आदि थे।

# एकेडमी में श्रीकृष्ण उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**विकासनगर।** दून पब्लिक एकेडमी में श्रीकृष्ण उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान वातावरण में कृष्ण जी के जय जयकारे और भजन गूंजते रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीकृष्ण वंदना से हुआ। इसके पश्चात नन्हें मुन्ने विद्यार्थियों ने राधा कृष्ण और गोपियों का वेश धारण कर मनमो. हक नृत्य पेश कर समा बांध दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रामलीला और मटकी फोड़ था। कार्यक्रम में बालिकाओं ने राधा और गोपियों जबकि बालकों ने कृष्ण की भूमिका निभाई। श्रीकृष्ण उत्सव पर विद्यालय परिसर को झंडियों, फूलों और रंगोली से सजाया गया था।

# स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी: सलोनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आरके फाउंडेशन ट्रस्ट ने संस्कृत महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में विशेष स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए ट्रस्ट की अध्यक्ष सुश्री सलोनी पंवार ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। हमारा कर्तव्य है कि हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और सुंदर वातावरण मिल सके। इसके बाद, सभी प्रतिभागियों को अलग-अलग समूहों में बांटा गया। एक समूह ने महाविद्यालय के परिसर, कक्षाओं और पुस्तकालय की सफाई की, जबकि दूसरे समूह ने महाविद्यालय के आसपास के क्षेत्र से प्लास्टिक कचरा और अन्य अपशिष्ट पदार्थ एकत्र किए। छात्रों ने उत्साहपूर्वक झाड़ू लगाया, कूड़ादानों को साफ किया और पौधे लगाए। इस दौरान "'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत" और "कचरा हटाओ, जीवन बचाओ" ' जैसे नारे गूंज रहे थे।

फाउंडेशन के उपाध्यक्ष जय कुमार दुबे एवं सचिव साहिल पंवार ने कहा कि स्वच्छ माहौल में शरीर भी स्वस्थ रहता है। इसलिए जरूरी है कि गंदगी को दूर कर, स्वच्छ वातावरण में जीवन यापन किया जाए। महाविद्यालय के प्राचार्य शशि भूषण व अन्य आचार्य सुखदेव प्रसाद सिलोड़ी, देवी प्रसाद नौटियाल, विनय नैनवाल, जय प्रकाश गौड़, प्रवीण कुमार ने आरके फाउंडेशन ट्रस्ट के इस प्रयास की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यह एक सराहनीय पहल है। ऐसे कार्यक्रमों से न केवल हमारे परिसर की सफाई होती है, बल्कि छात्रों में भी जिम्मेदारी की भावना और साम. ुदायिक कार्य करने का जज्बा पैदा होता है। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को जलपान वित. रित किया गया। ट्रस्ट ने भविष्य में भी ऐसे और कार्यक्रमों का आयोजन करने का संकल्प लिया।

# परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में केमिस्ट एसोसिएशन विकासनगर के द्वारा परिषदीय परीक्षा 2025 में विद्यालय के सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व धनराशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। डेनमार्क से आई मैडम परले के द्वारा छात्र छात्राओं को भावातीत ध्यान के महत्व व लाभ के विषय में बताया। दिनेश अग्रवाल ने परिषदीय परीक्षा 2025 में सर्वाधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी निखिल चौहान 93.8 प्रतिशत एवं ऋषभ डिमरी 93.6 प्रतिशत (हाईस्कूल) को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी तथा अन्य छात्र छात्राओं से भी परिश्रम करने का आग्रह किया ताकि वे भी भविष्य में पुरस्कार प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी के कैडेट्स को भी ए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, केमिस्ट एसोसिएशन विकासनगर के पदाधिकारी उमाकांत अग्रवाल (संरक्षक), कुंवर जीत भंडारी (अध्यक्ष), दिनेश अग्रवाल (सचिव), निश्चल धीमान (कोषाध्यक्ष) तथा भावातीत ध्यान के प्रमुख आनंद व सदस्य इंद्र प्रताप, डोमनिक एवं परले (डेनमार्क) आदि मौजूद रहे।

# बैंकों की तरफ से डाकपत्थर में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** क्रिसिल फाउंडेशन के तत्वावधान में विकासनगर ब्लॉक के डाकपत्थर ग्राम में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन भारतीय रिजर्व बैंक के डीजीएम शैलेन्द्र शर्मा, एजीएम परमदीप सिंह, पीएनबी से डीजीएम, एलडीएम, एसबीआई से आरएम, एजीएम एवं क्रिसिल फाउंडेशन से सीनियर मैनेजर (ट्रेनिंग एंड कैपैसिटी बिल्डिंग) ऋचा श्रीवास्तव की मौजूदगी में किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को वित्तीय प्रबंधन, बचत की आदत, निवेश के महत्व तथा डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की जानकारी प्रदान करना था। शिविर के दौरान क्रिसिल फाउंडेशन और बैंकों के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को यह समझाया कि किस प्रकार छोटी-छोटी बचत से भविष्य में आर्थिक सुरक्षा प्राप्त की जा सकती है। साथ ही, उन्हें बैंक खाते के उपयोग, सावधि जमा, आवर्ती जमा, बीमा योजनाओं और सरकारी वित्तीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।


डिजिटल लेनदेन के बढ़ते महत्व को देखते हुए ग्रामीणों को यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग और आधार आधारित सेवाओं की जानकारी भी दी गई। विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को प्रोत्साहित किया गया कि वे वित्तीय सेवाओं का लाभ लेकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाएं। क्रिसिल फाउंडेशन से सीबीओ अंकित मिश्रा, सेंट्रल मैनेजर शूरवीर तोमर तथा फील्ड कोऑर्डिनेटर गुड्डी भंडारी भी मौजूद रहे।वही दूसरी ओर भारतीय रिजर्व बैंक देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा पंजाब नेशनल ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से हरबर्टपुर और सहसपुर में महत्वपूर्ण वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इन शिवि. रओ का उद्देश्य दिव्यांग जनों और ग्रामीण क्षेत्र की समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता के बारे में जागरूक करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करना था।

# भारी बारिश ने तोड़ी किसानों की कमर

**टमाटर, मिर्च और फलियों की फसल बर्बाद, बाजार में बढ़ सकती हैं सब्जियों की कीमतें**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** पिछले कुछ दिनों से उत्तराखंड में हो रही मूसलाधार बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खासकर मैदानी और निचले पहाड़ी इलाकों में किसानों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में पानी भर जाने से तैयार फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। किसानों के अनुसार, टमाटर, हरी



मिर्च, फ्रांस बीन्स और अन्य मौसमी सब्जियों की फसलें पूरी तरह से सड़ गई हैं।

**लाखों का नुकसान, किसान बेहाल**

लगातार बारिश के कारण खेतों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। इससे टमाटर की बेलों पर लगे फल गलकर गिर गए हैं। इसी तरह, मिर्च के पौधों की जड़ें सड़ गई हैं और फलियां भी खराब हो गई हैं। स्थानीय किसानों का कहना है कि यह उनकी आजीविका का मुख्य साधन था और अब वे पूरी तरह से बेहाल हैं। एक किसान, रमेश सिंह ने बताया, ष्हमने इस साल अच्छी पैदावार की उम्मीद में भारी निवेश किया था, लेकिन इस बारिश ने हमारी सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। हमारा लाखों का नुकसान हो गया है।

### सरकार से मदद की गुहार

किसानों ने राज्य सरकार से तुरंत मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने फसल के नुकसान का आकलन करने और उचित मुआवजा देने की मांग की है। किसानों का कहना है कि अगर समय रहते मदद नहीं मिली, तो उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वे प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर रहे हैं और जल्द ही नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजेंगे। जिला प्रशासन ने भी किसानों को आश्वस्त किया है कि इस मुश्किल समय में उनकी हरसंभव मदद की जाएगी।

### बाजार में बढ़ेगी सब्जियों की कीमतें

फसलों की बर्बादी का सीधा असर स्थानीय सब्जी मंडियों पर भी पड़ेगा। किसानों का मानना है कि आने वाले दिनों में टमाटर, मिर्च, फलियां और अन्य हरी सब्जियों की कीमतें आसमान छू सकती हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को भी परेशानी होगी। यह बारिश सिर्फ किसानों के लिए ही नहीं, बल्कि आम जनता के लिए भी एक बड़ी समस्या बन गई है।

# नशा, अवैध असलहों की चेन तोड़ें

## एडीजी लॉ एंड ऑर्डर वी. मुरुगेशन ने कुमाऊं रेंज के कप्तानों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था वी. मुरुगेशन ने वीरवार को नैनीताल के पुलिस लाइन सभागार में कुमाऊं रेंज के पुलिस कप्तानों के साथ की अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने पुलिस कप्तानों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक से पूर्व कुमाऊं रेंज के जनपदों में घटित अपराधों के अनावरण और अपराधियों की गिरफ्तारी की कार्यवाहियों का तुलनात्मक आंकलन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस कप्तान महिला अपहरण के मामलों में गंभीरता से कार्य करते हुए प्रभावी अनावरण करें तथा संलिप्त के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें। बोले कि महिला अपराधों की विवेचना करने वाले विवेचक संवेदनशील होकर कार्य करें। कहा कि चोरी व नकबजनी के मामलों का त्वरित निस्तारण करें। संलिप्तों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी कर संपति बरामदगी करवाएं। उन्होंने कहा कि आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई करें।



अवैध असलहों की सप्लाई चैन पर अंकुश लगाएं। जनपदों में सघन चेकिंग करवाएं। कहा कि अवैध नशे की सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए कड़ी निरोधात्मक कार्यवाही की जाय। नशे के अड्डों और नशा तस्करों के क्रियाकलापों पर पैनी नजर रखें। मैदानी जनपद सक्रिय होकर कार्य करें तथा सभी एंट्री पॉइंट्स व बैरियरों पर लगातार चेकिंग करें और भ्रमणशील रहें। उन्होंने सभी जनपद प्रभारियों को विवेचनात्मक कार्यवाहियों में पारदर्शिता लाने हेतु निर्देशित किया गया। कहा कि साईबर अपराधों में 1930 की क्रियाशीलता को प्रभावी बनाए। सभी साईबर फ्रॉड के मामलों प्रभावी कार्ययोजना बनाएं। पीड़ितों की संपति बरामदगी कराएं। कहा कि लंबित विवेचनाओं को समयानुसार पूर्ण करें। जनपद प्रभारी सभी अधीनस्थों के कार्यो की लगातार समीक्षा करें। विभागीय कार्यवाहियों का भी निर्धारित समयानुसार निस्तारण करें। उन्होंने जनपदों में बरामद अज्ञात शवों की शिनाखत कार्यवाही पर बल दिया। कहा कि अज्ञात शवों की शिनाख्त के संबंध में पुलिस मुख्यालय द्वारा अभियान चलाया गया है। इस अभियान में अधिक से अधिक अज्ञात शवों की शिनाखत कार्यवाही हेतु एक कार्ययोजना भी पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी की गई है जिसमें कार्यवाही हेतु उन्होंने उचित दिशा निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान रिद्धिम अग्रवाल पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र नैनीताल, प्रहलाद नारायण मीणा एसएसपी नैनीताल, मणिकांत मिश्रा एसएसपी ऊधमसिंहनगर, देवेंद्र पींचा एसएसपी अल्मोड़ा, अजय गणपति एसपी चंपावत, रेखा यादव एसपी पिथौरागढ़, आर चंद्रशेखर घोड़के एसपी बागेश्वर, निहारिका तोमर एसपी क्राइम ऊधम सिंह नगर मौजूद रहे।

# वृद्ध दंपति ने गटका जहर, पत्नी की मौत, पति की हालत नाजुक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक वृद्ध दंपति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। वृद्ध दंपति की हालत बिगड़ती देख परिजनों द्वारा आनन फानन में उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहा देर रात महिला ने उपचार के दौरान दम तोड दिया। जबकि महिला के पति की हालत नाजुक बनी हुई है। गुरुवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा के शव परिजनों को सौंप दिया। इस घटना के पीछे पारिवारिक कलह की बात सामने आ रही हैं फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से अमृतपुर जमरानी के रहने वाले 71 वर्षीय हरिदत्त पांडे पुत्र बद्रीदत्त अपनी 64 वर्षीय पत्नी मुन्नी देवी, छोटे बेटे नवीन पांडे, बहू और दो नाती के साथ चोरगलिया थानाक्षेत्र के अंतर्गत लखनपुर दौलतपुर गौलापार में रहते है। जबकि उनका बड़ा बेटा रमेश पांडे जमरानी अमृतपुर अपने परिवार के साथ रहता है। बेटे नवीन के अनुसार बुधवार दोपहर उनकी मां मुन्नी अपने नातियों के साथ हंस खेल रहीं थी। तभी पत्नी हेमा खेत से लौटी। जिसके बाद मां ने बहू हेमा से भी हंसी मजाक की। बताया जा रहा कि इसी बीच कुछ ऐसा हुआ, और वृद्ध दंपति ने करीब साढ़े सात बजे जहर खा लिया। दोनो की हालत बिगड़ती देख आनन फानन में परिजनों ने दोनो को सुशील तिवारी उपचार के लिए लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान मुन्नी देवी ने दम तोड दिया। जबकि हरिदत्त की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। इधर चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी ने बताया कि घटना के पीछे पारिवारिक कलह की बात सामने आई है, मामले की जांच की जा रही है।

## कार्यालयः- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार ( पौड़ी गढ़वाल )

पत्रांकः- 2632 / स्वा०अनु० / ई० निविदा / सू0 / 2025-26 दिनांक :-21.08.2025

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार द्वारा वेबसाईट https://uktenders.gov.in पर 45 वॉट व 72 वॉट एल०ई०डी० लाईट मरम्मत के कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा कार्य की विस्तृत शर्ते https://uktenders.gov.in अथवा नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार कार्यालय से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता है।

**नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार**

# दमुवाढूंगा वासियों के लिए ऐतिहासिक दिन: मेयर

**हल्द्वानी।** मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि दमुवाढूंगा में धारा 48 की अधिसूचना जारी हो गई है जिससे दमुवाढूंगा क्षेत्र के निवासियों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक बन गया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार करते हुए कहा कि सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय से नगर निगम के वार्ड 35, 36, 37 के अंतर्गत आने वाली जनता को उनका मालिकाना हक मिलेगा, जिसके लिए हमने कई वर्षों से संघर्ष किया और आज भाजपा सरकार ने स्थानीय नागरिकों का दर्द समझा और उनका हक दिलाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार आम जनमानस के हित पर कार्य कर रही और कटिब) है। कहा कि नगर निगम चुनाव में भाजपा ने यहां के लोगों को मालिकाना हक दिलाने का वादा किया था और आज उसे पूरा कर दिया।

# हत्या के प्रयास के मामले में तीन आरोपी बरी

**हल्द्वानी।** प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार की अदालत ने बुधवार को हत्या के प्रयास के एक मामले में तीनों आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। अदालत ने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने में पूरी तरह विफल रहा और प्रस्तुत गवाहों के बयान आपस में मेल नहीं खाते। मामला 17 अप्रैल 2019 का है। शिकायतकर्ता ललित सिंह रौतेला की तहरीर पर बनभूलपुरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। ललित सिंह ने आरोप लगाया था कि मोटरसाइकिल सवार कुछ युवकों ने उस पर तमंचे से गोली चलाने की कोशिश की थी। इस आधार पर पुलिस ने अशोक गंगवार, चंदन सिंह उर्फ देव सिंह और आनंद राम उर्फ को धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत नामजद किया था। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने कुल 11 गवाह पेश किए। हालांकि, कई चश्मदीदों ने आरोपियों की मौजूदगी और हमले की बात स्वीकार की, लेकिन जिरह के दौरान उनके बयान बदलते रहे। कुछ गवाहों ने घटना को प्रत्यक्ष रूप से देखने से इनकार कर दिया, जबकि कुछ ने पुलिस की जानकारी से असहमति जताई। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि घटना की तहरीर और गवाहों के बयान आपस में विरोधाभासी हैं। बरामद मोटरसाइकिल और अन्य साक्ष्यों की कड़ियां अभियोजन पक्ष स्पष्ट रूप से नहीं जोड़ सका। इसके अलावा, कई गवाहों ने अदालत में अपने पहले दिए गए बयानों से मुकरते हुए आरोपियों को पहचानने से इनकार कर दिया। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए न्यायाधीश ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को प्रमाणित करने में असफल रहा और आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया जाता है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जु0डि0 ) जनपद -उत्तरकाशी।**
**व्य0 वाद सं0 02 सन् 2025**

सुनील नौटियाल बनाम राजेन्द्र प्रसाद आदि

**नोटिस बनाम**

1. सूर्य प्रकाश उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र श्री जगदीश प्रसाद
2. प्रदीप उम्र लगभग 36 वर्ष पुत्र श्री जगदीश प्रसाद
3. श्रीमती लक्ष्मेश्वरी देवी उम्र लगभग 62 वर्ष पत्नी श्री जगदीश प्रसाद
4. वीरेन्द्र प्रसाद उम्र लगभग 59 वर्ष पुत्र श्री धर्मानन्द
5. प्रद्युमन उम्र लगभग 70 वर्ष पुत्र श्री वासवानन्द
6. अरविन्द प्रसाद उम्र लगभग 42 वर्ष पुत्र श्री गंगा सागर उर्फ गंगा प्रसाद
7. नवीन प्रसाद उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र श्री गंगा सागर उर्फ गंगा प्रसाद
8. अखिलेश प्रसाद उम्र लगभग 38 वर्ष पुत्र श्री गंगा सागर उर्फ गंगा प्रसाद
9. श्रीमती विमला देवी उम्र लगभग 60 वर्ष पत्नी श्री गंगा सागर उर्फ गंगा प्रसाद, सभी निवासीगण ग्राम संग्राली पट्टी बाडाहाट तहसील भटवाड़ी उपतहसील जोशियाड़ा जिला उत्तरकाशी।

एतद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने इस न्यायालय के समक्ष एक वाद अन्तर्गत धारा 38 विशिष्ट अनुतोष अधिनियम के संस्थगित किया है, जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 15 माह 09 सन् 2025 की तिथि नियत है।

अतः आप उक्त नियत तिथि को ठीक 10:00 बजे दिन इस न्यायालय के समक्ष स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना जवाबदावा, यदि कोई हो, तो प्रस्तुत करें अन्यथा वाद एक पक्षीय रूप से सुना जाकर तदनुसार ही निर्णीत कर दिया जायेगा।

आज दिनांक-21-08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

## बेदखली सूचना

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र **शारूख अनवर** मेरे कहने सुनने में नही है जिस कारण में **शारूख अनवर** को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी तरह का लेन देन व कृत्य के लिए वो स्वयं जिम्मेदार होगा

**श्रीमती आयशा मिर्जा**
**पत्नी श्री शाहिद अहमद,**
**निवासी आजाद नगर कालोनी,**
**रायपुर रोड़, देहरादून।**

## सम्बन्ध विच्छेद

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अदिति शर्मा उम्र 20 वर्ष मेरे कहने सुनने में नही है,स्वेच्छा से घर छोड़कर चली गयी है घर वापिस आने को तैयार नही है जिस कारण अपनी पुत्री अदिति शर्मा से सम्बन्ध विच्छेद करते हुये उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी तरह का लेन देन की जिम्मेदार वो स्वयं होगी

**श्रीमती पदी शर्मा पत्नी श्री अजय उनियाल, पुत्री श्री एस0के0 शर्मा निवासी- 581 टपकेश्वर कॉलोनी, टपकेश्वर मन्दिर, गढ़ी कैन्ट, जिला देहरादून, उत्तराखण्ड।**

## यूजेवीएन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808. फैक्स : 0135-2763508
सी0आईएन0 सं0: U40101UR2001SGC025866, वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्र सं0: 592 दिनांक: 21/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता(वि0/यां0), पशुलोक बैराज-ऋषिकेश के इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:-

निविदा सं0 04/अ0अ0वि0यां0/प बै/ 2025-26

कार्य /पूर्ति/सेवायें का नाम : वीरभद्र बैराज, पशुलोक, ऋषिकेश में ट्रैस रैक के 8 नं0 स्क्रीन पैनल की मरम्मत हेतु।

अनुमानित लागतः रू0 7,44,460/- +(जी0एस0टी0 अतिरिक्त)

वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः 22/08/2025 को 17.00 बजे से।

निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः 06/09/2025 समय 15:00 बजे तक।

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते है।

अधिशासी अभियन्ता (वि0/या0)
पशुलोक बैराज, ऋषिकेश

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

## उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार। मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांकः- 5887/वि0.वि0.ख0ज्वा0/ह0/शटडाउन/ई0ई0/ दिनांक- 21.08.2025

**विद्युत बन्दी सूचना**

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित तिथियों व समय में 33/11 के०वी० विद्युत उपसंस्थान, पुल जटवाडा पर तार बदलने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित क्षेत्रों से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लेखित तिथियों व समय पर आंशिक/पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| क्रम स0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33/11 के०वी० विद्युत उपसंस्थान, पुल जटवाड़ा। | 11 के0वी0 मेन बाजार | 25.08.2025/ सोमवार। <br> 27.08.2025/ बुधवार। <br> 28.08.2025/ बृहस्पतिवार। | 10:00 बजे से 14:00 बजे तक। | मेन बाजार, बाल्मीकी बस्ती, चौहानान, अनाज मण्डी एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

अधिशासी अभियन्ता

'विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं*
Toll free No- 1800-419-0405

"राष्ट्रहित में विद्युत बचायें"

## खोया पाया

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक सख्या 0038818 एवं इन्टरमीडिएट अनुक्रमाक संख्या 14030542 के अंक एवं प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये है। यदि किसी सज्जन को मिले तो निम्न पत्ते पर देन का कष्ट करें।

**कुसुम नौटियाल पुत्री शान्ति प्रसाद नौटियाल ग्राम गुलाडी, तहसील बडकोट, जिला उत्तरकाशी।**

## उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लिमि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड गोपेश्वर (चमोली)
कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्याः U40109UR2001SGC025867

**निविदा सूचना**

एतदद्वारा विद्युत वितरण खण्ड गोपेश्वर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यों के लिए ए-क्लास लाइसेन्स धारक वर्ष 2025-2026 में नवीनीकरण व अनुभवी निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदायें दो भागों में प्रथम भाग निर्धारित धरोहर राशि जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, डाकघर की सीडीआर/एफडीआर/एनएससी के रूप में अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड गोपेश्वर के नाम बन्धक हो तथा द्वितीय भाग मे नियम, शर्ते एव दरे जो कि 180 दिनो के लिए वैध हो, निविदा निम्नवत् आमंत्रित की जाती है, निविदा में वही निविदादाता भाग ले सकेंगे जो कर्मचारी आयकर, ई०पी०एफ०, जी०एस०टी० में पंजीकृत हो, किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। उपरोक्त तिथि को यदि अवकाश होता है तो निविदायें अगले कार्य दिवस में विक्रय अथवा खोली जायेंगी एवं विवरण निम्नवत् है-:

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित) रूपये में | धरोहर राशि | अनुमानित लागत लाख में | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10/ 2025-26 | उपखण्ड जोशीमठ के विकास खण्ड जोशीमठ के अन्तर्गत विभिन्न क्षमताओं के क्षतिग्रस्त परिवर्ततकों को बदलने का कार्य। मद आर०एण्ड०आर० | 1180.00 | 30000.00 | 10.00 | 05.09.2025 (12.00 बजे तक) | 06.09.2025 (12.00 बजे तक) | 06.09.2025 (16.00 बजे) |
| 11/ 2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड चमोली के गोपेश्वर अनुभाग में एलटी लाइन के सडे गले पोलो को बदलने एवं सुदढीकरण करने का कार्य मय विकेन्द्रीकृत सामग्री। मद ओ०एण्ड०एम० | 295.00 | 14000.00 | 4.60 | 05.09.2025 (12.00 बजे तक) | 06.09.2025 (12.00 बजे तक) | 06.09.2025 (16.05 बजे) |
| 12/ 2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड चमोली के नंदप्रयाग अनुभाग में एलटी लाइन के सडे गले पोलो को बदलने एवं सुदढीकरण करने का कार्य मय विकेन्द्रीकृत सामग्री। मद ओ०एण्ड०एम० | 295.00 | 9000.00 | 2.94 | 05.09.2025 (12.00 बजे तक) | 06.09.2025 (12.00 बजे तक) | 06.09.2025 (16.10 बजे) |

पत्रांकः 732/वि0वि0ख0गोपे0/टी-1 दिनांकः 21/08/2025 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचाये, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या- 0135-2760911 पर दें।)

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## ।। कार्यालय जिला पंचायत, रूद्रप्रयाग ।।

संख्याः 629/निर्माण-05 /2025 दिनांकः 05 अगस्त 2025

**निविदा सूचना**

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत स्वीकृत पंचायत भवनों, पंचायत लर्निंग सेन्टर एवं जिला योजना पर्यटन के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यो हेतु जिला पंचायत रूद्रप्रयाग के पंजीकृत ठेकेदारों से शीलबन्द निविदायें दिनांक 09/09/2025 को 2.00 बजे अपराह्न तक आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 3.00 बजे सांय को उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ 3 प्रतिशत धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/बैंक की एफ0डी0आर के रूप में अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत रूद्रप्रयाग के पद नाम से बन्धक कर प्रस्तुत करनी होगी। प्रत्येक निविदा के साथ रूपये 100.00 का नान जूडिसियल स्टाम्प पेपर व 1.00 रूपये का रसीदी टिकट लगाकर ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08/09/2025 को अपराह्न 4.00 बजे तक जिला पंचायत के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। प्रत्येक निविदादाता को निविदा प्रपत्र में अपनी दरों का प्रतिशत में स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | मद का नाम | आंगणन की धनराशि (लाख में) | धरोहर धनराशि 3 प्रतिशत | निविदा की वैद्यता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का शुल्क / जी0एस0 टी0 18प्रति0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा0 मवाणगॉव में पंचायत भवन निर्माण कार्य | आर0जी0एस0 | 2000000 | 60000 | 45 दिन | 6 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 2 | ग्रा0 क्वीली में पंचायत भवन निर्माण कार्य | आर0जी0एस0 | 2000000 | 60000 | 45 दिन | 6 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 3 | ग्रा0 पोखरी में पंचायत भवन निर्माण कार्य | आर0जी0एस0 | 2000000 | 60000 | 45 दिन | 6 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 4 | ग्रा0 पंचायत बैनोली में लर्निंग सेन्टर निर्माण कार्य | आर0जी0एस0 (पी0एल0सी0) | 1500000 | 45000 | 45 दिन | 4 माह | 1000 +18प्रतिशत |
| 5 | तिलवाडा पार्किंग में शौचालय निर्माण कार्य | जि0यो0(पर्यटन) | 495000 | 14850 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18प्रतिशत |

**शेष शर्तें:-**

1 फर्म/ठेकेदार को निविदा प्रकाशित होने की तिथि से पूर्व जिला पंचायत रूद्रप्रयाग में ए श्रेणी में पंजीकृत होना अनिवार्य है।
2 भवन निर्माण कार्य हेतु 10 लाख या अधिक का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3 शर्त निविदा/अपूर्ण निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4 निविदा के साथ ठेकेदार को अपना बैंक खाता एवं जी0एस0टी0 की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5 निविदा विक्रय एवं खोलने की तिथि को अवकाश होने की दशा में, निविदा अगले कार्यदिवस में बेची/खोली जायेगी।
6 एजेन्सी द्वारा किसी अन्य संस्था को कार्य सबलेट नही किया जायेगा।
7 निविदा स्वीकृत होने पर अनुबन्ध के समय 10 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा करनी अनिवार्य होगी।
8 कार्य सन्तोशजनक ढंग से पूर्ण होने पर ही भुगतान किया जायेगा।
9 निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दर के अन्तार्गत ही प्रत्येक कार्य पर साइन बोर्ड लगाया जाना आवश्यक होगा।
10 जिला पंचायत के बकायादार को निविदा विक्रय नहीं की जायेगी।
11 स्थानीय खनन हेतु भूतत्व एंव खनिकर्म ईकाई कार्यालय रूद्रप्रयाग से अनुमति लेनी स्वंय ठैकेदार की जिम्मेदारी होगी।
12 अन्य शर्ते एवं कार्य के निमित विशिष्टियों की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में जिला पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(संजय कुमार)
प्र0अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत रूद्रप्रयाग

## कार्यालयः- नगर पालिका परिषद चम्बा, जिला टिहरी गढवाल, उत्तराखण्ड

पत्रांकः- 550/सामग्री आपूर्ति/कोटेशन 2024-2025 दिनांकः- 08/03/2025

**अल्पकालीन कोटेशन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् चम्बा कार्यालय हेतु उपकरण/सामग्री आपूर्ति करने वाली फर्म/ठेकेदारों से दरें आमंत्रित की जाती हैं। जो दिनांकः-25/03/2025 को कार्यालय में समय 02:00 बजे अपराह्न तक प्राप्त हो जानी चाहिए। जो उसी दिन अद्योहस्ताक्षरी द्वारा सांय 04:00 बजे शासन द्वारा गठित समिति के सम्मुख खोली जायेगी। कालांतित कोटेशनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। किसी एक या समस्त कोटेशनों को निरस्त करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकारी अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित है। सामग्री का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र० सं० | सामाग्री का नाम | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | ताले (अच्छे वाले) | 10 नग |
| 2 | बायोमेट्रिक मशीन | 01 नग |
| 3 | सीढ़ी बांस वाली | 01 नग |
| 4 | सीढ़ी फोल्डेबल/एल्यूमिनियम | 01 नग |
| 5 | रेनकोट/पोचू | 35 नग |
| 6 | पंखे (सीलिंग फैन/टेबल/वॉल हैंगिंग) | 06 नग |
| 7 | ड्रिल मशीन बैटरी ऑपरेटेड (नट फास्टनर/लूजनर) | 01 नग |
| 8 | टेबल टॉप | 01 नग |
| 9 | कार्यालय में प्रमुखों/महान नेताओं आदि की फोटो (कार्यालय मांग के अनुसार) | 10 नग |

**शर्तेः-शेष शर्ते किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय समय में जानी जा सकती हैं।**

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्-चम्बा
टिहरी गढ़वाल।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद्-चम्बा
टिहरी गढ़वाल।

# एशिया कप में भारत-पाक मैच को हरी झंडी

**● सरकार ने इजाजत दी, कहा-मल्टीनेशन टूर्नामेंट खेलने से नहीं रोकेंगे, द्विपक्षीय सीरीज आयोजित नहीं होगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 9 सितम्बर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच होगा। भारत सरकार ने गुरुवार को इसकी अनुमति दे दी है। सरकार ने कहा- मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में पाकिस्तान से खेलने पर रोक नहीं है। दोनों देशों में द्विपक्षीय सीरीज नहीं होगी। खेल मंत्रालय के अधिकारी ने एक लेटर साझा किया, यह भारत सरकार की नई स्पोर्ट्स पालिसी है, जिसे गुरुवार को ही जारी किया गया है। यह लेटर खेल मंत्रालय ने जारी किया है। इसमें मीटिंग में लिए गए फैसले की जानकारी दी गई है। लेटर में लिखा है- इंटरनेशनल और मल्टीनेशनल इवेंट्स (चाहे भारत में हों या विदेश में) में भारत इंटरनेशनल खेल संस्थाओं के नियमों और अपने खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखकर निर्णय लेगा। भारतीय टीमें और भारतीय खिलाड़ी उन इंटरनेशनल इवेंट्स में हिस्सा लेंगे, जिनमें पाकिस्तान की टीमें और खिलाड़ी भी शामिल होंगे। यह ठीक वैसा ही है, जैसे भारत में होने वाले मल्टीनेशनल इवेंट्स में पाकिस्तान की टीमें और खिलाड़ी भी भाग ले सकेंगे। 2 दिन पहले 19 अगस्त को बीसीसीआई ने एशिया कप में हिस्सा लेने के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया था। इसमें सूर्यकुमार यादव को कप्तान और शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया था। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच 3 मुक. ाबले हो सकते है। पहला मैच 14 सितम्बर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरा मैच-एशिया कप में लीग स्टेज के बाद सुपर-4 राउंड होगा। भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 राउंड में पहुंचने पर 21 सितम्बर को भारत-पाकिस्तान की




दूसरी भिड़ंत हो सकती है। तीसरा मैच- अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो 28 सितम्बर को भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप में तीसरा मुकाबला खेला जाएगा। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद क्रिकेट एशिया कप में भारत के पाकिस्तान से खेलने का विरोध हो रहा है। यहां तक कि पाकिस्तान बिहार के राजगीर में भारत की मेजबानी में हो रहे हाकी एशिया कप से हट गया है। इस संबंध में मानसून सत्र में लोकसभा में भी सवाल उठा था। पूर्व क्रिकेटर्स की भारतीय टीम ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में पाकिस्तान से खेलने से इन्कार कर दिया था। वहीं बीसीसीआई ने बताए न खेलने के 4 नुकसान, पाकिस्तान से आए आतंकियों ने भारत पर बड़ा हमला किया था। इस घटना के कुछ ही महीनों बाद भारत को पाकिस्तान से क्रिकेट सीरीज खेलनी थी। विपक्षी दलों ने सरकार को घेरना शुरू किया। वे पूछते - जो पाकिस्तान हमारा खून बहा रहा है उसके साथ हम क्रिकेट क्यों खेलना चाहते हैं? इसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय से खेल मंत्रालय को निर्देश आता है कि वे बीसीसीआई को कह दें कि भारतीय टीम पाकिस्तान के साथ मैच नहीं खेलेगी। यह वाकया 2008 का है। पाकिस्तान से आए आतंकियों ने 26 नवंबर को मुंबई में बड़ा हमला किया था। इसके बाद दिसंबर में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पाकिस्तान के साथ किसी भी द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज पर रोक लगा दी थी। अब सीधा 2025 में लौटते हैं। पाकिस्तान अब भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया है। पिछले 22 अप्रैल को वहां से आए आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोषों की धर्म पूछकर हत्या कर दी। इसके बाद मांग उठने लगी है कि भारत को अब न सिर्फ द्विपक्षीय सीरीज बल्कि एशिया कप और वर्ल्ड कप जैसे मल्टीनेशन इवेंट में भी पाकिस्तान का बायकाट करना चाहिए। 9 सितम्बर से यूएई में एशिया कप होना है। भारतीय टीम घोषित हो गई है और इस टूर्नामेंट में तीन भारत-पाकिस्तान मैच संभव हैं। पाकिस्तान से खेलने पर सरकार ने गुरुवार को कहा है कि मल्टीनेशन टूर्नामेंट में पाकिस्तान से खेलने पर रोक नहीं है। हालांकि, बीसीसीआई भी नहीं चाहता कि भारत एशिया कप में पाकिस्तान का बायकाट करे। दैनिक भास्कर ने इस मुद्दे पर बीसीसीआई के दो शीर्ष अधिकारियों से इसकी वजह पूछी। दोनों ने नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर 4 ऐसे कारण बताए जिनकी वजह से बीसीसीआई चाहता है कि एशिया कप हो और इसमें भारत-पाक मुकाबले भी खेले जाएं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत ने पुरुषों की 10 मी. एयर राइफल टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**कजाकिस्तान।** भारत के रुद्रांक्ष पाटिल, अर्जुन बाबूता और किरण जाधव ने गुरुवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 में 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। यहां आयोजित स्पर्धा में भारतीय तिकड़ी ने कुल मिलाकर 1892.5 अंक हासिल किए, जिसमें पाटिल 632-3 अंकों के साथ शीर्ष पर रहे, जिससे वह क्वालीफाइंग राउंड में भी शीर्ष पर रहे और व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई। अर्जुन बाबूता ने 631.6 अंक हासिल करते हुए प्रिलिमिनरी स्टेज में 4वों स्थान हासिल किया और पदक राउंड में भी जगह बनाई। लेकिन 628.6 अंकों के साथ दसवें स्थान पर रहे किरण आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने से चूक गए।

### ईरानी-वावसोरी फिर बने यूएस ओपन मिश्रित युगल चैंपियन

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** सारा ईरानी और एंड्रिया वावसोरी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इगा स्वियाटेक और कैस्पर रूड की जोड़ी को हराकर यूएस ओपन मिश्रित युगल का अपना खिताब बरकरार रखा। इटली की सारा ईरानी और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी ने बुधवार रात को मिश्रित युगल मुकाबले के फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की इगा व नॉर्वे के कैस्पर रूड को 6-3, 5-7, 10-6 से हराया। इससे पहले स्वियाटेक व रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त पेगुला और जैक को 3-5, 5-3, 10-8 से हराया। इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में इरानी व वावसोरी ने डेनियल व हैरिसन को 4-2, 4-2 से पराजित किया।

# बीसीसीआई ने अगरकर का कान्ट्रैक्ट बढ़ाया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर का कान्ट्रैक्ट बढ़ा दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वे जून 2026 तक इस पद पर बने रहेंगे। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से अब तक इस मामले पर कोई बयान नहीं आया है। पूर्व तेज गेंदबाज अगरकर को जुलाई 2023 में टीम इंडिया की सिलेक्शन कमेटी का चेयरमैन बनाया गया था। अगरकर के कार्यकाल में टीम इंडिया 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप और इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इसके अलावा, टीम इंडिया 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी। जहां उसे आस्ट्रेलिया के हाथों हार मिली थी। आईपीएल 2025 से पहले कान्ट्रैक्ट रिन्यू किया गया था रिपोर्ट के मुताबिक, अगरकर का कान्ट्रैक्ट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले रिन्यू किया गया था। एक बीसीसीआई अधिकारी ने बताया, उनके कार्यकाल में भारतीय टीम ने खिताब जीते और बदलाव (टेस्ट और टी-20 में) भी देखा। बीसीसीआई ने उनका



**● बीसीसीआई की ओर से अब तक इस मामले पर काई बयान नहीं आया है, अजीत अगरकर को 2023 में टीम का सिलेक्शन कमेटी का चेयरमैन बनाया था**

कान्ट्रैक्ट जून 2026 तक बढ़ा दिया था और उन्होंने कुछ महीने पहले इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था। अगरकर करियर में 349 इंटरनेशनल विकेट ले चुके हैं। उन्होंने टेस्ट में 58, वनडे में 288 और टी-20 इंटरनेशनल में 3 विकेट लिए हैं। अजित अगरकर 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा रहे। उन्होंने टूर्नामेंट के 2 मैचों में 15 रन बनाने के साथ एक विकेट भी लिया था। साउथ अफ्रीका में हुए टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था।

अजित अगरकर वनडे में सबसे तेज हाफ संचुरी जमाने वाले भारतीय बैटर हैं। उन्होंने साल 2000 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 21 बाल पर अर्द्धशतक जमाया था। अगरकर ने भारत के लिए वनडे में सबसे तेज 50 विकेट पूरे किए हैं। उन्होंने 23 मुकाबलों में यह कारनामा किया था। फिलहाल, सिलेक्शन कमेटी में अगरकर, एसएस दास, सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा और एस शरत शामिल हैं, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि सितम्बर में होने वाली एनुअल जनरल बाडी मीटिंग के बाद सीनियर सिलेक्शन कमेटी में कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे। शरत सितम्बर 2021 में जूनियर सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष थे और जनवरी 2023 में सीनियर सिलेक्शन कमेटी में प्रमोट हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, बोर्ड उनकी जगह किसी नए चेहरे को नियुक्त कर सकता है।

**● आईसीसी ने रैंकिंग में हुई गलती पर सफाई दी**

# गलती की जांच हो रही: आईसीसी

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसलि (आईसीसी) ने बुधवार (20 अगस्त) को खिलाड़ियों की रैंकिंग अपडेट की, लेकिन इसमें एक बड़ा ब्लंडर कर दिया। वनडे रैंकिंग में रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाम गायब थे। पिछले हफ्ते 13 अगस्त को जारी रैंकिंग में दोनों भारतीय बल्लेबाज टॉप-5 में शामिल थे।

हालांकि, आईसीसी ने चार घंटे बाद ही गलती में सुधार किया और रैंकिंग अपडेट कर दी। अब आईसीसी ने इस मामले में सफाई दी है। काउंसिल ने विजडन से कहा, इस हफ्ते की रैंकिंग में कई दिक्कतें आई हैं, जिनकी जांच की जा रही है। हालांकि कुछ ही देर बाद टेक्निकल गड़बड़ियां ठीक कर दी गई और रैंकिंग को दोबारा

**● वनडे रैंकिंग में रोहित-कोहली के नाम शामिल नहीं थे गलती में सुधार किया**

अपडेट किया गया। इसमें इनएक्टध्वि खिलाड़ियों को हटा दिया गया और रोहित शर्मा, विराट कोहली को पिछले हफ्ते वाली ही पोजिशन पर बरकरार रखा गया। पहले भी हो चुकी हैं गलतियां आईसीसी की रैंकिंग में इससे पहले भी गलतियां हो चुकी हैं, जिन्हें बाद में ठीक कर लिया गया था। 3 साल पहले आईसीसी ने भारतीय टीम को गलती से टेस्ट की नंबर-1 टीम बना दिया था। फिर करीब ढाई घंटे के बाद इस गलती को ठीक किया गया था। आईसीसी रैंकिंग में 2 बड़ी गलतियां, दोनों बार भारत नंबर-1 बना इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की रैंकिंग में पहले भी गलतियां हो चुकी हैं। 2 मामलों में तो टीम इंडिया को टेस्ट की नंबर-1 टीम बता दिया गया था। बाद में गलती सुधार किया गया। पहली - भारत ढाई घंटे नंबर-1 रहा पहला मामला 18 जनवरी 2022 को हुआ था। जब आईसीसी की आफिशियल वेबसाइट पर दोपहर 1:30 बजे के करीब भारत को नंबर-1 टेस्ट टीम बताया गया। फिर ढाई घंटे बाद ही 4 बजे भारत को नंबर-1 से हटाकर नंबर-2 टेस्ट टीम कर दिया गया।

# महिला एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित

**● भारत को पूल 'बी' में रखा गया है जहां उसके मुकाबला जापान, थाईलैंड, सिंगापुर से होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को सलीमा टेटे की अगुवाई में आगामी महिला एशिया कप 2025 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की।

चीन के हांग्जो में पांच से 14 सितंबर तक होने वाला इस टूर्नामेंट की विजेता टीम 2026 के एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लेगी। भारत को पूल बी में रखा गया है, जहां उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा।

टीम अपने अभियान की शुरुआत पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी, उसके बाद छह सितंबर को जापान से भिड़ेगी। भारत अपना अंतिम पूल-स्टेज मैच आठ सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा। सलीमा टेटे की अगुवाई वाली इस टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतु. लित मिश्रण है, जिसमें गोलक. ीपर बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम पोस्ट के नीचे गहराई प्रदान करेंगी।

रक्षा पंक्ति में निक्की प्रधान और उदिता जैसी अनुभवी खिलाड़ी होंगी, जिनका साथ युवा मनीषा चौहान, ज्योति, सुमन देवी थौदम और इशिका चौधरी देंगी। मिडफील्ड में नेहा, कप्तान सलीमा टेटे, लालरेम. सियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और वैष्णवी विट्ठल फाल्के जैसे मजबूत नाम हैं, जो रचनात्मकता और स्थिरता दोनों सुनिश्चित करते हैं। फॉरवर्ड लाइन में अनुभवी और उभरते सितारे नवनीत कौर, संगीता कुमारी, मुमताज़ खान, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग और रुतजा दादासो पिसल का मिश्रण शामिल है।

# रहाणे ने मुंबई की कप्तानी छोड़ी

**● यह निश्चित रूप से हमारे लिए अच्छी खबर है क्योंकि पुजारा का अनुभव टीम के लिए एक बड़ा अनुभव होगा**

**मुंबई, वार्ता।** अजिंक्य रहाणे ने रणजी ट्रॉफी के आगामी सीजन से पहले टीम की कप्तानी छोड़ दी। वहीं अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि वह आगामी सीजन के लिए उपलब्ध हैं।

सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुजारा की उपलब्धता की पुष्टि की। एससीए के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने आगामी रणजी सीजन में खेलने के लिए अपनी तत्परता का संकेत दिया है। यह निश्चित रूप से हमारे लिए अच्छी खबर है क्योंकि उनका अनुभव टीम के लिए एक बड़ा फायदा होगा। भारत के लिए 103 टेस्ट मैच खेल चुके लाल गेंद के दिग्गज 37 वर्षीय पुजारा अब अपने गृह राज्य के लिए केवल बहु-दिवसीय मैचों में ही खेलते हैं। पुजारा ने पिछले सीजन में सात मैचों में 40-2 की औसत से 402 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्द्धशतक शामिल था, जब सौराष्ट्र को गुजरात के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

जून 2023 में द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद से वह भारतीय टेस्ट टीम से बाहर हैं। हाल ही में पश्चिम क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने युवाओं पर ध्यान केंद्रित करने का हवाला देते हुए पुजारा को दलीप ट्रॉफी से बाहर कर दिया था। एससीए के एक अधिकारी ने कहा कि सौराष्ट्र को पुजारा के अनुभव से लाभ मिलने की उम्मीद है। रणजी ट्रॉफी 15 अक्टूबर से शुरू हो रही है,



जिसमें सौराष्ट्र अपने पहले मैच में कर्नाटक से भिड़ेगा।

इस बीच, रहाणे ने एक बयान जारी कर कहा कि अब समय आ गया है कि मुंबई टीम की कमान एक युवा कप्तान के हाथों में दी जाए। उन्होंने कहा कि मुंबई टीम की कप्तानी करना और चैंपियनशिप जीतना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात रही है। नए घरेलू सीजन नए कप्तान को तैयार करने का यह सही समय है, इसलिए मैंने कप्तानी की भूमिका जारी नहीं रखने का फैसला किया है। रहाणे ने कहा कि मैं एक खिलाड़ी के तौर पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं और मुंबई क्रिकेट के साथ अपना सफर जारी रखूंगा ताकि हम और अधिक ट्रॉफियां जीत सकें। इस सीजन का बेसब्री से इंतजार है।

# इंग्लैंड की विश्वकप के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित

**● ब्रंट की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में हीथर नाइट को शामिल किया गया है**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने अगले महीने शुरू होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए नेट शिवर-ब्रंट की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में हीथर नाइट को शामिल किया है। मई में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद से ही नाइट ने क्रिकेट नहीं खेला है लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि वह विश्वकप के लिए फिट होने के लिए अच्छी तरह से रिकवरी कर रही हैं। इसके अलावा करीब सात महीने से समय से टीम से बाहर चल रही डैनी वायट-हॉज की भी विश्वकप टीम में वापसी हुई है जिससे इंग्लैंड की बल्लेबाजी को मजबूती मिलेगी। वायट-हॉज ने अंतिम बार एकदिवसीय प्रारूप में जनवरी में ऐशेज के दौरान खेला था। चयनकर्ताओं ने 30 सितंबर से दो नवंबर तक भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्वकप को ध्यान में रखते हुए इंग्लैंड की टीम में चार स्पिनर को शामिल किया है और माया बाउचियर, एलिस डेविड्सन-रिचर्ड्स और केट क्रॉस को विश्व कप दल में जगह नहीं मिल पाई है। सोफी एक्लस्टोन स्पिन आक्रमण की अगुवाई करेंगी और बाएं हाथ की स्पिनर ललसी स्मिथ, ऑफ स्पिनर चार्ली डीन और लेग स्पिनर सारा ग्लेन उनका साथ देंगी। लॉरेन बेल, लॉरेन फाइलर और एम आरलट पर तेजी गेंदबा. जी का दरमदार होगा। वनडे विश्वकप में इंग्लैंड की टीम:- एम आरलट, टैमी बोमॉन्ट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया, सोफी एक्लस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी, हीथर नाइट, एमा लैंब, नेट शिवर-ब्रंट (कप्तान), लिंसी व डैनी वायट-हॉज।

# सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में भारत चिर-प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश से भिड़ने के लिए तैयार

**● नेपाल को 7-0 से हराकर भारत की शानदार शुरूआत के बाद इस राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में अभी पांच मैच बाकी है**

**भूटान, वार्ता।** सैफ अंडर17 महिला चैंपियनशिप 2025 में नेपाल को 7-0 से हराकर भारत की शानदार शुरुआत के बाद, इस राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में अभी पांच मैच और बाकी हैं, मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन की राय में, 'पांच परफेक्ट मैच।

अगला मुकाबला बड़ा है। यंग टाइग्रेसेस का सामना 22 अगस्त को यहां चांगलिमथांग स्टेडियम में भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे बांग्लादेश से होगा। वे इस टूर्नामेंट के इतिहास की दो सबसे सफल टीमें रही हैं, जिन्होंने चार फाइनल खेले हैं और दो-दो जीते हैं।

बांग्लादेश ने पिछले साल पेनल्टी शूटआउट में भारत से सैफ अंडर16 महिला चैंपियनशिप का खिताब छीन लिया था। और चूंकि कई खिलाड़ी मौजूदा अंडर-17 टीम का हिस्सा हैं, इसलिए यह मैच यंग टाइग्रेसेस के लिए अपने चिर-परिचित प्रतिद्वंद्वियों से बदला लेने का एक सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भारत की तरह, बांग्लादेश ने भी बुधवार शाम मेजबान भूटान को 3-1 से हराकर जीत के साथ शुरुआत की।

हालांकि भारत की 7-0 की जीत आरामदायक लग सकती है, लेकिन शुरुआती 15 मिनट में ऐसा नहीं लगा, कम से कम तब, जब कुछ घबराहट भरे पल आए और गोलकीपर मुन्नी को कुछ बार एक्शन में आना पड़ा। लेकिन राजस्थान की 15 वर्षीय खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरी और सहज थी, और उसने एक योग्य क्लीन शीट हासिल की। एलेक्जेंडरसन ने कहा कि 7-0 से जीतना, जाहिर है, एक बड़ी उपलब्धि है। लेकिन सच कहूं तो, मैं अपनी शुरुआत से संतुष्ट नहीं था।

# प्रेस्टविज का कहर, इंडिया ए की पारी लड़खड़ाई

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** वर्षा प्रभावित इकलौते टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ए की जॉर्जिया प्रेस्टविज (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के आगे गुरुवार को इंडिया ए की टीम पहले दिन लड़खड़ा गई। यहां एलन बॉर्डर मैदान पर ऑस्ट्रेलिया ए ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए को लगातार बारिश के कारण परेशानी का सामना करना पघ और न्यूनतम 100 ओवरों में से केवल 23-2 ओवर का ही खेल हो पाया। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने मौसम का पूरा फायदा उठाया। प्रेस्टविज ने नई गेंद से ऑस्ट्रेलिया को दूसरे ही ओवर में दोहरी सफलता दिलाई। उन्होंने दूसरे ओवर की पांचवी गेंद पर सलामी बल्लेबाज नंदिनी कश्यप (शून्य) और अगली ही गेंद पर धारा गुज्जर (शून्य) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इंडिया ए का तीसरा विकेट 10वें ओवर में तेजल हसबनिस (नौ) के रूप में गिरा। उन्हें सियाना जिंजर ने मिल्स के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद अगले ही ओवर में प्रेस्टविज ने स्टार ओपनर शेफाली वर्मा को एक बेहतरीन गेंद पर बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया की झोली में चौथा विकेट डाल दिया। शेफाली ने 38 गेंदों में 35 रन की पारी में आठ चौके लगाए। इस समय भारत का स्कोर चार विकेट पर 44 रन था। ऐसे संकट के समय तनुश्री सरकार ने राघवी बिष्ट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

# गिल के उपकप्तान बनने से संजू की जगह को खतरा

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 के लिए शुभमन गिल का बतौर उप-कप्तान टी-20 टीम में वापसी करना संजू सैमसन की प्लेइंग-इलेविन में जगह पर बड़ा खतरा साबित हो सकता है। अब जब गिल उप-कप्तान हैं तो जाहिर है प्लेइंग-इलेविन में उनका स्थान करीब-करीब तय है, गिल के लिए यह तो अच्छा मौका है लेकिन इसका असर टी-20 में भारतीय टीम के संयोजन पर भी पड़ेगा। गिल लाल गेंद में तो पहले नंबर-3 और अब नंबर-4 पर खेलते हैं लेकिन सफेद गेंद में वह एक ओपनर हैं। यानी वह अगर प्लेइंग-इलेविन में आते हैं जिसकी संभावना प्रबल है तो फिर उनके लिए अभिषेक शर्मा या सैमसन में से किसी एक को अपना स्थान देना होगा। भारत के लिए पिछले 12 टी-20 से लगातार अभिषेक और सैमसन की जोड़ी ही पारी का आगाज

**● शुभमन गिल के लिए यह तो अच्छा मौका है लेकिन इसका असर टी-20 में भारतीय टीम के संयोजन पर भी पड़ेगा**

कर रही है। अभिषेक और सैमसन की सलामी साझेदारी ने इस दौरान 22-25 की औसत से 267 रन बनाए हैं, जिसमें एक ही बार दोनों के बीच 50+ की साझेदारी हुई और इस जोड़ी ने 9-82 की रन रेट से आक्रामक शुरुआत दिलाई है। इतना ही नहीं इन 12 मैचों में 10 बार भारत के सिर जीत का सेहरा बंधा है और इनमें से तीन बार सैमसन (2) और अभिषेक (1) में से कोई प्लेयर ऑफ द मैच रहा है। अभिषेक ने इस दौरान एक तो सैमसन ने तीन शतक भी जड़े हैं। अब ऐसे आंकड़ों के बावजूद इस सलामी जोड़ी को छेड़ना या तोड़ना हैरान जरूर कर सकता है। लेकिन भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर की





सोच कुछ अलग है, उन्होंने कहा कि सैमसन पारी का आगाज तब कर रहे थे जब सीनियर खिलाड़ी नहीं खेल रहे थे। अगरकर का यह बयान इशारा कर रहा है कि गिल के आने के बाद सलामी जोड़ी में बदलाव लगभग तय है। अब सवाल ये खड़ा होता है कि गिल अगर ओपन करेंगे तो उनके सलामी साझेदार सैमसन होंगे या अभिषेक। टीम मैनेजमेंट के हाल के फैसले और सोच को समझने की कोशिश की जाए तो इसका जवाब ज्यादा मुश्किल नहीं है। एक तो ये कि टीम मैनेजमेंट अब वैसे खिलाड़ियों को तरजीह देती है जो बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी का भी विकल्प दे सकें। अभिषेक इस श्रेणी में सटीक बैठते हैं क्योंकि वह एक उपयोगी बाएं हाथ के स्पिन गें. दबाज भी हैं। दूसरा उनका मौजूदा फॉर्म और बेजोड़ स्ट्राइक रेट विपक्षी टीम को हक्का बक्का कर देता है। अभिषेक ने भारत के लिए आखिरी टी-20 में 54 गेंदों पर 135 रनों की आतिशी पारी खेली थी।

## अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने दरगाह साबिर पाक में लगाई हाजिरी

# अल्पसंख्यकों की बेहतरी को करेंगे काम : शारिक

**❖ मेम्बर शारिक मलिक ने सज्जादा परिवार से की मुलाकात, सज्जादानशीन शाह यावर मियां ने दिया उर्स में आने का न्योता**

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीरान कलियर।** उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य शारिक मलिक ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर दरगाह साबिर पाक मे हाजिरी लगाई। इस दौरान अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य शारिक मलिक ने सज्जादानशीन परिवार से मुलाकात की।

वहीं दरगाह साबिर पाक के साहिबजादा शाह यावर मियां ने अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य शारिक मलिक को साबिर पाक के उर्स में शामिल होने का न्यौता दिया। बुधवार को उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य शारिक मलिक कलियर पहुंचे। इस दौरान शारिक मलिक ने दरगाह साबिर पाक में चादरपोशी की, और अकीदत के फूल पेश किए। जिसके बाद शारिक मलिक अपने समर्थकों के साथ सज्जादानशीन परिवार से मिलने के लिए पहुंचे। जहां पर दरगाह साबिर पाक के साहिबजादा शाह यावर मियां ने अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य शारिक मलिक का स्वागत किया और साबिर पाक के उर्स में शामिल होने का न्यौता दिया।

अल्पसंख्यक आयोग सदस्य शारिक मलिक ने कहा कि वह अल्पसंख्यक समाज के हितों की



रक्षा के लिए काम करेंगे व पीडित अल्पसंख्यक समाज को न्याय दिलाने के लिए भी ईमानदारी जिम्मेदारी से काम करेंगे तो अल्पसंख्यकों के कल्याण, विकास व शिक्षा की बेहतरी के लिए काम करेंगे। उन्होंनें कहा कि वह पूरे राज्य में अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा करने के साथ उनके पिछडेपन को दूर करने के लिए भी आयोग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर उनके उत्थान के लिए काम करेंगे। खासकर शिक्षा को लेकर डाटा तैयार करवायेंगे ओर जहां शिक्षा की व्यस्वस्था नहीं है वहां पर काम किया जायेगा। साहिबजादा शाह यावर मियां ने बताया कि साबिर पाक के सालाना उर्स का आगाज मेहंदी डोरी की रस्म के साथ शुरू हो जाएगा। उर्स में देश के अलग-अलग हिस्सों से अकीदतमंद जायरीन कलियर पहुंचते हैं। वही उन्होंने कहा कि दरगाह साबिर पाक के सज्जादानशीन शाह अली एजाज साबरी के मार्गदर्शन में उर्स मे आने के लिए न्यौता भेजा जा रहा हैं। सज्जादा परिवार की ओर से करीब सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## लूट की झूठी सूचना देने वाले को पुलिस दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा लूट की झूठी सूचना देने पर गुमराह कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथाण ने जानकारी देते हुए बताया 21 अगस्त 2025 को टांडा भागमंल गुरुद्वारे में सेवा का काम कर रहे एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी रायसी में आकर सूचना दी की दरगाह पुर के पास किसी अनजान शख्स ने उससे 100000 की नकदी मोटरसाइकिल व मोबाइल छीन लिया और मौके से फरार हो गया। लूट की सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी हरिद्वार ने पुलिस को तुरंत खुलासा करने और आरोपी को गिरफ्तार करने के आदेश दिए जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा तत्काल घटनास्थल के पास पहुंचकर आसपास के लोगों एवं राहगीरों से पूछताछ में ऐसी कोई घटना भी घटना सामने न आने पर पुलिस की शक की सुई खुद को पीड़ित बता रहे व्यक्ति की ओर घूम गई फर्जी पीड़ित के प्रारंभिक बयानों से इतर पुलिस टीम ने जब तथ्य खगाले तो सामने आया कि खुद को लूट का शिकार बता रहा शख्स ऑनलाइन गेम खेलने का आदि निकला पड़ताल में यह भी सामने आया कि उसने गुरुद्वारा कमेटी से 100000 उधार लिए थे जिन्हें चुकाने से बचने के लिए उसने लूट की मनघडत घटना रची थी। पुलिस टीम ने गन्ने के खेत में छिपा कर रखी गई मोटरसाइकिल को बरामद कर सीज कर दिया तथा झूठी सूचना देने पर आरोपी व्यक्ति का पुलिस एक्ट में चालान कर कड़ी फटकार लगाते हुए भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने की स्पष्ट चेतावनी दी। इस खुलासे के लिए पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी इंचार्ज नीरज रावत हेड कांस्टेबल प्रदीप कनौजिया सुरजीत सिंह कांस्टेबल महेंद्र सिंह अनिल वर्मा शामिल रहे।

## डाकघर बचत खातों में करोड़ों की हेराफेरी के आरोपी

# राकेश शर्मा को 7 वर्ष का कठोर कारावास व 50 हजार का जुर्माना

**❖अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कपिल कुमार त्यागी ने सुनाई सजा**

शाह टाइम्ससंवाददाता

**रुड़की।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रुड़की की अदालत ने डाकघर बचत बैंक खातों से करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी राकेश शर्मा को दोषी करार देते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 420 व 409 के तहत सात-सात वर्ष के कठोर कारावास तथा 50-50 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त एक वर्ष का कठोर कारावास भुगतना होगा।

जानकारी के अनुसार, वादी मुकदमा गण डाकघर बचत बैंक, मिलाप नगर शाखा, रुड़की में आरोपी राकेश शर्मा व उसके पुत्र अनुराग शर्मा ने करीब 500 लोगों के बचत खाते खोले थे। वर्षों तक लोग इन खातों में धनराशि जमा करते रहे। बाद में जब खाताधारकों ने बैलेंस जांचा तो उनके जमा धन में भारी गड़बड़ी पाई गई। जांच में सामने आया कि आरोपी ने खाताधारकों की जमा रकम में हेराफेरी कर लगभग एक करोड़ रुपए का गबन किया और फरार हो गया। इस पर पीड़ितों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 409 व 120बी में मुकदमा दर्ज किया। विवेचना उपनिरीक्षक रंजीत खनेड़ा ने की तथा आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले की पैरवी सहायक अभियोजन अधिकारी कपिल पंत और वासुदेव ने की। साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# ताइक्वांडो टीम ने जीते दो स्वर्ण व चार रजत पदक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रूडकी।** ताइक्वांडो क्लब की चार बालिकाओं ने खेलो इंडिया के अंतर्गत अश्मिता महिला राज्य ताइक्वांडो चौंपियनशिप लीग अल्मोड़ा मे दो स्वर्ण और चार रजत पदक जीत कर अपने जिले व शहर का नाम रोशन किया।

यह प्रतियोगिता दिनांक 17-19 अगस्त को अल्मोड़ा के शिवालिक इन होटल मे हुई इस प्रतियोगिता मे रूडकी ताइक्वांडो क्लब की अनन्या गुप्ता, दिव्यांशी ने स्वर्ण पदक इंडिविजुअल पूमसे इवेंट मे जीता, और अंशिका शर्मा व आदया जैन ने रजत




पदक जीता। कोच आनंद कृष्ण गोस्वामी ने बताया कि और क्योरुगी इवेंट में अनन्या गुप्ता ओवर 59 मे व दिव्यांशी ने अंडर 32 मे रजत पदक पदक जीता।

## हज कमेटी आफ इंडिया ने किस्त जमा करने की तिथि बढ़ाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** उत्तराखंड राज्य हज समिति के ईओ मोहम्मद आरिफ ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया ने किस्त जमा करने की तिथि बढ़ा दी है। चयनित हज आवेदक अब 25 अगस्त 2025 तक पहली किस्त जमा कर सकते हैं। इससे पहले 20 अगस्त तक ही यह किस्त जमा करनी थी। आवेदक को साल 2026 के लिए पहली किस्त के रूप में 1,52,300 रुपये प्रति आवेदक जमा कराने हैं। तिथि बढ़ने से हज पर जाने वालों को काफी सहूलियत मिलेगी।उन्होंने बताया कि चयनित आवेदक अपनी लॉग इन आईडी से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यूपीआई के जरिए किस्त के रुपये जमा कर सकते हैं। धनराशि हज कमेटी ऑफ इंडिया के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाते में जमा की जा सकती है। हज आवेदकों को पहली किस्त जमा करने की पे-इन-स्लिप/ऑनलाइन रसीद, हज आवेदन फार्म की हार्ड कॉपी , पासपोर्ट, मेडिकल एंड फिटनेस सर्टिफिकेट, डिकलेरेशन ,कौंसिल चौक समेत अन्य सभी दस्तावेज 30 अगस्त 2025 तक राज्य हज समिति के कार्यालय पिरान कलियर हज हाउस जमा करना होगा।

## जैविक व प्राकृतिक खेती पर किसान गोष्ठी का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** ग्राम झबरेड़ी कला में गुरुवार को अंबुजा फाउंडेशन की ओर से जैविक एवं प्राकृतिक खेती परियोजना के तहत किसान गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को सरसों की फसल का उत्पादन बढ़ाने की जानकारी दी गई। अंबुजा फाउंडेशन की ओर से गुरुवार को ग्राम झबरेड़ी कला में जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने से सरसों का उत्पादन बढ़ाने तथा सरसों बीज प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अंबुजा फाउंडेशन की ओर से आए कृषि वैज्ञानिक कमल कुमार ने बताया कि सरसों की फसल की जैविक तरीके से बुवाई करने से अच्छा उत्पादन लिया जा सकता है। सरसों की बुवाई सितंबर माह से अक्टूबर के दूसरे सप्ताह तक का अच्छा समय माना जाता है। किसान को सरसों की बुवाई के लिए अपने खेत की अच्छी तरह जुताई करने के बाद उसमें कंपोस्ट खाद डालना आवश्यक होता है। कंपोस्ट खाद डालने के बाद उसकी दोबारा से जुताई करने के बाद जब खेत की मिट्टी भुरभुरी हो जाए तथा खेत मे अच्छी नमी होने पर सरसों की बुवाई कर देनी चाहिए। यहभी ध्यान रखना आवश्यक है कि सरसों के पौधों की उचित दूरी होनी चाहिए। जिससे सरसों का पौधा अच्छे से फल फूल सके। समय पर सरसों की फसल में पानी लगाना चाहिए। सरसों की फसल दो पानी से ही तैयार हो जाती है। जिस समय सरसों की फसल में फूलों के बाद फली आती है उस समय सरसों की फसल में अकसर अल कीट न आने पाये। उसके लिए कीटनाशक दवाई का स्प्रे कर देना चाहिए। सरसों की फसल में अल कीट ना आने पर उसका दाना मोटा व स्वस्थ होता है। जिससे फसल का उत्पादन अच्छा होता है ।सरसों कटाई के बाद सरसों की फसल के बीज प्रबंधन के लिए उसे धूप में अच्छे से सुखाकर स्टोर किया जा सकता है। किसान गोष्ठी में राजकुमार बृजपाल शिवकुमार अशोक कुमार कुंवर पाल कर्मवीर सिंह मांगेराम गिरवर सिंह रामकुमार रोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# झबरेड़ा पुलिस ने किशोर के साथ दुष्कर्म करने वाला दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** थाना पुलिस ने एक नाबालिग किशोर के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को महज 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना झबरेड़ा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाना झबरेडा आकर तहरीर दी कि हाफीज/इमाम बड़ी मस्जिद खाताखेडी नासिर पुत्र नसीर निवासी सुल्तानपुर थाना लकसर जनपद हरिद्वार द्वारा उनके 7 वर्षीय नाबालिक पुत्र को मस्जिद में पढ़ने के दौरान अपने कमरे में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया व किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी, दाखिला तहरीर के आधार थाना झबरेड़ा पर मु०अ०स० 260/25 धारा 351(2) बीएनएस व 5(1),5(उ)/6 पोक्सो अधि० बनाम नासीर उपरोक्त दर्ज किया गया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार महोदय द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना झबरेड़ा को अभि0 की शीघ्र गिरफ्तारी किए जाने निर्देशित किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना झबरेड़ा द्वारा अभि0 की गिरफ्तारी हेतु उपनिरीक्षक नितिन बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। घटना के बाद अभि0 शहर छोड़ने की फिराक में था। पुलिस टीम द्वारा कुशल सुरागरसी पतारसी के आधार पर नाबालिग किशोर के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले मस्जिद के इमाम नासिर पुत्र नसीर निवासी सुल्तानपुर कुम्हारी थाना लक्सर हरिद्वार को चौबीस घंटे के भीतर खाताखेड़ी देवपुर सड़क मार्ग से गिरफ्तार किया गया। अभि0 को बाद आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक नितिन बिष्ट, म0उप0नि0 मनसा ध्यानी, हेड0 कानि0 अमित कुमार, हेड0कानि0 वीरेन्द्र शर्मा शामिल रहे।

## आंखों की जांच को फ्री कैंप का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** ईदगाह चौक स्थित बैंक एचडीएफसी लाइफ ब्रांच में आंखों की जांच के लिए फ्री कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में, आंखों के डॉक्टरों द्वारा मुफ्त जांच और परामर्श व नेत्र रोग के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर आई क्यू सुपरस्पेशियलिटी आंखों का अस्पताल द्वारा एचडीएफसी लाइफ ब्रांच में आंखों की जांच के लिये फ्री कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में नेत्र रोग विशेषज्ञों डॉक्टर अनिता,डॉ. अरविंद,व मनोरमा द्वारा आंखों की जांच की गई, आंखों की समस्याओं पर परामर्श व आवश्यकतानुसार देख रेख करने की सलाह दी गई और जांच के दौरान मुफ्त आई ड्रॉप दी गई। इस अवसर पर एचडीएफसी लाइफ इन्श्योरेंस ब्रांच के सदस्य ब्रांच मैनेजर मोहित व अनिल सिंदुरिया, अजय कंडारी फहाद काजमी,मोहम्मद अनस,पोपिन, अर्चित, नावेद अख्तर,देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

## खेत में चारा लेने जा रहे युवक को मारपीट कर किया घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव कोटवाल आलमपुर निवासी एक किसान को गुरुवार को एक युवक द्वारा मारपीट कर उस समय घायल कर दिया जब वह खेत में ट्रैक्टर बोगी लेकर पशुओं के लिए चारा लेने जा रहा था। मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

ग्राम कोटवाल आलमपुर निवासी मोहतसीम उर्फ भूरा द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि वह गुरुवार को ट्रैक्टर बोगी लेकर खेत में पशुओं के लिए चारा लेने के लिए जा रहा थ उसी समय ग्राम दुगचाडा थाना देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश निवासी आशू कुमार बाइक से उसके पीछे आ गया। सड़क रास्ता तंग होने के कारण कुछ दूरी तक उसे रास्ता नहीं मिल पाया। कुछ दूरी आगे रास्ता मिलने पर उसने अपनी बाइक ट्रैक्टर से आगे निकाल कर उसके ट्रैक्टर के आगे लगा दी। तथा उसे ट्रैक्टर से नीचे खींच कर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होते देख वहां पर गांव के ही कुछ किसान भी आ गए। लोगों को इकट्ठा होते देख वह बाद में देख लेने की धमकी देकर चला गया। थाना निरीक्षक अजय कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज का जांच शुरू कर दी गई है।

## बाइक सवार दंपति पर धारदार हथियार से हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

**नारसन।** रुड़की से घर लौट रहे बाइक सवार एक दंपति पर नारसन खुर्द में दो बाइक सवार युवको ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया शोर मचाने के बाद आसपुरुष के लोग मुख पर पहुंचे तो आरोपी बाइक लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार मोहल्ला झोजगन पुरकाजी उत्तर प्रदेश निवासी सलमान अपनी पत्नी के साथ बाइक से रुड़की से पुरकाजी अपने घर वापस लौट रहा था जैसे है ये हाइवे पर नारसन खुर्द गांव के पास शिव मंदिर से आगे निकल तो पीछे से बाइक सावार दो युवकों ने चलती बाइक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिसमे सलमान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। जब उसकी पत्नी ने शोर मचाना शुरू किया तो आसपास के लोग आवाज सुन घटना स्थल पर पहुचे जिससे बाइक सवार हमलावर मोके से फरार हो गए। राहगीरो ने 108 पर सूचना दी एम्बुलेंस के माध्यम से नारसन समुदाय स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

## आपस में झगड़ा कर रहे आठ गिरफ्तार

**मंगलौर।** मामूली बात को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे 8 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिनके विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम नजरपुरा मे कुछ व्यक्ति आपस मे बच्चो के बैठने को लेकर कर मारपीट कर रहे हैं सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी बलवीर सिंह पुलिस बल को साथ लेकर मौके पर पहुंने जहां पर आरोपी आपस में मारपीट कर रहे थे जिनको पुलिस टीम ने काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन आरोपी आमदा फसाद रहे मौके पर शान्ति भंग की आशंका को देखते हुए 8 आरोपियों को मौके से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम VAREESH से बदल कर VAREES कर लिया है। इसलिए भविष्य में मुझे VAREES के नाम से ही जाना, पहचाना, पढ़ा-लिखा व समझा जाये।
VAREES S/O RIZWAN
R/O 99, DHANDHERA, PO DHANDHERA,
HARIDWAR,
UTTARAKHAND. 247666

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सं. बी-2033 : 5-90069-000771 दिनांक 30-01-2023 में नाम अनामा गिरी दर्ज है अब मैंने अपनी पुत्री का नाम बदलकर आयुषी गिरी (AAYUSHI GIRI ) रख लिया है भविष्य में मेरी पुत्री को आयुषी गिरी ( AAYUSHI GIRI) के नाम से ही जाना, पहचाना, पढ़ा लिखा व दर्ज किया जाए।
मनीष गिरी पुत्र नरेश गिरी नि.
टोडा कल्याणपुर तहसील
रुड़की, हरिद्वार।

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र जावेद व उसकी पत्नी सबिया का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने जावेद व सबिया को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध-विच्छेद कर लिया है। आज के बाद उक्त दोनों के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
मौ. मोहतसीम पुत्र मौ. यासीन नि . ग्राम बहबपुर छांगामाजरी, तहसील भगवानपुर, जनपद हरिद्वार।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम परवीन बानो (Parven Bano) दर्ज है जबकि मेरा पूरा व सही नाम बानो परवीन (Bano Parveen) है इसलिए भविष्य में मुझे मेरे सही नाम बानो परवीन (Bano Parveen) के नाम से ही जाना, पहचाना, पढ़ा लिखा व दर्ज किया जाए।
श्रीमती बानो परवीन (Bano Parveen) पत्नी मेहरबान अली (Meherban Ali) नि. म. नं. 123 नेहरू नगर रुड़की, हरिद्वार पिन. 247667 आधार नं. 5535-1211-2452

## युवक के साथ गाली गलौज-मारपीट

**झबरेड़ा।** कस्बा नई मंडी निवासी रविंद्र कुमार द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि वह बुधवार रात्रि लगभग 10:00 बजे खाना खाने के बाद घर से बाहर सड़क पर टहल रहा था। उसी समय वहां पर उसी का पड़ोसी विनोद कुमार आ गया तथा बिना किसी बात के उसे गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई। उसने शोर मचाया तो कुछ मोहल्ले के लोगों के आने पर भाग गये।

# राजकीय महाविद्यालय में छात्रों को सामान्य जनमानस व रक्तदान के प्रति किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** राजकीय महाविद्यालय गुरुवार को विद्यार्थियों और सामान्य जनमानस में रक्तदान के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० प्रेमलता कुमारी की अध्यक्षता में किया गया।

इस दौरान डॉ० राम भरोसे ने पीपीटी के माध्यम से बच्चों को रक्तदान से सम्बंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि रक्तदान महादान है और इसका कोई विकल्प नहीं है। युवाओं को आगे आकर समाज के लिए निःस्वार्थ भाव से रक्तदान करना चाहिए। कु. रजनी आर्य ने हमारे रक्त को कैसे बढ़ाया जा सकता है जैसे हरी पत्तेदार सब्जियों, अनार, गाजर, चुकंदर, और आयरन युक्त आहार का सेवन करके। उन्होंने छात्रों को यह संदेश दिया कि अगर वे अपने खानपान को संतुलित रखें तो न केवल उनका रक्त स्वस्थ रहेगा बल्कि वे समाज की सेवा हेतु रक्तदान करने में भी सक्षम बनेंगे वही कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ० तीर्थ प्रकाश ने कहा कि प्रत्येक युवा को वर्ष में कम-से-कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए, ताकि आपातकालीन स्थितियों में किसी की जान बचाई जा सके। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० प्रेमलता कुमारी ने कहा कि रक्तदान



केवल एक सामाजिक कर्तव्य ही नहीं बल्कि मानवता की सेवा का श्रेष्ठतम कार्य है। इस कार्यक्रम में अभिनव, प्राची, पायल, समरेज, मयंक, अनिरुद्ध, आस मोहम्मद, अनुज, देवांश, दीपक कुमार, करतार सिंह, निखिल, कुलवीर, मोहम्मद अब्बास आदि सम्मिलित थे। इनके साथ ही अन्य अनेक छात्र-छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## पार्षद प्रतिनिधि के निगम कर्मी से

# अभद्रता करने पर कर्मचारियों की हड़ताल

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** नगर निगम स्ट्रीट लाइट के कर्मचारी द्वारा पार्षद के देवर पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। मामले में नगर निगम के कर्मचारी कार्यालय बंद करके हड़ताल पर चले गए।इसके साथ ही कर्मचारियों ने शुक्रवार से शहर की सफाई व्यवस्था ठप किए जाने की चेतावनी दी है।

रुड़की नगर निगम में स्ट्रीट लाइट का काम देखने वाले कर्मचारी सावन ने बताया कि आज सुबह वार्ड नंबर 36 से पार्षद के देवर साहिल नगर निगम में आए और उन्होंने वार्ड की लाइटें देखने को कहा। सावन के अनुसार बीते रोज पूरे दिन उसी वार्ड में उन्होंने काम किया था तो आज दूसरे वार्ड में काम शुरू कर दिया था। सावन के अनुसार उन्होंने अगले दिन वार्ड में काम करने की बात कही तो साहिल भड़क गया और गाली गलौज करते हुए अभद्रता शुरू कर दी। सावन के अनुसार उन्होंने बात संगठन के अध्यक्ष धनप्रकाश को बताई। जिसके बाद नगर निगम कर्मचारियों ने कार्यालय में तालाबंदी करते हुए हड़ताल की घोषणा कर दी। वहीं सभागार में बैठक के दौरान निर्णय लिया



गया कि जब तक पार्षद के देवर सार्वजनिक माफी नहीं मांगेंगे तो निगम के कर्मचारी काम नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि शुक्रवार से शहर की सफाई व्यवस्था ठप कर दी जाएगी।

# देर आयद, दुरुस्त आयद

संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन ऑनलाइन गेमिंग बिल को राज्यसभा में पास कर दिया गया। सरकार को देर से ही सही, लेकिन लोगों के पैसों को सुरक्षित रखने के लिए बिल लाना ही पड़ा, क्योंकि यह लत देश के लोगों की आर्थिक स्थिति को खराब कर रही थी, जिसकी वजह से हर चौथे घर में झगड़े होते रहते हैं। अब देखना यह है कि सरकार इस बिल को किस प्रकार अमल में लाती है और इसकी जिम्मेदारी किसको दी जाती है। अगर इस बिल का सही क्रियान्वयन हुआ, तो यह लोगों के लिए अच्छा साबित होगा और यदि किसी ऐसे अधिकारी को इसकी जिम्मेदारी दी गई, जो भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ है, तो इस बिल की आड़ में और ज्यादा भ्रष्टाचार पनपने लगेगा, इसलिए सरकार को सोच-समझकर कदम उठाना है।

सत्र की शुरुआत 21 जुलाई से हुई थी। दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर इस सत्र में बहुत कम कामकाज हुआ है। एक महीने लंबे सत्र के दौरान लोकसभा ने 12 और राज्यसभा ने 15 विधेयक पास किए, लेकिन बार-बार व्यवधान, स्थगन और बायकॉट जारी रहा। आखिरी दिन की कार्यवाही के दौरान सदन में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित किया गया था, लेकिन सिर्फ 37 घंटे ही चर्चा हो सकी। इसके साथ लोकसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इस बिल का मकसद ऑनलाइन मनी गेम्स और सट्टेबाजी पर पूरी तरह से बैन लगाना और ई-स्पोर्ट्स व सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है। हर साल करीब 45 करोड़ लोग इन ऑनलाइन मनी गेम्स के चक्कर में फंसकर 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक गंवा देते हैं। केंद्र सरकार ऑनलाइन गेमिंग से लोगों को हो रहे वित्तीय और सामाजिक नुकसान को रोकने के लिए यह बिल लाई है। इसका नाम प्रमोशन एंड रेग्युलेशन आफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 है। हर साल करीब 45 करोड़ लोग ऑनलाइन मनी गेम्स के जाल में फंसकर नुकसान उठाते हैं। इन गेम्स की लत सिर्फ पैसों का नुकसान ही नहीं, बल्कि एक सामाजिक संकट बन चुकी है।

एक अनुमान के अनुसार इन गेम्स की वजह से आम लोगों को हर साल करीब 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। इसकी लत की वजह से सैकड़ों परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। कई तो आत्महत्या और हिंसा जैसा गंभीर कदम भी उठा लेते हैं। ऑनलाइन गेम ने देशभर में युवाओं को पूरी तरह से जकड़ लिया है। बर्बादी का ऑनलाइन खेल इन दिनों इंटरनेट पर खुलेआम चल रहा है। इसके अलावा गेम के द्वारा ऑनलाइन पैसा कमाने का धंधा भी जोरों पर है। खुलकर कहा जाए तो ऑनलाइन गेम खेलने का धन्धा कह सकते है। इंटरनेट का ज्ञान रखने वाले लड़के हो या लड़की इसी तरह से पैसा कमाने के लिए अग्रसर हो रहे है। हालंकि मिडल क्लास के पास इतने पैसे नहीं होते हैं कि वह महंगा मोबाइल फोन लैपटॉप और रिचार्ज का पैसा उपलब्ध करा सके। इसलिए अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ये गलत काम करने के लिए प्रेरित होते हैं और अंतत: आज की युवा पीढ़ी गलत रास्ते पर चलने लगती है और शॉर्टकट से पैसा कमाने के लिए इन ऑनलाइन गेम का सहारा लेती है।

## डर सबको लगता है



एक्सियम मिशन के तहत हम इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में दो हफ्ते रहे, मैं मिशन पायलट था, मैं कमांडर था मैं सिस्टम को कमांड कर रहा था, आईएसएस में दो हफ्ते के दौरान हमने कई एक्सपेरिमेंट किए। कुछ तस्वीरें लीं, इसके लिए हमने कई ट्रेनिंग ली, यह एक अलग ही अनुभव था, अगर हम कहें कि डर कभी नहीं लगता, ये कहना गलत होगा, डर सबको लगता है, लेकिन हमारे पीछे एक भरोसेमंद टीम होती है, जिसे हम अपनी जिंदगी सौंप देते हैं, ह्यूमन स्पेस मिशन को अंजाम देने का फायदा सिर्फ ट्रेनिंग तक ही सीमित नहीं है, वहां रहकर जो अतिरिक्त ज्ञान हमें मिलता है, वह अमूल्य है।

**-शुभांशु शुक्ला**
**इंडियन एस्ट्रोनाट**

# विश्वास की परीक्षा





**एस.वाई. कुरैशी**

चुनाव आयोग की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता रही है। यदि लोगों का भरोसा कम होता है, तो लोकतंत्र कमजोर पड़ सकता है।

पारदर्शिता को लेकर कोई समझौता न करते हुए चुनाव आयोग को फिर से अपने सबसे कठोर, सबसे निष्पक्ष स्वरूप में लौटना होगा। विश्वास पुन: अर्जित करने के लिए, चुनाव आयोग को हर नाम, हर बदलाव और हर मतदाता सूची संशोधन के पीछे के कारणों को सार्वजनिक रूप से साझा करना होगा। मतदाता सूची का सही और पारदर्शी प्रबंधन लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य है। चुनाव आयोग का आदर्श वाक्य होना चाहिए, हर वोट मायने रखता है, हर वोटर मायने रखता है।

स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की जीवनरेखा हैं, और मतदाता सूची उसका मूल आधार है। यदि सही, सटीक, अद्यतन और विश्वसनीय मतदाता सूची नहीं हो, तो लोकतंत्र गंभीर खतरे में पड़ सकता है। विशेष रूप से हमारे जैसे विशाल और विविध देश में, जहां मतदाताओं की संख्या 96 करोड़ से अधिक है, मतदाता सूची का सटीक और निरंतर अद्यतन एक असाधारण तार्किक और लोकतांत्रिक अभ्यास है। यह एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत का व्यावहारिक रूप है।

भारत का चुनाव आयोग ECI, जिसे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का संवैधानिक दायित्व सौंपा गया है, दशकों से इस जिम्मेदारी को निभा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी बार-बार यह दोहराया है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव मूलभूत संवैधानिक अधिकार हैं और मतदाता सूची की सटीकता इस प्रक्रिया की आत्मा है।

पारदर्शिता हमेशा से चुनाव आयोग का मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है। मतदाता सूची सभी के लिए खुली रहती है, आपत्तियों के लिए आमंत्रित किया जाता है और सभी हितधारकों को भाग लेने का अवसर दिया जाता है। चुनाव आयोग का यह खुलापन इसे वर्षों से भारी सार्वजनिक भरोसा दिलाता रहा है। सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज CSDS द्वारा 2000-2009 के बीच किए गए सर्वेक्षणों में, चुनाव आयोग को भारत की सबसे भरोसेमंद सार्वजनिक संस्था पाया गया, जिसकी विश्वसनीयता 85-87 प्रतिशत तक रही। 2007 का एक महत्वपूर्ण प्रयोग SAD मतदाता, मतदाता सूची प्रबंधन में सबसे उल्लेखनीय प्रयोगों में से एक 2007 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के दौरान हुआ। उस समय चुनाव आयोग ने एक नई समस्या का समाधान करने के लिए एक अभिनव तरीका अपनाया। समस्या थी SAD - Shifted Absent Dead, यानी स्थानांतरित, अनुपस्थित और मृत मतदाता। इन्हें हटाना विवाद और गड़बड़ी का कारण बन सकता था, इसलिए चुनाव आयोग ने इनके नाम हटाने की बजाय एक अलग सूची बनाई। इस सूची के मतदाताओं को एक विशेष पहचान दी गई और उन्हें मतदान केंद्र पर सत्यापन के बाद ही वोट डालने की अनुमति दी गई। इन लोगों की जिम्मेदारी प्रेसाइडिंग ऑफिसर को दी गई। जब SAD मतदाता मतदान करने आते, तो अधिकारी उनके कागजातों की जांच करता और फिर तय करता कि उन्हें वोट डालने की अनुमति दी जाए या नहीं। इस प्रक्रिया से 2007 का प्रयोग बहुत सफल रहा। गुजरात में SAD मतदाताओं में से 42 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे, जिससे स्पष्ट हुआ कि यह प्रभावी था।

**2011 से आगे- राष्ट्रीय मतदाता दिवस**

2011 में चुनाव आयोग ने 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाना शुरू किया। इसका उद्देश्य था लोकतंत्र की भावना को बढ़ावा देना और मतदाता भागीदारी में सुधार लाना। हर साल, नए मतदाताओं को शामिल करना और जागरूक बनाना आयोग की प्राथमिकता रही है। हाल के वर्षों में, चुनाव आयोग ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया, स्पेशल समरी रिवीजन SSR इस प्रक्रिया के तहत हर साल मतदाता सूची को अपडेट किया जाता है। लेकिन 2023-24 में, बिहार की मतदाता सूची से जुड़े एक विवाद ने चुनाव आयोग की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए। रिपोर्टों के अनुसार, बिहार की मतदाता सूची में संशोधन के दौरान 65 लाख नामों को हटाया गया, जिनमें से 22 लाख दोहराए गए, 36 लाख स्थाई रूप से गुम हो गए और 7 लाख संदिग्ध डुप्लीकेट पाए गए। इससे लोगों के बीच चिंता और अविश्वास फैल गया।

जब इन परिवर्तनों पर जनता को स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई, तो पारदर्शिता पर प्रश्न उठे। अंतत: 14 अगस्त 2024 को चुनाव आयोग को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना पड़ा कि बिहार की मतदाता सूची से 65 लाख नाम हटाए गए हैं, लेकिन फिर भी नामों की विस्तृत सूची, कारण और सत्यापन के आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए गए।

**विश्वास बहाल करने की आवश्यकता**

चुनाव आयोग की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता रही है। यदि लोगों का भरोसा कम होता है, तो लोकतंत्र कमजोर पड़ सकता है। पारदर्शिता को लेकर कोई समझौता न करते हुए चुनाव आयोग को फिर से अपने सबसे कठोर, सबसे निष्पक्ष स्वरूप में लौटना होगा। विश्वास पुन: अर्जित करने के लिए, चुनाव आयोग को हर नाम, हर बदलाव और हर मतदाता सूची संशोधन के पीछे के कारणों को सार्वजनिक रूप से साझा करना होगा। मतदाता सूची का सही और पारदर्शी प्रबंधन लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य है। चुनाव आयोग का आदर्श वाक्य होना चाहिए, हर वोट मायने रखता है, हर वोटर मायने रखता है।

(लेखक पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

# कॉफी पाउडर में कॉकरोच: मन में बढ़ता संकट

**कॉफी पाउडर में कॉकरोचों की मिलावट और अन्य खाद्य पदार्थों में पशु-आधारित सामग्री का मिश्रण न केवल एक स्वास्थ्य संकट है, बल्कि यह शाकाहारी लोगों के विश्वास और मूल्यों पर भी हमला है। यह समय है कि हम खाद्य मिलावट के खिलाफ एकजुट हों और अपने भोजन की शुद्धता और सुरक्षा को सुनिश्चित करें। सरकार, खाद्य कंपनियों और उपभोक्ताओं को मिलकर इस समस्या का समाधान करना होगा ताकि हमारा भोजन और पेय न केवल स्वादिष्ट हो, बल्कि शुद्ध और नैतिक भी हो। कॉफी का एक कप हमें ताजगी और खुशी देता है, और यह हमारा अधिकार है कि यह शाकाहारी और सुरक्षित रहे।**



**रजनीश कपूर**

भारत में कॉफी और चाय न केवल एक पेय हैं, बल्कि यह हमारे सामाजिक मेलजोल और रोजमर्रा की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। सुबह की ताजगी हो या दोस्तों के साथ गपशप, कॉफी का एक कप हमें जोड़ता है। लेकिन क्या हो अगर यह कॉफी, जिसे हम शुद्ध और शाकाहारी मानते हैं, वास्तव में शाकाहारी न हो? हाल ही में सोशल मीडिया में कुछ खबरों और अध्ययनों ने यह चौंकाने वाला खुलासा किया है कि कॉफी पाउडर में कॉकरोच जैसे कीड़ों की मिलावट हो सकती है। यह न केवल खाद्य सुरक्षा का सवाल उठाता है, बल्कि उन लाखों शाकाहारी लोगों के विश्वास को भी तोड़ता है जो अपने आहार को लेकर सजग रहते हैं। पेयों और खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट की समस्या एक गंभीर मुद्दा है जिसे हल्के में नहीं लेना चाहिए।

कॉफी पाउडर में कॉकरोच की मौजूदगी का विचार ही किसी के लिए भी घृणित हो सकता है। लेकिन यह केवल एक डरावनी कहानी नहीं, बल्कि एक वास्तविकता है जो खाद्य प्रसंस्करण और गुणवत्ता नियंत्रण की कमियों को उजागर करती है। कुछ अध्ययनों और उपभोक्ता शिकायतों के अनुसार, सस्ते और निम्न गुणवत्ता वाले कॉफी पाउडर में कीड़े, कॉकरोचों के अवशेष और अन्य अशुद्धियां पाई गई हैं। यह समस्या विशेष रूप से उन ब्रांडों में देखी गई है जो लागत कम करने के लिए निम्न गुणवत्ता वाले कच्चे माल का उपयोग करते हैं या जिनके उत्पादन इकाइयों में स्वच्छता मानकों का पालन नहीं होता। कॉकरोच जैसे कीड़े न केवल कॉफी को अशुद्ध करते हैं, बल्कि इसे शाकाहारी पेय की श्रेणी से बाहर भी ले जाते हैं। भारत जैसे देश में, जहां शाकाहार न केवल एक आहार है, बल्कि एक धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्य भी है, यह एक गंभीर मुद्दा है। शाकाहारी लोग अपने भोजन और पेय में पशु-आधारित सामग्री से बचते हैं, लेकिन ऐसी मिलावट उनकी पसंद और विश्वास का उल्लंघन करती है। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरा है, बल्कि नैतिकता और विश्वास का भी सवाल है। वहीं यदि कोई कॉफी के साबुत बीन्स को स्वयं ही पीस कर कॉफी बनाए तो उसमें मिलावट का डर नहीं रहता। कॉफी पाउडर में कॉकरोचों की मिलावट केवल एक उदाहरण है। खाद्य पदार्थों में मिलावट की समस्या भारत में लंबे समय से चली आ रही है। दूध, मसाले, शहद, घी और यहां तक कि अनाज जैसे रोजमर्रा के खाद्य पदार्थ भी मिलावट का शिकार हैं। उदाहरण के लिए, दूध में पानी, यूरिया या डिटर्जेंट मिलाने की खबरें आम हैं। मसालों में कृत्रिम रंग, चूरा या ईंट का पाउडर मिलाया जाता है। शहद में चीनी का सिरप और घी में वनस्पति तेल की मिलावट कोई नई बात नहीं है। इनमें से कई मिलावटें न केवल शाकाहारी भोजन को प्रभावित करती हैं, बल्कि कुछ मामलों में पशु-आधारित सामग्री भी शामिल हो सकती हैं। उदाहरण के लिए, कुछ सस्ते घी ब्रांडों में पशु वसा द्धंदपउंसजिक्र की मिलावट भी पाई गई है, जिसे शाकाहारी लोग पूरी तरह से अस्वीकार करते हैं। इसी तरह, कुछ मिठाइयों और बेकरी उत्पादों में अंडे या पशु-आधारित जेलाटिन का उपयोग होता है, जिसे पैकेजिंग पर स्पष्ट रूप से नहीं बताया जाता। यह शाक. ाहारी उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ा धोखा है, जो अपने भोजन को लेकर सावधानी बरतते हैं। मिलावट का प्रभाव केवल स्वाद या गुणवत्ता तक सीमित नहीं है, यह स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। कॉकरोच और अन्य कीड़े बैक्टीरिया और रोगजनकों के वाहक हो सकते हैं, जो कॉफी के सेवन से पेट की बीमारियों, एलर्जी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। इसके अलावा, मिलावटी खाद्य पदार्थों में रासायनिक पदार्थों का उपयोग, जैसे कृत्रिम रंग या संरक्षक, दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे कैंसर, गुर्दे की बीमारी और हृदय रोगों को जन्म दे सकता है।

नैतिक दृष्टिकोण से, यह उपभोक्ताओं के साथ विश्वासघात है। शाकाहारी लोग अपने आहार को लेकर इसलिए सजग रहते हैं क्योंकि यह उनकी धार्मिक, सांस्कृतिक या पर्यावरणीय मान्यताओं का हिस्सा है। जब उन्हें पता चलता है कि उनके द्वारा खाया या पिया गया भोजन शाकाहारी नहीं है, तो यह उनके विश्वास और मूल्यों पर चोट करता है। इसके अलावा, यह खाद्य कंपनियों और नियामक संस्थानों पर सवाल उठाता है कि वे उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा क्यों नहीं कर पा रहे हैं।

मिलावट की समस्या के कई कारण हैं। पहला, लागत कम करने की होड़ में कुछ निर्माता निम्न गुणवत्ता वाले कच्चे माल का उपयोग करते हैं और स्वच्छता मानकों की अनदेखी करते हैं। दूसरा, खाद्य सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन न होना और निरीक्षण की कमी। तीसरा, उपभोक्ताओं में जागरूकता की कमी, जिसके कारण वे सस्ते और मिलावटी उत्पादों को खरीद लेते हैं। इस समस्या का समाधान तभी संभव है जब सभी हितधारक मिलकर काम करें। सरकार को खाद्य सुरक्षा मानकों को और सख्त करना चाहिए और नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करना चाहिए। खाद्य कंपनियों को पारदर्शिता बरतनी चाहिए और अपने उत्पादों की सामग्री को स्पष्ट रूप से पैकेजिंग पर उल्लेख करना चाहिए। उपभोक्ताओं को भी जागरूक होना होगा और विश्वसनीय ब्रांडों को चुनना होगा। इसके अलावा, शाकाहारी लोग अपने भोजन की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए घर पर कॉफी बीन्स को पीसने या प्रमाणित शाकाहारी उत्पादों का उपयोग करने जैसे विकल्प चुन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खंडहरों में फलस्तीन: युद्ध की असहनीय कीमत



**के.सी. त्यागी**

जैसे-जैसे राजनीतिक अस्थिरता गहराती जा रही है और वैश्विक शक्तियां गाजा के भविष्य पर बहस कर रही हैं, लाखों फलस्तीनी अनिश्चित और भयावह भविष्य का सामना कर रहे हैं। 7 अक्टूबर 2003 को हमास लड़ाकों ने सफलतापूर्वक इजराइल पर एक बड़ा हमला किया, लेकिन इसकी जो कीमत फिलिस्तीनियों को चुकानी पड़ रही है, वह दिल दहला देने वाली है। इस युद्ध से हुई तबाही से उबरने में फिलिस्तीन को सदियों लग सकते हैं। यह युद्ध 15 महीनों से अधिक समय तक चला, और संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, फलस्तीन को फिर से बनाने में 350 से अधिक वर्ष लग सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक, सिर्फ पहले चार महीनों में हुए नुकसान की कीमत लगभग 18.5 अरब डॉलर आंकी गई है। फिलहाल, गाजा की लगभग 69 प्रतिशत संरचनाएं या तो पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हैं। केवल गाजा क्षेत्र में 50 मिलियन टन से अधिक मलबा जमा हो चुका है, जिसे साफ करने में भी 15 साल से अधिक का समय लग सकता है। संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक की रिपोर्टों के अनुसार, गाजा में जमा मलबा मिस्र के ग्रेट पिरामिड ऑफ गीजा के आकार से लगभग 12 गुना बड़ा है। यदि प्रतिदिन 100 ट्रक लगातार मलबा साफ करें, तब भी इसे पूरी तरह हटाने में 15 साल से अधिक का समय लगेगा।



**मानव जीवन की भयावह कीमत**

गाजा में तबाही के कारण तीन पीढ़ियां अपने स्थाई घर खो चुकी हैं और उन्हें लंबे समय तक विस्थापित रहना होगा। अब तक 58,000 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जिनमें 44 प्रतिशत बच्चे हैं। जो बच्चे जीवित बचे हैं, वे भी बेहद खराब परिस्थितियों में जीवन जी रहे हैं। वे लगातार बीमारियों, तनाव, आघात, अवसाद और भय से जूझ रहे हैं। फिलिस्तीन के बच्चों पर किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 96 प्रतिशत बच्चों ने कहा कि वे अब जीवित नहीं रहना चाहते। जिन बच्चों ने 16 वर्ष की आयु पूरी की, उनमें 72 प्रतिशत लड़कियां और 68 प्रतिशत लड़के आत्महत्या के विचार व्यक्त करते हैं। नीदरलैंड्स की एक संस्था वर्ल्ड चाइल्ड अलायंस ने रिपोर्ट दी है कि 92 प्रतिशत माता-पिता ने अपने बच्चों को लगातार हिंसा और युद्ध से बचाने में असमर्थता व्यक्त की है।

**अर्थव्यवस्था का पतन**

विश्व बैंक का अनुमान है कि केवल पहले चार महीनों में गाजा की अर्थव्यवस्था को जितना नुकसान हुआ, वह वेस्ट बैंक और गाजा की संयुक्त वार्षिक अर्थव्यवस्था के बराबर है। प्रमुख सड़कें गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, पानी और बिजली की आपूर्ति ठप हो चुकी है, और अस्पतालों की कार्यक्षमता पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है।

**राजनीतिक अस्थिरता और वैश्विक प्रतिक्रिया**

इस स्थिति ने फिलिस्तीन के भीतर राजनीतिक उथल-पुथल पैदा कर दी है। फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतएह ने इस्तीफा दे दिया और अपने इस्तीफे में स्वीकार किया कि गाजा के लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के नेतृत्व में किए गए सैन्य अभियानों और इजराइल के हमलों ने इस मानवीय संकट को और गहरा बना दिया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रस्तावित युद्धविराम संकल्प का समर्थन 158 देशों ने किया, लेकिन जमीनी हालात में कोई बदलाव नहीं आया। गाजा के पुनर्निर्माण में अब अरब देशों, यूरा. ेपीय संघ और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है, लेकिन राजनीतिक टकराव और प्रतिबंध पुनर्निर्माण को धीमा कर रहे हैं।

**रोजगार, विस्थापन और भुखमरी**

हमास के हमले के बाद इजराइल ने लगभग 80,000 फिलिस्तीनी मजदूरों के परमिट रद्द कर दिए, जिससे बेरोजगारी 40 प्रतिशत तक पहुंच गई। वहीं, मुद्रास्फीति 3.6 प्रतिशत बढ़ गई और भोजन तथा ईंधन की कीमतें दोगुनी हो गईं। इसके अलावा, अमेरिका और यूरोपीय देशों ने गाजा के लिए वित्तीय सहायता सीमित कर दी है। इसने मानवीय संकट को और भी गंभीर बना दिया है। गाजा में स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ध्वस्त हो चुकी हैं, अस्पतालों में दवाइयां नहीं हैं, और लोग भूख से मर रहे हैं।

**क्षेत्रीय तनाव और वैश्विक कूटनीति**

कई अरब देश, जैसे सऊदी अरब, कतर, जॉर्डन और तुर्की, इजराइल के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। वहीं, अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य पश्चिमी देश हमास के खिलाफ खड़े हैं। यह राजनीतिक विभाजन गाजा संकट को और भी जटिल बना रहा है। अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक इजराइल और फिलिस्तीन के बीच एक व्यापक शांति समझौता नहीं होता, तब तक यह संकट और गहराता जाएगा। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि यदि गाजा में पुनर्निर्माण और राहत कार्य तुरंत शुरू नहीं हुए, तो आने वाले वर्षों में मानवीय त्रासदी और भी भयावह हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत नहीं, चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार

## जयशंकर ने अमेरिका और यूरोप पर साधा निशाना

**मास्को।** विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा हम रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार नहीं हैं, चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। हम एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार भी नहीं हैं, वह यूरोपीय संघ है। 2022 के बाद रूस के साथ व्यापार में सबसे तेज बढ़त भी हमारे साथ नहीं हुई, बल्कि दक्षिण के कुछ अन्य देशों के साथ हुई है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जिसे अमेरिकी प्रशासन खुद कहता आया है कि हमें वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए हर जरूरी कदम उठाने चाहिए, जिसमें रूस से तेल खरीदना भी शामिल है। वैसे, हम अमेरिका से भी तेल खरीदते हैं और वह मात्रा बढ़ रही है। इसलिए, ईमानदारी से कहूं तो जो तर्क मीडिया की ओर से दिया गया है, वह हमें पूरी तरह से उलझाने वाला और अस्पष्ट लगता है। इससे पूर्व रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को अपने भारतीय समकक्ष एस, जयशंकर के साथ बैठक की। इस दौरान



**कहा: चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार, हम एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार भी नहीं, यूरोपीय संघ एलएनजी का सबसे बड़ा खरीदार है**

उन्होंने कहा, हमें आपको मास्को में देखकर खुशी हो रही है। मुझे पता है कि आपका कल का दिन व्यस्त था। आपने उप प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव के साथ व्यापार और आर्थिक मामलों की अंतर-सरकारी आयोग की बैठक की, जो सफल रही। लावरोव ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आज हमें राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा का अवसर मिलेगा। हम अपने संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के रूप में देखते हैं और हमें उम्मीद है कि हम इन संबंधों को पूरी तरह सही ठहराएंगे। उन्होंने आगे कहा, हम अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में एक नई व्यवस्था बनते हुए देख रहे हैं, जो एक बहुध्रुवीय व्यवस्था है। इसमें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स और जी-20 की भूमिका बढ़ती जा रही है और निश्चित रूप से संयुक्त राष्ट्र एक ऐसा मंच है, जहां सभी मौजूदा और भविष्य के शक्ति केंद्र देश आपस में सहयोग, समझौते और संतुलित दृष्टिकोण से काम कर सकते हैं। रूस ऐसे संतुलित दृष्टिकोण का समर्थन करता है। मुझे आपसे मिलकर खुशी हो रही है और मुझे आज की चर्चाओं से अच्छे परिणाम की उम्मीद है। वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, आज की बैठक हमारे लिए एक अवसर है कि हम अपने राजनीतिक संबंधों पर चर्चा करें।

### टैरिफ पर अमेरिका पर पलटवार के लिए यूरेशिया बनेगा ब्रम्हास्त्र

**मास्को।** टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिका से तनाव के बीच भारत का दोस्त रूस एक बार फिर आगे आया है। दरअसल, भारत और रूसी नेतृत्व वाले यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर वार्ता शुरू हो गई है। इस बाबत बुधवार को दोनों पक्षों ने टर्म्स आफ़ रेफरेंस पर हस्ताक्षर भी किए। यह समझौता भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के मास्को दौरे के दौरान भारत के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अजय भाडू और ईएईयू की व्यापार नीति विभाग के उप निदेशक मिखाइल चेरेकैव के बीच हुआ। इस मौके पर दोनों पक्षों ने वार्ता की औपचारिक शुरुआत की रूपरेखा और भविष्य की संगठनात्मक व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

## अमेरिका ने आईसीसी कर्मचारियों पर लगाए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में कार्यरत चार कर्मचारियों पर प्रतिबंध लगा दिए। ये लोग दोनों देशों की सहमति के बिना अमेरिकी और इज़रायली कर्मियों की जांच, गिरफ्तारी, हिरासत या मुकदमा चलाने के लिए आईसीसी द्वारा की गई कार्रवाइयों में सीधे तौर पर शामिल थे। अफ़गानिस्तान में अमेरिकी कर्मियों की आईसीसी की जांच को अधिकृत करने और इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के लिए आईसीसी द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी करने को अधिकृत करने के लिए दो आईसीसी न्यायाधीशों को नामित किया गया था।



भारत-रूस व्यापार मंच के दौरान रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव और अन्य के साथ केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

# अमेरिका की मोस्ट वांटेड महिला भारत से गिरफ्तार

**अपने ही छह साल के बेटे की हत्या का आरोप, दो करोड़ का इनाम था सिंडी राड्रिगेज सिंह पर**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने टेक्सास की एक मोस्ट वांटेड महिला को भारत से गिरफ्तार किया है। सिंडी राड्रिगेज सिंह नाम की इस महिला पर अपने ही 6 साल के बेटे बेटे नोएल रोड्रिग्ज की हत्या का आरोप है। एफबीआई के डायरेक्टर काश पटेल ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने एक्स पर बताया कि सिंडी ने अपने ठिकाने के बारे में झूठ बोला था और फिर भारत भाग गई थी। भारतीय अधिकारियों और इंटरपोल की मदद से एफबीआई ने 20 अगस्त 2025 को भारत में सिंडी को हिरासत में लिया। उसे अमेरिका वापस भेज दिया गया है, जहां उस पर कानूनी कार्रवाई होगी। सिंडी एफबीआई की टाप 10 मोस्ट वांटेड भगोड़ों की लिस्ट में शामिल थी। एफबीआई ने उनकी खबर देने वाले को 2.50 लाख डॉलर (लगभग 2 करोड़ रुपये) इनाम का ऐलान की थी। काश पटेल के मुताबिक, वह पिछले 7 महीनों में गिरफ्तार होने वाली चौथी मोस्ट वांटेड भगोड़ी है। जांच के दौरान सिंडी ने दावा किया था कि नोएल नवम्बर 2022 से अपने पिता के साथ मेक्सिको में है। लेकिन दो दिन बाद वह अपने पति अर्शदीप और छह बच्चों के साथ भारत के लिए फ्लाइट में देखी गईं, जिसमें नोएल नहीं था। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने सिंडी के गिरफ्तारी के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। टेक्सास अधिकारियों ने नवम्बर 2023 में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### यूएई ने गाजा से 155 फलस्तीनियों को सुरक्षित निकाला

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर गाजा से 155 घायल और बीमार फलस्तीनी लोगों को सुरक्षित निकाला है। यूएई की विदेश मंत्रालय ने बताया कि यूएई चिकित्सा कर्मियों ने गंभीर रूप से घायल लोगों को अबु धाबी के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती करवा दिया है, जबकि अन्य बीमारों और उनके परिजनों को एमिरेट्स ह्यूमैनिटेरियन सिटी में रखा गया है, जहां उनको आवश्यक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

### मिस्र ने गाजा में राहत सामग्री से भरे 1288 ट्रक भेजे

**काहिरा।** मिस्र ने 27 जुलाई से 17 अगस्त के बीच करेम शालोम सीमा के माध्यम से गाजा पट्टी में मानवीय राहत सामग्री से भरे 1288 ट्रक भेजे हैं। मिस्र के विदेश मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी एक सांख्यिकीय चार्ट में यह जानकारी दी गई है। चार्ट में दिखाया गया है कि राहत सामग्री से लदे लगभग 5000 ट्रक अभी भी गाजा में प्रवेश करने के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### यांगून में भूकंप के तेज झटके लगे

**यांगून।** म्यांमार के यांगून शहर में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। म्यांमार के मौसम विज्ञान एवं जल विज्ञान विभाग (डीएमएच) ने बताया कि स्थानीय समयानुसार लगभग आज पूर्वाह्न नौ बजकर 28 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए।

# भारत से रिश्ते बिगाड़ना बड़ी गलती: निक्की हेली

## संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत ने ट्रम्प को चेताया: भरोसा टूटा तो 25 साल की मेहनत खराब होगी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने भारत से संबंधों को लेकर ट्रम्प प्रशासन को चेतावनी दी है। न्यूजवीक मैगजीन में लिखे अपने आर्टिकल में निक्की कहा कि अगर भारत के साथ 25 साल में बना भरोसा टूटता है, तो यह एक रणनीतिक गलती होगी।

निक्की ने यह आर्टिकल ट्रम्प के भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ और उसके दोनों देशों के संबंध पर असर के बारे में लिखा है। उन्होंने ट्रम्प प्रशासन को सलाह दी है कि वह भारत को एक और लोकतांत्रिक साझेदार माने। भारत-अमेरिका के रास्ते अलग लेकिन मंजिल एक निक्की ने आर्टिकल की शुरुआत रीगन और इंदिरा गांधी के बीच 43 साल पहले हुए एक मुलाकात से की है। उन्होंने लिखा: जुलाई 1982 में अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने व्हाइट हाउस में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के लिए डिनर रखा था। उस समय उन्होंने कहा था कि भारत और अमेरिका दो आजाद देश हैं। कभी-कभी हमारे रास्ते अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक ही है। लेकिन चार दशक बाद आज अमेरिका-भारत संबंध मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। निक्की ने अपने आर्टिकल में आगे लिखा कि चीन पर रूस से तेल खरीदने के बावजूद कोई प्रतिबंध नहीं है, जबकि भारत पर अमेरिकी टैरिफ लगाए जा रहे हैं। हेली के मुताबिक यह दिखाता है कि अमेरिका-भारत रिश्तों पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। हेली ने कहा कि भारत ही वह देश है जो एशिया में चीन की बढ़ती ताकत को बैलेंस कर सकता है। पूर्व राजदूत ने यह भी कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही जापान को पीछे छोड़ देगा। भारत का यह उभार चीन की महत्वाकांक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक विवाद को अगर लंबे समय के लिए बढ़ाया गया, तो चीन इसका फायदा उठा लेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सीधे पीएम मोदी से बात करें और रिश्तों को फिर से पटरी पर लाएं। निक्की बोलीं: ट्रम्प प्रशासन के दो मकसद, पूरा करने के लिए भारत की जरूरत ट्रम्प प्रशासन की विदेश नीति के दो बड़े मकसद हैं। पहला चीन को पीछे छोड़ना और ताकत के जरिए दुनिया में शांति कायम करना। इन दोनों मकसद को पाने के लिए भारत के साथ रिश्ते सुधारना बेहद जरूरी है। भारत को चीन जैसा विरोधी मानकर सजा देना सही नहीं है। भारत एक लोकतांत्रिक और अहम साझेदार है। अगर अमेरिका भारत के साथ ऐसे ही टकराव जारी रखता है, तो यह रिश्तों के लिए खतरनाक होगा। एशिया में चीन की बढ़ती ताकत को रोकने में भारत ही सबसे मजबूत देश है। अगर अमेरिका ने इस साझेदारी को कमजोर कर दिया तो यह एक बड़ी रणनीतिक भूल होगी। अभी के समय में भारत की अहमियत और भी बढ़ जाती है।



**निक्की ने यह आर्टिकल ट्रम्प के भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ व उसके दोनों देशों के संबंध पर असर के बारे में लिखा**

## अमेरिका के मशहूर जज फ्रैंक कैप्रियो का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मशहूर जज फ्रैंक कैप्रियो का बुधवार को निधन हो गया। वे 88 साल के थे। कैप्रियो लंबे समय से पैंक्रियाटिक कैंसर से लड़ रहे थे। उनके परिवार ने इंस्टाग्राम पर उनकी मौत की जानकारी दी। कैप्रियो अपने कोर्ट शो 'काट इन प्रोविडेंस' से दुनियाभर में मशहूर हुए। यह शो 2018 से 2020 तक चला और कई डेटाइम एमी अवार्ड्स के लिए नामिनेट हुआ। उनकी दया और इंसानियत भरे फैसलों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहे हैं। उन्होंने कई बार गरीब परिवारों के चालान माफ किए और लोगों को हौसला बढ़ाया। जज फ्रैंक कैप्रियो के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। उनके इंस्टाग्राम पर उनके 34 लाख फालोअर्स हैं। उनके वीडियो को ऑनलाइन अरबों बार देखा गया। कैप्रियो ने रविवार को ही इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया था।

# इमरान खान को मिली आठ मामलों में जमानत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 9 मई 2023 के दंगों से जुड़े 8 मामलों में जमानत दे दी। इमरान खान के समर्थकों ने 9 मई को रावलपिंडी में सेना के जनरल हेडक्वार्टर्स (जीएचआईक्यू) और लाहौर में सैन्य अधिकारियों के घर पर हमला किया था। इमरान खान पर आरोप था कि उन्होंने इस दंगे की साजिश रची थी।

इमरान की जमानत का फैसला मुख्य न्यायाधीश याह्या अफरीदी की अगुआई वाली तीन जजों की बेंच ने सुनाया। इमरान फिलहाल रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। कोर्ट के इस फैसले के बाद भी इमरान जेल से रिहा नहीं होंगे, क्योंकि उनके खिलाफ कई अन्य मामले लंबित हैं और वे 50 अरब पाकिस्तानी रुपये के भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं। इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। लाहौर की एक काउंटर टेररिज्म अदालत ने नवम्बर 2024 में इमरान को इन मामलों में जमानत देने से इन्कार कर दिया था। इसके बाद, लाहौर हाई कोर्ट ने भी 24 जून को उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इमरान खान ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। इमरान की तरफ से वकील ने दलील दी थी कि दंगों के वक्त वे नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो (एनएबी) की हिरासत में थे, इसलिए घटनाओं में शामिल होना मुमकिन नहीं था।



**मिलिट्री हेडक्वॉर्टर पर हमले का केस भी शामिल, लेकिन जेल से रिहा नहीं होंगे पूर्व पाक पीएम**

# आईसीसी और फ्रांस ने डोनाल्ड ट्रम्प को घेरा

**नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरंट जारी करने वालों जजों पर प्रतिबंध के मामले ने पकड़ा तूल**

**वाशिंगटन।** अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने फ्रांस और बेल्जियम के साथ मिलकर उसके न्यायाधीशों और अभियोजकों पर प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका की कड़ी आलोचना की है।

अमेरिका के इस कृत्य को आईसीसी ने न्यायालय की न्यायिक स्वतंत्रता पर करारा हमला करार दिया है।बुधवार को स्थानीय समयानुसार जारी एक बयान में आईसीसी ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों की चिंता किए बगैर वह अपने काम को जारी रखेगा। साथ ही आईसीसी ने अपने 125 सदस्य देशों से अंतर्राष्ट्रीय अपराधों के पीड़ितों को न्याय दिलाने में अपने कार्य के लिए निरंतर समर्थन देने के लिए भी आह्वान किया। आईसीसी ने अपने बयान में कहा कि ये प्रतिबंध निष्पक्ष न्यायिक संस्था की स्वतंत्रता पर खुला हमला है। ये प्रतिबंध न्यायालय के सदस्य देशों, नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और सबसे बढ़कर, दुनिया भर के लाखों निर्दोष पीड़ितों का अपमान हैं।

# भारत-चीन लिपुलेख दर्रे से फिर व्यापार करेंगे

## नेपाल ने सीमा विवाद को लेकर विरोध जताया, भारत बोला: यहा से 1954 से ट्रेड हो रहा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से फिर व्यापार शुरू करने पर सहमति जताई है। यह फैसला 18-19 अगस्त को चीनी विदेश मंत्री वांग ई की भारत यात्रा के दौरान हुआ। बातचीत में लिपुलेख के साथ शिपकी ला और नाथु ला दर्रों से भी कारोबार बहाल करने का फैसला लिया गया। नेपाल ने इस समझौते पर आपत्ति जताई है।

उसका कहना है कि लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी उसके क्षेत्र का हिस्सा हैं। उसने भारत और चीन से इस इलाके में कोई एक्टिविटी न करने की अपील की है। इस पर



भारत नेलिखित जवाब में कहा कि लिपुलेख के रास्ते 1954 से व्यापार हो रहा है, जो हाल के सालों में कोरोना और अन्य वजहों से रुका था। अब दोनों देशों ने इसे फिर शुरू करने का फैसला किया है। भारत का कहना है कि नेपाल के क्षेत्रीय दावे ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। ये एकतरफा दावे मान्य नहीं हैं। भारत ने नेपाल के साथ सीमा विवाद को बातचीत और डिप्लोमेसी से हल करने की इच्छा जताई है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली सितम्बर में भारत दौरे पर आएंगे। वे 31 अगस्त से 1 सितम्बर तक चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में हिस्सा लेने के बाद 16 सितम्बर को भारत पहुंचेंगे। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार, 17 अगस्त को काठमांडू पहुंचे और प्रधानमंत्री ओली, विदेश मंत्री अर्जु राणा देउबा और विदेश सचिव अमृत बहादुर राय से मुलाकात की।

## चीन ने अफगान-पाक से आतंकवाद पर की चर्चा

**काबुल।** चीन के विदेश मंत्री यांग वी ने कहा है कि आम सहमति पर आधारित व्यापक उपायों से आतंकवाद के मूल कारणों का समाधान करना चाहिए। उन्होंने यह बात यहां अफगानिस्तान और पाकिस्तान से साथ त्रिपक्षीय बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि तीनों पक्षों को सहयोग विस्तार, सुरक्षा वार्ता तंत्र, कानून प्रवर्तन और सुरक्षा सहयोग को गहरा करते हुए अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के प्रयासों को मजबूत करना चाहिए।

बिकाऊ है।
एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।
शीघ्र सम्पर्क करें-
9837333111, 9917200010

# यूक्रेन पर रूस का साल का सबसे बड़ा हमला

**574 ड्रोंस और 40 मिसाइलों के साथ बरपाया कहर**

**कीव।** यूक्रेन से संघर्ष विराम को लेकर जारी पश्चिमी देशों की कवायद के बीच रूस ने यूक्रेन पर इस साल का सबसे बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया है। यूक्रेनी वायु सेना ने इस हमले के बारे में बताते हुए कहा कि रूसी सेना ने देश के पश्चिमी इलाकों को निशाना बनाकर ज्यादातर हमले किए।

यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि रूस ने उन पर 574 ड्रोन्स और 40 मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। वहीं, यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने भी इन हमलों को लेकर बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक प्रमुख अमेरिकी इलेक्ट्रानिक्स निर्माता संस्था पर हमला किया है। रूस का ये हमला तब हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प समेत पश्चिमी देश रूस-यूक्रेन संघर्ष को रुकवाने की कोशिश में जुटे हैं। बीते हफ्ते अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के बाद सोमवार को ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक की थी। ट्रम्प ने इस बैठक के दौरान साफ किया कि वे किसी तरह के संघर्ष विराम को लागू करने की जगह सीधा शांति समझौते की तरफ जाना चाहते हैं। हालांकि, इस दौरान उनकी और यूरोपीय नेताओं में इस बात पर सहमति रही कि यूक्रेन को शांति समझौते के एवज में भविष्य के खतरों से निपटने के लिए कुछ सुरक्षा गारंटी दी जा सकती हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बाद में कहा कि अगले 10 दिन में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटियों को लेकर मंथन किया जाएगा और रूस के साथ वार्ता पर आगे चर्चा होगी।



अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com